kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-278 ❒ बुधवार, 12 नवम्बर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



भविष्य के युद्ध जमीन, वायु, समुद्री, अंतरिक्ष और साइबर क्षेत्रों में एकीकरण, नवाचार तथा बदलती परिस्थितियों में ढलने की सेनाओं की क्षमता से परिभाषित होंगे। भारतीय सेना बहु-क्षेत्रीय अभियानों की ओर तेज़ी से बढ़ रही है । उपेंद्र द्विवेदी

निठारी हत्याकांड : मुख्य दोषी सुरेंद्र कोली आजाद होगा 11
मुख्यमंत्री धामी ने जनता मिलन कार्यक्रम में सुनीं जन समस्याएं 12

# दिल्ली विस्फोट: फरीदाबाद से कश्मीर तक फैला आतंकी जाल

## पुलवामा के डॉ. उमर नबी की कार से धमाका, जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े नेटवर्क का पर्दाफाश

## दिल्ली कार विस्फोट की जांच एनआईए करेगी, दिल्ली पुलिस ने कार विस्फोट को 'बम विस्फोट' बताया

एजेंसी

नयी दिल्ली/श्रीनगर। पुलिस ने मंगलवार को लाल किला विस्फोट मामले की जांच एक संभावित आतंकवादी हमले के रूप में की और पुलवामा के एक डॉक्टर पर ध्यान केंद्रित किया जो विस्फोट में इस्तेमाल हुई कार को चला रहा था।

पुलिस ने बताया कि पुलवामा के इस डॉक्टर का संबंध फरिदाबाद स्थित आतंकवादी मॉड्यूल से था, जिसका पर्दाफाश वहां से विस्फोटक बरामद होने के बाद हुआ था। माना जा रहा है कि सोमवार शाम हुए विस्फोट में डॉ. उमर नबी की मौत हो गई है। इस विस्फोट में कम से कम 12 लोग मारे गए थे। मंगलवार को जम्मू कश्मीर पुलिस ने उमर की मां का डीएनए नमूना लिया, ताकि अवशेषों की पुष्टि हो सके। श्रीनगर में एक अधिकारी ने कहा, ''हमने विस्फोट स्थल पर मिले अवशेषों का मिलान करने के लिए भी डीएनए नमूना लिया है। गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के बाद यह मामला राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दिया गया है। लाल किले पर सोमवार शाम को हुए विस्फोट से कुछ ही घंटे पहले जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े एक ''सफ़ेदपोश'' आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश हुआ था, जिसमें तीन डॉक्टर समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था और 2,900 किलोग्राम विस्फोटक जब्त किया गया था। यह मॉड्यूल कश्मीर,



हरियाणा और उत्तर प्रदेश तक फैला हुआ था। सोमवार को गिरफ्तार किए गए लोगों में डॉ. मुजम्मिल गनई और डॉ. शाहीन सईद भी शामिल थे जो फरीदाबाद स्थित अल फला विश्वविद्यालय से जुड़े थे, जहां से 360 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया गया था। जांच अधिकारियों के अनुसार, शाहीन भारत में जैश-ए-मोहम्मद की महिला भर्ती शाखा का नेतृत्व कर रही थी। वह समूह की महिला शाखा जमात-उल-मोमिनात की प्रमुख थी। अधिकारियों ने बताया कि उमर अल फला से भी जुड़ा है और माना जा रहा है कि वह हुंदै आई20 कार चला रहा था जिसमें यह शक्तिशाली विस्फोट हुआ था। उमर ने कथित तौर पर यह आतंकी हमला इसलिए किया क्योंकि उसे डर था कि वह भी अपने साथी चिकित्सकों की तरह पकड़ा जा सकता है। उन्होंने बताया कि दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के लेथपोरा का यह डॉक्टर कथित तौर पर कार में विस्फोटक, संभवतः अमोनियम नाइट्रेट ले जा रहा था। आत्मघाती हमले की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। उसकी भाभी मुजम्मिल ने बताया कि उमर बचपन से ही अंतर्मुखी था और अपनी पढ़ाई और काम पर ध्यान केंद्रित करता था। उन्होंने बताया, ''वह फरीदाबाद के एक कॉलेज में संकाय सदस्य के रूप में काम कर रहा था। उसने शुक्रवार को फोन करके कहा कि वह परीक्षाओं में व्यस्त है और तीन दिन बाद घर लौटेगा। वह बचपन से ही शर्मीले किस्म का व्यक्ति था। उसने बताया कि वह आखिरी बार दो महीने पहले कश्मीर गया था। उसने यह भी बताया कि वह अकेला रहता था और उसके ज्यादा दोस्त नहीं थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक जांच से यह संकेत मिलता है कि लाल किले के पास हुए विस्फोट में संभवतः अमोनियम नाइट्रेट, ईंधन तेल और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया है। विस्फोट और आतंकी मॉड्यूल की जांच जारी रहने के बीच अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के एक व्यक्ति तारिक को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसने कथित तौर पर उमर मोहम्मद को हुंदै आई20 कार दी थी। दिल्ली पुलिस, एनआईए और खुफिया एजेंसियों की कई टीम दिल्ली और कश्मीर में फैल गई हैं। कश्मीर में छापेमारी के दौरान चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। इन चारों में से दो को दिल्ली विस्फोट और अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल में उनकी भूमिका के आरोप में संयुक्त पूछताछ के लिए ले जाया गया है। पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और विस्फोटक अधिनियम के तहत आतंकवादी हमला मामले की साजिश एवं ऐसे मामलों में सजा से संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया है। ● शेष पेज 11 पर

### शाह ने एनआईए को दिल्ली विस्फोट की जांच रिपोर्ट और दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ने के निर्देश दिए

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली कार विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेन्सी (एनआईए) को सौंपते हुए जांच रिपोर्ट जल्द देने तथा इसके लिए जिम्मेदार प्रत्येक दोषी को जल्द से जल्द पकड़ने के निर्देश दिए हैं। श्री शाह ने मंगलवार को यहां दो उच्च स्तरीय बैठकों में स्थिति की समीक्षा के बाद जोर देकर कहा कि इस कृत्य में शामिल हर व्यक्ति को जांच एजेंसियों के कहर का सामना करना पड़ेगा। बैठकों के बाद श्री शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा,'' दिल्ली कार ब्लास्ट के सम्बन्ध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें कीं। अधिकारियों को इस घटना के लिए जिम्मेदार हर एक दोषी को जल्द से जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। इस कृत्य में शामिल हर व्यक्ति हमारी एजेंसियों के कहर का सामना करेगा। श्री शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में विस्फोट की घटना की जांच एनआईए को सौंपने का निर्णय लिया गया। अब तक इस मामले की जांच दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा कर रही थी। सूत्रों के अनुसार श्री शाह ने एनआईए को जल्द रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। उन्होंने फोरेन्सिक प्रयोगशाला एफएसएल को घटनास्थल के नमूने की जांच करने और इनका विस्फोट में इस्तेमाल कार में बैठे लोगों के नमूनों से मिलान करने का भी निर्देश दिया।

## डॉ. परवेज के घर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी का गेट पास लगी कार मिली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ डॉक्टर का लोगो लगी बाइक भी थी, पड़ोसियों को उसके बारे में ज्यादा नहीं पता
- ❒ एटीएस और दिल्ली पुलिस की गिरफ्तारी के बाद उसने उठाया यह कदम
- ❒ शाहीन की गिरफ्तारी होते ही घर से गायब हो गया, मोबाइल भी स्विच ऑफ जा रहा
- ❒ इसको लेकर ही आतंकियों से सम्पर्क होने के शक में उसे तलाश किया जा रहा
- ❒ लखनऊ के एरा मेडिकल कालेज से वर्ष 2011 में एमबीबीएस किया था

लखनऊ। डॉ. परवेज की उम्र करीब 50 वर्ष होगी। उसने लखनऊ के गुड़म्बा स्थित इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में वर्ष 2021 में सीनियर रेजीडेंट के तौर पर नौकरी शुरू की थी। छह नवम्बर को उसने अचानक इंटीग्रल यूनिवर्सिटी से इस्तीफा दे दिया था। इसकी वजह कोई नहीं जान सका था।

पर, दिल्ली विस्फोट के बाद जब एटीएस और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार सुबह उसके मड़ियांव के मुतक्कीपुर स्थित घर पर दबिश दी तो कई तरह के कयास लगाए जाने लगे। छापे के दौरान जैसे ही पता चला कि वह फरीदाबाद में आतंकी गतिविधियों में लिप्त होने के शक में पकड़ी गई डॉ. शाहीन अंसारी का सगा छोटा भाई है, तब उस पर एटीएस का शक और बढ़ गया। बताया जाता है कि चार नवम्बर से एटीएस और दिल्ली की खुफिया एजेन्सियों ने आतंकी गतिविधियों में लिप्त लोगों की धरपकड़ शुरू की, इस पर ही उसने इसी छह नवम्बर को इंटीग्रल यूनिवसिटी से इस्तीफा दे दिया। इसके एक दिन बाद तो वह दिखा पर अब कुछ पता नहीं चला। बहन शाहीन की गिरफ्तारी के बाद मोबाइल बंद एटीएस सूत्रों का कहना है कि डॉ. परवेज अंसारी का मोबाइल 48 घंटे पहले बंद हो गया। माना जा रहा है कि शाहीन की कार से एके 47 रायफल मिलने के बाद ही वह अपने घर पर ताला लगाकर फरार हो गया। उसके पिता शाहिद ने भी बताया कि वह उनसे अलग रहता था। पड़ोसियों ने बताया कि परवेज ने पांच-छह साल पहले यह मकान खरीदा था। वह करीब दो साल पहले यहां लगातार रहने लगे थे। वह अकेले ही रहते थे। कभी-कभार एक-दो लोग उनके साथ देखे गए लेकिन वह कौन थे... इस बारे में कभी बात नहीं हुई। घर पर कार व बाइक मिली एटीएस जब पहुंची तो डॉ. परवेज के घर ताला पड़ा मिला। डॉ. परवेज के घर के बाहर सफ़ेद रंग की आल्टो ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### जल संरक्षण के लिये मीरजापुर को मिला उत्तर जोन के सर्वश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार

**लखनऊ।** योगी सरकार के नेतृत्व और स्थानीय प्रशासन की देखरेख में जल संरक्षण/संचयन के लिए हुए कार्यों की बदौलत मीरजापुर ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसी का परिणाम है कि जलशक्ति मंत्रालय द्वारा घोषित पुरस्कारों में मीरजापुर को उत्तर जोन में सर्वश्रेष्ठ जनपद घोषित किया गया है।

### इस्लामाबाद में अदालत के बाहर आत्मघाती बम विस्फोट में 12 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में मंगलवार को एक अदालत के बाहर हुए आत्मघाती बम विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गयी जबकि 20 अन्य घायल हो गए। पाकिस्तान के सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। यह हमला राजधानी के जी-11 इलाके में अदालत परिसर के प्रवेश द्वार के पास किया गया। सरकारी पाकिस्तान टेलीविजन (पीटीवी) ने बताया कि बचाव अधिकारियों को 12 शव मिले हैं। पीटीवी ने 'एक्स' पर कहा,''विस्फोट में मारे गए 12 लोगों के शवों को पाकिस्तान आयुर्विज्ञान संस्थान (पीआईएमएस) अस्पताल में भिजवाया गया है। इसने बताया कि 20 घायलों को पीआईएमएस अस्पताल के आपातकालीन विभाग में भर्ती किया गया है।

### 50 प्रतिशत से कम गणना प्रपत्र बांटने वाले 13 जिलों को चेतावनी

लखनऊ। मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए मतदाताओं को वितरित किए जा रहे गणना प्रपत्रों की प्रगति की मंगलवार को समीक्षा की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के डीएम से फॉर्म वितरण की जानकारी ली। ऐसे 13 जिले जहां पर अभी तक 50 प्रतिशत से कम गणना प्रपत्र बांटे गए हैं, उन्हें चेतावनी दी कि वह काम में तेजी लाएं। सीईओ ने गणना प्रपत्रों के वितरण की धीमी गति पर जिन 13 जिलों को चेतावनी दी उनमें लखनऊ, कानपुर नगर, मुरादाबाद, महोबा, कानपुर देहात, आगरा, उन्नाव, जौनपुर, अमरोहा, वाराणसी, मिर्ज़ापुर, देवरिया व रायबरेली शामिल है।

## बिहार में एनडीए की बहार

एजेंसी



❒ एग्जिट पोल्स में तेजस्वी का कम हुआ तेज

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव के बाद आए विभिन्न सर्वेक्षणों और एग्जिट पोल्स में एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) को स्पष्ट बढ़त मिलती नजर आ रही है। लगभग सभी प्रमुख सर्वेक्षणों में एनडीए को बहुमत से अधिक सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है, जबकि महागठबंधन (आरजेडी-कांग्रेस सहित) दूसरे स्थान पर सिमटता दिख रहा है।

चाणक्य स्ट्रेटेजीज पोल के अनुसार, एनडीए को 130 से 138 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि महागठबंधन को 100 से 108 सीटें और अन्य को 3 से 5 सीटें मिल सकती हैं। इसी तरह पीपल्स इनसाइट एग्जिट पोल ने एनडीए को 133 से 148 सीटें मिलने की संभावना जताई है। इस पोल में महागठबंधन को 87 से 102 सीटें, जनसुराज को 0 से 2 और अन्य को 3 से 6 सीटें मिल सकती हैं।

जेवीसी एग्जिट पोल ने भी एनडीए के पक्ष में रुझान दिखाते हुए उसे 135 से 150 सीटें मिलने की भविष्यवाणी की है। इस सर्वे में महागठबंधन को 88 से 103 सीटें और अन्य को 3 से 6 सीटें मिलने का अनुमान है। पोलस्ट्रैट एग्जिट पोल ने भी लगभग यही आंकड़ा पेश किया है – एनडीए 133 से 148 सीटों के बीच, महागठबंधन 87 से 102 सीटों के बीच और अन्य को 3 से 5 सीटें।

सबसे दिलचस्प अनुमान पीपल्स पल्स सर्वे का रहा, जिसमें एनडीए को सबसे अधिक 133 से 159 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। इसके अनुसार, महागठबंधन को 75 से 101 सीटें, प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी को 0 से 5 सीटें और अन्य दलों को 2 से 8 सीटें मिल सकती हैं। डीवी रिसर्च एग्जिट पोल में भी एनडीए के लिए उत्साहजनक परिणाम दिखे हैं। इसके ● शेष पेज 11 पर

## दिल्ली में ग्रैप-3 लागू, पांचवी कक्षा तक स्कूल होंगे आनॅलाइन/ऑफलाइन

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने ग्रैप- 3 लागू होने के बाद दिल्ली में पांचवी कक्षा तक के स्कूलों को आनॅलाइन/ऑफलाइन करने का निर्णय लिया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने राजधानी दिल्ली में बढते प्रदूषण के मद्देनजर मंगलवार से ग्रैप- 3 लागू कर दिया है। सीएक्यूएम ने अपने आदेश में कहा कि राजधानी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में हवा की गुणवत्ता को और बिगड़ने से रोकने के प्रयास में ग्रैप-3 के सभी उपायों को तुरंत लागू करने का फैसला किया है। दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने सीएक्यूएम के आदेश का हवाला देते हुए पांचवी कक्षा के स्कूलों को आनॅलाइन/ऑफलाइन रूप से संचालित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इसमें एनडीएमसी, दिल्ली नगर निगम और दिल्ली छावनी बोर्ड के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, गैर-सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के प्रमुखों को निर्देश दिया जाता है कि वह पांचवी कक्षा तक के बच्चों के लिए 'हाइब्रिड मोड' में कक्षाएं चलाएं। यह अगले आदेश ● शेष पेज 11 पर

## भारत-भूटान साझेदारी पूरे क्षेत्र के लिए 'मॉडल' : मोदी

### गेलेफु के पास आव्रजन प्वाइंट बनाएगा भारत

एजेंसी



थिम्पू (भूटान)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और भूटान के बीच विश्वास और विकास की साझेदारी को पूरे क्षेत्र के लिए बहुत बड़ा मॉडल बताते हुए कहा है कि दोनों देश ऊर्जा और रेल तथा सड़क संपर्क बढाने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं जिसके तहत भारत गेलेफु के पास आव्रजन चौकी भी बनाएगा।

उन्होंने कहा कि भूटान के नागरिकों के भारत आने पर उन्हें यूपीआई भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। भूटान की दो दिन की यात्रा पर मंगलवार सुबह यहां पहुंचे श्री मोदी ने भूटान के चौथे राजा की 70वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और भूटान केवल सीमाओं से नहीं, संस्कृतियों से भी जुड़े हैं। उन्होंने कहा,'' हमारा रिश्ता वैल्यूज़ का है, इमोशन्स का है पीस का है, प्रोग्रेस का है। भूटान और भारत के सशक्त तथा समृद्ध संबंधों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा ,'' भारत और भूटान के संबंध इतने सशक्त और समृद्ध हैं। हम मुश्किलों में भी साथ थे, हमने चुनौतियों का सामना भी मिलकर किया, और आज जब हम प्रोग्रेस की, प्रॉस्पैरिटी की तरफ चल पड़े हैं, तब भी हमारा साथ और मज़बूत हो रहा है। प्रधानमंत्री ने भूटान के पहला कार्बन नेगेटिव देश बनने की उपलब्धि का उल्लेख किया और कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का विस्तार करते हुए अब भूटान में भूटान में एक हज़ार मेगावॉट से अधिक की नयी पनबिजली परियोजना की शुरूआत की जा रही है। साथ ही लंबे समय से रूकी हुई एक और पनबिजली परियोजना पर भी फिर से काम शुरु ● शेष पेज 11 पर

# वंदे मातरम का विरोध करने वाले भारत माता का विरोध कर रहे हैं: योगी

### मुख्यमंत्री का तंज- शासकीय योजनाओं को हड़पने की लाइन में सबसे पहले खड़े होने वाले ही कहते हैं कि वंदे मातरम् नहीं गाएंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ मुख्यमंत्री ने बाराबंकी में 1734 करोड़ की 254 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास
- ❒ मुख्यमंत्री ने योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किया चेक व प्रमाण पत्र
- ❒ विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी किया सम्मानित
- ❒ वंदे मातरम के मार्ग की बाधा ही राष्ट्रीय एकता के मार्ग की सबसे बड़ी बाधा
- ❒ शत्रु संपत्ति पर सिर्फ भारत की सरकार व नागरिकों का अधिकार
- ❒ यह नए भारत का दिग्दर्शन कराने वाला वर्षः मुख्यमंत्री



बाराबंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्नयाथ ने मंगलवार को बाराबंकी में कहा कि वंदे मातरम का विरोध करने वाले भारत माता का विरोध कर रहे हैं।

उन्होंने तंज करते हुए कहा कि शासकीय योजनाओं को हड़पने की लाइन में सबसे पहले खड़े होने वाले ही कहते हैं कि वंदे मातरम नहीं गाएंगे। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कोई भी मत, मजहब या जाति राष्ट्र से बढ़कर नहीं हो सकती। हमारा ध्येय राष्ट्र प्रथम होना चाहिए। राष्ट्र एक है तो हम एक हैं। वंदे मातरम के मार्ग की बाधा राष्ट्रीय एकता के मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है। मुख्यमंत्री ने भारत रत्न, लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह के अंतर्गत बाराबंकी के कुर्सी विधानसभा क्षेत्र की राष्ट्रीय एकता यात्रा के शुभारंभ अवसर पर शिरकत किया। उन्होंने बाराबंकी में 1734 करोड़ की 254 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व प्रमाण पत्र वितरित किया और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया। इसके पहले मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्टॉल का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने देशवासियों से कहा कि उन चेहरों को पहचानों, जो शासकीय योजनाओं को हड़पने की लाइन में सबसे पहले खड़े होते हैं, लेकिन कहते हैं कि हम वंदे मातरम नहीं गाएंगे। राष्ट्रीय एकता के मार्ग की इन बाधाओं को दूर करना होगा। जातिवाद, परिवारवाद, क्षेत्रवाद की राजनीति, मत-मजहब के नाम पर विभाजन, समाज की दुष्प्रवृत्ति, भाई को भाई, जाति को जाति, क्षेत्र को क्षेत्र से लड़ाने के कृत्य को कतई स्वीकार नहीं करना चाहिए। वंदे मातरम का विरोध करने वाले भारत माता का विरोध कर रहे हैं मुख्यमंत्री ने तल्ख लहजे में कहा कि आज भी कुछ लोग खाएंगे हिंदुस्तान का, लेकिन वंदे मातरम नहीं गाएंगे। उनकी मंशा को समझें। वंदे मातरम का विरोध करने वाले भारत माता का विरोध कर रहे हैं। वंदे मातरम भारत माता की वंदना है। भारत माता के लिए गाए जाने वाले उस स्वर का प्रतीक है, जो अंतःकरण के भाव को व्यक्त करता है। हमने देवी के तीन रूपों (मां दुर्गा, मां सरस्वती, मां लक्ष्मी) के रूप में पूजन करके भारत और भारतीयता को आगे बढ़ाने की शक्ति अर्जित की है। हमने प्रत्येक नागरिक से आग्रह किया है कि वह वंदे मातरम से जुड़कर राष्ट्रीयता को मजबूती प्रदान करें। जिस गीत को गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर ने स्वर दिया, जिसे गाकर क्रांतिकारी फांसी के फंदे को चूमता था, भारत की एकता व अखंडता के इस गीत का विरोध किया जा रहा है। इस विरोध के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। यह नए भारत का दिग्दर्शन कराने वाला वर्ष मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नए भारत का दिग्दर्शन कराने वाला वर्ष है। इस वर्ष भारत की अखंडता के शिल्पी लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के 150 वर्ष पूर्ण हुए हैं और राष्ट्रगीत वंदे मातरम ने भी अपनी रचना के 150वें वर्ष में प्रवेश किया है। जनजाति समुदाय को नई पहचान देने वाले भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती भी है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर द्वारा जो संविधान 26 ● शेष पेज 11 पर

# इस बार ओटीएस में सरचार्ज ही नहीं, मूल बकाया भी माफ होगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- बकाया बिजली बिल वसूली के लिए एकमुश्त समाधान योजना 1 दिसंबर से होगी शुरू
- तीन चरणों में 28 फरवरी तक रहेगी जारी, बकाएदार मासिक किस्तों में कर सकेंगे भुगतान



लखनऊ। लंबे समय से बिजली के बकाया बिलों की वसूली के लिए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की घोषणा की है। यह योजना एक दिसंबर से शुरू होगी। तीन चरणों में यह 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी। खास बात यह है कि इस बार पहली बार न केवल बकाया लगने वाला ब्याज यानी सरचार्ज माफ किया जाएगा बल्कि बकाया मूलधन में भी राहत दी जाएगी।

ओटीएस को 'बिजली बिल राहत योजना-2025' बताते हुए एके शर्मा ने संगम सभागार में इसकी जानकारी दी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि योजना तीन चरणों में लागू होगी, जिसका पहला चरण एक दिसंबर से, दूसरा चरण एक जनवरी से और तीसरा चरण एक फरवरी से लागू होगा। ओटीएस के लाभभी अलग-अलग चरणों में फर्क होंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना जनता के लिए सरकार का उपहार है और जनसहभागिता से जुड़ी अभूतपूर्व पहल है। सरकार की मंशा है कि कोई भी उपभोक्ता बिजली बिल के बोझ तले दबा न रहे और साथ ही राज्य की बिजली वितरण व्यवस्था आर्थिक रूप से सुदृढ़ बने।

योजना से जहां सरकारी खजाने में राजस्व का इजाफा होगा, वहीं घरेलू व वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी। ब्याज में 100% और मूलधन में 25% की मिलेगी छूट ऊर्जा मंत्री ने बताया कि योजना के तहत अगर कोई उपभोक्ता अपना बकाया बिजली बिल एकमुश्त जमा करता है, तो उसे सरचार्ज में 100 प्रतिशत के साथ-साथ बकाए के मूलधन में 25 प्रतिशत छूट मिलेगी। मूलधन में यह छूट हर चरण में अलग-अलग होगी। पहले चरण में 25%, दूसरे चरण में 20 प्रतिशत और तीसरे चरण में 15 प्रतिशत। जो उपभोक्ता पहले पंजीकरण कर भुगतान करेंगे, उन्हें अधिक लाभ मिलेगा। मंत्री ने नागरिकों से अपील की कि वे योजना का लाभ पहले ही चरण में लेकर ज्यादा से ज्यादा लाभ लें।

# 'विजन इंडिया' के माध्यम से देश बनेगा विकसित : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को 'विजन इंडिया' का प्रारूप रखते हुए कहा कि देश में विभाजनकारी और पुरातनपंथी ताकतों से निबटने के लिए नई सोच और प्रगतिशील इरादों के साथ युवा भारत को आगे लाना है। उन्हंाने कहा कि नई पीढ़ी के सोच में सहिष्णुता प्रेम और सम्मान है। वह दयुाल और प्रगतिपंथी है।

अखिलेश यादव ने घोषणा की कि विजन इंडिया, स्टार्टअप समिट की पहली बैठक 16 नवम्बर 2025 को ताज बंगलोर, बेगलुरू, कर्नाटक में होगी। इसके मुख्य समन्वयक राजीव राय सांसद होंगे और मुख्य संयोजक पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्र होंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि भारत एक ऐसा देश बन गया है जहां लोगों को हर कदम पर मुश्किलों और संघर्षों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं का समाधान करने के लिए, हमने एक रास्ता सोचा है 'विज़न इंडिया' जो हमें एक सकारात्मक, यथार्थवादी, प्रगतिशील भविष्य की ओर ले जाएगा। ल्लविज़न इंडियाः प्लान, डेवलप और एसेंट' एक ऐसी मुहिम है जो इनोवेशन, कोलैबोरेशन और प्रोग्रेस का प्रतीक है। विज़न इंडिया के तहत देशभर में आयोजित होने वाले सम्मेलनों और सेमिनारों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य भारत के उज्ज्वल भविष्य की कल्पना को प्लान करना, महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अवसरों और संभावनाओं की पहचान करना।

श्री यादव ने कहा कि डेवलपः संवाद, साझेदारी और समाधान-आधारित तरीकों को बढ़ावा देना, जिससे हम डेवलप होकर जल्द ही विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो सकें। एसेंटः इनोवेशन और टेक्नोलॉजी का लाभ उठाते हुए एसेंट करना और अपने देश को वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाना। हम सभी को अपने 'विज़न इंडियाः प्लान, डेवलप और एसेंट' मिशन का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते जिसमें देश के अलग-अलग शहरों में भारत की विविध क्षेत्रों की प्रतिभाएं एक साथ आएंगी। इसकी शुरुआत बंगलूरू से हो रही है। हमारा उद्देश्य है सामाजिक-मानसिक सशक्तीकरण, संतुलित संवृद्धि और वास्तविक समावेशी विकास को बढ़ावा देना। हम 'सामाजिक न्याय के राज' को स्थापित करने के लिए वचनबद्ध हैं, जिसमें समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक सिद्धांतों को बरकरार रखा जाएगा। न्याय, स्वतंत्रता, समानता, भाईचारे और गरिमा जैसे मूल्यों को सुरक्षित करना चाहते हैं, जिससे सभी को समान अवसर मिलें और वे आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर शिवपाल सिंह यादव राष्ट्रीय महासचिव, माता प्रसाद पाण्डेय नेता विरोधी दल विधानसभा, लाल बिहारी यादव नेता विपक्ष विधान परिषद, राजीव राय सांसद, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलराम यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री अभिषेक मिश्रा, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## लोकतंत्र की यही पहचान, पहले करें मतदान फिर करें जलपान : केशव मौर्य

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग को लेकर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा ललोकतंत्र की यही पहचान है, पहले करें मतदान फिर करें जलपान। मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हर नागरिक का मत न केवल उसका अधिकार है, बल्कि देश और राज्य के उज्जवल भविष्य की नींव भी है। उन्होंने कहा कि आज का मतदान आने वाले पांच वर्षों की दिशा तय करेगा, इसलिए हर मतदाता को अपने घर से निकलकर मतदान केंद्र तक जरूर पहुंचना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास, सुशासन और स्थिरता के लिए एनडीए सरकार का बनना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिहार ने नई ऊँचाइयाँ छुई हैं और यह विकास यात्रा तभी जारी रह सकती है जब जनता पुनः एनडीए को आशीर्वाद दे। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बिहार का हर नागरिक अपने मत के माध्यम से परिवर्तन और प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और प्रथम बार वोट देने वालों से विशेष रूप से अपील की कि वे पूरे जोश और जिम्मेदारी के साथ मतदान करें। उन्होंने कहा, लोकतंत्र की असली ताकत जनता के मत में है। बिहार के विकास, सुशासन और हर घर की खुशहाली के लिए मतदान अवश्य करें।

## उत्तर प्रदेश में जनजाति गौरव सम्मेलनों का आयोजन करेगी भाजपा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर राज्य भर में 15 नवंबर तक विशेष कार्यक्रमों और जनजाति गौरव सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। श्री चौधरी ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि इन आयोजनों में केंद्र और राज्य सरकार के मंत्री शामिल होकर जनजातीय नायकों के योगदान को याद करेंगे। चौधरी ने कहा कि 12, 13, 14 और 15 नवंबर को पूरे प्रदेश में महापुरुषों के स्थलों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 नवंबर को सोनभद्र में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस मौके पर बड़ी जनसभा और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे, जिनमें जनजातीय समाज के इतिहास और योगदान को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।

## रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर लेसा में 5600 पद समाप्त, योगी से हस्तक्षेप की मांग

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ की बिजली व्यवस्था को बचाने के लिए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है। समिति ने आरोप लगाया है कि रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर लेसा (लखनऊ इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई एडमिनिस्ट्रेशन) में 5606 पद समाप्त कर दिए गए हैं, जिससे सभी वर्गों के बिजली कर्मियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि प्रबंधन द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, लेसा में कुल 5606 पद खत्म किए गए हैं, जिनमें 3305 संविदा कर्मियों और 2301 नियमित कर्मचारियों के पद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ललरिस्ट्रक्चरिंगळ के नाम पर यह कदम निजीकरण की तैयारी जैसा है, जो राजधानी की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह पटरी से उतार देगा। उन्होंने कहा कि इस आदेश का सबसे बड़ा असर संविदा कर्मियों पर पड़ा है। समिति के अनुसार, 15 मई 2017 के शासनादेश के मुताबिक, शहरी क्षेत्र के प्रत्येक विद्युत उपकेंद्र पर 36 कर्मचारी होने चाहिए, जबकि लखनऊ में 154 उपकेंद्र हैं। इस आधार पर 5544 संविदा कर्मियों की आवश्यकता है, लेकिन नई व्यवस्था में यह संख्या घटाकर केवल 2239 कर दी गई है, यानी 3305 कर्मियों को एक झटके में हटाया जा रहा है।

## कमिश्नरी स्तर पर जन जातीय गौरव दिवस मनायेगी भाजपा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने बताया कि भाजपा भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनायेगी। 11 से 14 नवम्बर तक भाजपा प्रदेश में जनजातीय महापुरूषों की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलायेगी। वहीं 15 नवंबर को कमिश्नरी स्तर पर पार्टी की ओर से कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मंगलवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि बिरसा मुण्डा वनवासी समाज में जन जागरण के अग्रदूत थे। उन्होंने कहा था कि अपने धर्म, धरती व अपने देवता को पहचानो। भाजपा बिरसा मुण्डा के विचारों को लेकर जन—जन तक जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व की सरकारों में राष्ट्र नायकों के योगदान को भुलाया गया। जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बने हैं, राष्ट्र नायकों के योगदान की चर्चा हो रही है।

# उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन में दर्ज हो सकती है दो प्रतिशत की बढ़ोतरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गन्ने के रकबे में मामूली गिरावट के बावजूद उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन लगभग स्थिर रहने की संभावना है। भारतीय चीनी मिल संघ के शुरुआती अनुमानों के अनुसार, 2025-26 में राज्य में चीनी उत्पादन में करीब दो प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हो सकती है।

अधिकारियों के मुताबिक़ हालांकि यह वृद्धि यूपी को देश का शीर्ष उत्पादक राज्य बनाए रखने के लिए पर्याप्त नहीं होगी, क्योंकि महाराष्ट्र में उत्पादन में भारी उछाल का अनुमान लगाया गया है। आईएसएमए ने देशभर में चीनी उत्पादन में 18.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 39 प्रतिशत तक बढ़ सकता है, जो पिछले साल की तुलना में ज़्यादा है। साल 2024-25 में उत्तर प्रदेश ने 101 लाख मीट्रिक टन चीनी का उत्पादन कर महाराष्ट्र (93.51 एलएमटी) को पीछे छोड़ दिया था। लेकिन मौजूदा सत्र (2025-26) में महाराष्ट्र की चीनी मिलें तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही हैं। आईएसएमए का अनुमान है कि महाराष्ट्र का उत्पादन बढ़कर 130 एलएमटी तक पहुंच सकता है, जो मजबूत मानसून, बेहतर जल उपलब्धता और बढ़े हुए रकबे का नतीजा है। उत्तर प्रदेश में गन्ने का रकबा घटकर 23.3 लाख हेक्टेयर से 22.57 लाख हेक्टेयर रह गया है। इसके बावजूद राज्य में उत्पादन लगभग 103 लाख मिटरीटन तक पहुंचने की उम्मीद है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, बेहतर रोग प्रबंधन और उच्च उत्पादकता वाली नई किस्मों के इस्तेमाल से गन्ने की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। राज्य सरकार ने हाल ही में गन्ने का एमएसपी 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया है, जिससे किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है। सरकार ने चीनी उद्योग को सुदृढ़ करने और गन्ना किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई नई योजनाएं भी शुरू की हैं। गन्ना उद्योग सूत्रों के अनुसार, चालू पेराई सत्र की शुरुआत में पश्चिमी यूपी की दो दर्जन से अधिक मिलें चालू हो चुकी हैं। शुरुआती रिपोर्टों में चीनी रिकवरी दर में भी सुधार देखा गया है। यह 9 प्रतिशत से बढ़कर 9.3 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

## नगरीय क्षेत्रों में संगठन का विस्तार करेगा रालोद : अनुपम मिश्रा

लखनऊ। राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी के निर्देश पर गठित रालोद नगरीय निकाय (अर्बन बॉडी) की पहली बैठक मंगलवार को लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में दिल्ली के लालकिले के निकट हुए धमाके में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई तथा इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा की गई। तत्पश्चात बैठक की अध्यक्षता करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने नवगठित निकाय के उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। इस निकाय के गठन का मुख्य उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में संगठन का विस्तार करना और आगामी नगर निकाय चुनावों में पार्टी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। श्री मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सौंपा गया यह लक्ष्य चुनौतीपूर्ण है, मगर रालोद कार्यकर्ता इसे पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश देश का ऐसा राज्य है जहां 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषदें और 545 नगर पंचायतें हैं।

# सोरांव महोत्सव का आयोजन 14 से 16 तक, तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। सोरांव तहसील में आगामी 14 से 16 नवम्बर, 2025 तक ''सोरांव महोत्सव'' का आयोजन किया जाएगा। इसके सफल संचालन के लिए मंगलवार को सर्किट हाउस सभागार में बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी ने की तथा विधायक फूलपुर दीपक पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में ''सोरांव महोत्सव'' की रूपरेखा पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। श्री चौधरी ने बताया कि यह महोत्सव प्रयागराज की लोक संस्कृति, नृत्य, संगीत और परंपराओं को प्रदर्शित करेगा। साथ ही लोगों को सरकारी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों की जानकारी भी दी जाएगी। अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र ने बताया कि आयोजन की निगरानी के लिए उप जिलाधिकारी सोरांव को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने सभी विभागों को अपने दायित्वों के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभागीय प्रदर्शनी, एम्बुलेंस व प्राथमिक उपचार केंद्र, अग्निशमन सुरक्षा, पेयजल, स्वच्छता व मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देने तथा 'आत्मनिर्भर ग्राम', 'सतत कृषि' और 'शिक्षा में सुधार' विषयक संगोष्ठी आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह को मंच, साउंड सिस्टम, ब्रांडिंग और समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में जिला विकास अधिकारी जी.पी. कुशवाहा, जिला पंचायत राज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी, जिलापूर्ति अधिकारी सुनील कुमार, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. वी.के. पांडेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला प्रशासन का अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान जारी, 08 स्थानों से हटाया गया अवैध कब्जा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद प्रयागराज की सभी तहसीलों में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 11 नवम्बर 2025 को बंजर, खलिहान, नवीन परती, चकमार्ग एवं तालाबी रकबा जैसी सार्वजनिक भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान जनपद के कुल 08 स्थलों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। तहसीलवार विवरण इस प्रकार है — कोरांव तहसीलः ग्राम चपरो में तालाब की भूमि, ग्राम बरनपुर में नवीन परती की भूमि, ग्राम मांडो में रास्ता की भूमि तथा ग्राम तिखुरी में चकमार्ग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। बारा तहसीलः ग्राम बड़गड़ी में बंजर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। फूलपुर तहसीलः ग्राम अरवासी मय बहादुरगढ़ में बंजर खाते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। करछना तहसीलः ग्राम पालपुर में नाली की भूमि तथा ग्राम मवैया उपरहार में चकमार्ग की भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि अतिक्रमण संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही, सभी तहसीलों में सरकारी एवं ग्राम सभा की भूमि का नवीन सर्वेक्षण कराकर अतिक्रमण की श्रेणियों का निर्धारण करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं और अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा।

## थाना खीरी पुलिस टीम ने हत्या के वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** थाना खीरी पुलिस टीम ने मंगलवार को हत्या के मामले में फरार चल रहे वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सम्पत उर्फ शिव सम्पत्ति पुत्र स्व. जेठूराम, निवासी ग्राम महुली कला, लाला का पुरवा, थाना खीरी, जनपद प्रयागराज के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार उक्त अभियुक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रयागराज द्वारा एसटी संख्या–326/10, अपराध संख्या–150/09, धारा 302 भा.दं.वि. के तहत गिरफ्तारी वारंट निर्गत था। थाना खीरी पुलिस टीम ने अभियुक्त को घेराबंदी कर दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

थाना खीरी पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट के वारण्टी अभियुक्त को दबोचा

प्रयागराज। थाना खीरी पुलिस टीम ने मंगलवार को माननीय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट प्रयागराज द्वारा निर्गत वारंट के तहत वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम मनीष कुमार पुत्र हीरालाल केसरवानी, निवासी कस्बा खीरी, थाना खीरी, जनपद प्रयागराज, उम्र लगभग 35 वर्ष बताया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध एसटी संख्या–1637/23, अपराध संख्या–240/19, धारा 323, 504, 506, 341 भा.दं.वि. एवं धारा 3(1)(द), (ध) एससी/एसटी एक्ट के तहत वारंट जारी था। पुलिस ने उसे थाना क्षेत्र खीरी से गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सिद्ध पीठ शनि धाम मार्ग की सड़क तीन माह में ही क्षतिग्रस्त, मंदिर प्रतिनिधिमंडल ने अपर नगर आयुक्त से की शिकायत

**प्रयागराज।** अतरसुइया स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री शनि धाम मंदिर मार्ग की सड़क निर्माण हुए मात्र तीन माह ही बीते थे कि सड़क फिर से क्षतिग्रस्त हो गई। इसको लेकर मंदिर समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को नगर निगम की जनसुनवाई के दौरान अपर नगर आयुक्त से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। पीठाधीश्वर पराग जी महाराज ने बताया कि विभागीय मानक के अनुसार सड़क में लगभग 8 इंच भरतकूप गिट्टी का प्रयोग किया जाना था, लेकिन ठेकेदार ने लापरवाही बरतते हुए मात्र 4 इंच लोकल गिट्टी डालकर निर्माण कार्य पूरा कर दिया। परिणामस्वरूप भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क कुछ ही महीनों में टूट–फूट गई। उन्होंने कहा कि मंदिर में प्रत्येक शनिवार को भारी संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं और सड़क की जर्जर हालत के कारण कई लोग फिसलकर घायल हो चुके हैं। मंदिर समिति ने ऐसे ठेकेदारों को काली सूची में डालने और सड़क की पुनः गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराए जाने की मांग की। अपर नगर आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## महाभारत सर्किट के विकास के लिए दो करोड़ का बजट स्वीकृत

**लखनऊ, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने महाभारत सर्किट के अंतर्गत मेरठ जिला स्थित परीक्षितगढ़ के श्रृंगी ऋषि आश्रम के समेकित पर्यटन विकास की महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दी है। इसके लिए राज्य सरकार ने वित्त वर्ष 2025–26 के लिए इस परियोजना के लिये दो करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। श्रृंगी ऋषि आश्रम के संबंध में यह मान्यता है कि यहीं से कलियुग की शुरुआत हुई थी। महाभारत काल की कई प्रमुख घटनाएं इसी क्षेत्र से जुड़ी मानी जाती हैं। यह स्थल ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मेरठ के इस प्राचीन स्थल पर ऋषि श्रृंगी और ऋषि शमीक की प्रतिमाएं स्थापित हैं, जो पर्यटकों में विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। आश्रम परिसर में स्थित यज्ञशाला पर पदचिह्नों के निशान आगंतुकों को इतिहास और आस्था से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि ललउत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य के धार्मिक स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ते हुए उनका सर्वांगीण विकास कर रहा है। श्रृंगी ऋषि आश्रम का विकास इस दिशा में एक बड़ा कदम है।

**कमियों पर जताई नाराजगी, ठेकेदारों की बैंक गारंटी जब्त कर ब्लैकलिस्ट करने के दिए निर्देश**

# मण्डलायुक्त ने तैयारियों की विभागवार समीक्षा की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आईसीसीसी सभागार में महाकुंभ 2025 के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रयागराज विकास प्राधिकरण, बाढ़ कार्य खंड, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, पर्यटन विभाग तथा जल निगम के कुल 43 कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई।

बैठक में उन कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई जो डिफ़ेक्ट लाइबिलिटी क्लॉज के अंतर्गत मरम्मत, सुदृढ़ीकरण अथवा गुणवत्ता अनुपालन के अंतर्गत आते हैं। कई स्थानों पर सड़कों के पास बने ड्रेनों की गुणवत्ता में कमी पाई गई, जिनके रिस्टोरेशन का निर्देश मण्डलायुक्त ने दिया। उन्होंने प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा नगर निगम को हैंडओवर किए गए विद्युत कार्यों में रह गई कमियों की जांच कराकर संबंधित वेंडर से सुधार कराने के निर्देश दिए।

मण्डलायुक्त ने कार्यों की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगली बैठक तक सभी अधूरे एवं कमियों वाले कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जाती है तो उसकी बैंक गारंटी जब्त कर उसे ब्लैकलिस्ट किया जाए तथा आवश्यक होने पर एफआईआर दर्ज की जाए। सिंचाई विभाग के ठेकेदार द्वारा बाढ़ में हुए नुकसान के उपरांत रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्रारंभ न करने पर मण्डलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदार की बैंक गारंटी जब्त करने के निर्देश दिए। हॉर्टिकल्चर कार्यों की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने जहां-जहां वर्टिकल गार्डन में पॉट मिसिंग या पौधे सूख चुके हैं, वहाँ पर पुनः पौधरोपण, सिंचाई एवं सेफ्टी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। विद्युत कार्यों में खराब लाइटों की तुरंत रिप्लेसमेंट और डक्ट की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने एयरपोर्ट रोड की स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कर नगर निगम को हैंडओवर करने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। पर्यटन विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने मनकामेश्वर मंदिर और अलोपशंकरी मंदिर के सौन्दर्यीकरण कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के उपरांत मण्डलायुक्त ने स्मार्ट सिटी योजना के तहत अक्षयवट वाटिका, अक्षयवट, पातालपुरी, सरस्वतीकूप और प्रेसिडेंशियल व्यू के सौन्दर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अक्षयवट, सरस्वतीकूप एवं पातालपुरी में दर्शन-पूजन कर उनके ऐतिहासिक व धार्मिक महत्त्व की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं मेला प्रभारी अधिकारी ऋषिराज, नगर आयुक्त साई तेजा, अपर मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद, उप मेलाधिकारी विवेक शुक्ला सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

इलेक्ट्रानिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण। भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | 51255773 |
| संक्षिप्त विवरण | Supply, Installation & Commissioning of Fire worthy Double acting AC compartment Doors as per ICF Drg.No.- ICF/SK 3-5-6-014, COL-I & COL-II, Alt.-j or latest and ICF Spec. No.- ICF/MD/SPEC-268, Rev-00 dt. 09/10/14 or latest. NOTE:- 01 set consisting of 01 no. Door of COL-I & 01 no. Door of COL-II |
| मात्रा | 100 Set. |
| अन्तिम तिथि | 10.12.2025 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेब साइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

निविदा सूचना सं.: 51255773 दिनांक: 10.11.2025

3501/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# तीन बसों में सवार हुई आस्था

## सेवा, श्रद्धा और संकल्प का संगम : 51वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में सेवा और श्रद्धा का परंपरागत कारवां एक बार फिर आगे बढ़ा। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा ग्रामसभा सरैयां के श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन के लिए तीन बसें रवाना कर 51वीं 'रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा' का संचालन किया गया।

यह यात्रा उस वादे की पूर्ति थी, जो डॉ. राजेश्वर सिंह जी ने 4 नवम्बर 2025 को प्रबुद्धजन सम्मेलन के दौरान किया था, कि सरैयां ग्राम सभा के श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन हेतु तीन बसें भेजी जाएंगी। सोमवार को विधायक का वह वादा साकार हुआ, और सैकड़ों भक्तों ने जय श्री राम के जयघोष के साथ इस दिव्य यात्रा की शुरुआत की।

यात्रा के आरंभ में विधायक की टीम के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं को शाल और पटका पहनाकर सम्मानपूर्वक बसों में बिठाया। पूरे मार्ग में यात्रियों के भोजन, जलपान, स्वास्थ्य और विश्राम की सभी व्यवस्थाओं का ध्यान रखा गया। विधायक की टीम के कार्यकर्ताओं ने सेवा को ही श्रद्धा का पर्याय बनाते हुए पूरी यात्रा को एक धार्मिक अनुभव में परिवर्तित कर दिया।

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा प्रारंभ की गई यह यात्रा अब तक तीन वर्षों से अधिक समय से निरंतर जारी है। इस अवधि में लगभग 8,000 ग्रामीणों, विशेष रूप से बुजुर्गों और महिलाओं को अयोध्या दर्शन का अवसर प्राप्त हो चुका है।

## संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ने निकाली कैंडल मार्च यात्रा

बीकेटी,इकाई। मंगलवार को बख्शी का तालाब बड़ी बाज़ार में संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल बीकेटी इकाई ने दिल्ली में बम ब्लास्ट के मृतकों की आत्मा की शांति को लेकर कैंडल मार्च निकालकर दो मिनट मौन होकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया।इस मौक़े पर बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेदरतन सिंह ने कहा कि दिल्ली की घटना बेहद शर्मनाक व कायराना है,जिन भी नापाक लोगो ने इस घटना को अंजाम दिया है,उन सभी को सरकार से मांग करते है कि फांसी की सजा दी जाए जिससे दुबारा ऐसी घटना को अंजाम देने की हिमाकत कोई न कर सके।उन्होंने कहा कि यह सिर्फ़ बम ब्लास्ट नहीं बल्कि मानवता की हत्या है,पूरा व्यापार मंडल इस दुख की घड़ी में मृतकों के परिवार के साथ है,हम सभी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते है।वही कैंडल मार्च में व्यापारी नेता बब्बू पांडे,प्रदीप सिंह,शैलेंद्र सिंह, दिनेश वर्मा,इतेंद्र सिंह,अरुण रावत सहित अन्य व्यापारी शामिल रहे।

# मानसरोवर योजना स्थित भरणी अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए के हैंडओवर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए ने मानसरोवर योजना में बने भरणी अपार्टमेंट का जिम्मा वहां की रेजीडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशन आरडब्ल्यूए को सौंप दिया है। मंगलवार को एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों को अपने कार्यालय बुलाकर आधिकारिक रूप से हैंडओवर पत्र प्रदान किया।

एलडीए के अपर सचिव सी.पी. त्रिपाठी ने बताया कि भरणी अपार्टमेंट का निर्माण वर्ष 2019 में पूरा हुआ था। इस अपार्टमेंट में कुल दो टावर हैं, जिनमें 2 बीएचके और 3 बीएचके के कुल 60 फ्लैट हैं। निर्माण पूरा होने के बाद से अब तक इमारत की देखभाल (अनुरक्षण) का काम एलडीए कर रहा था। उपाध्यक्ष के निर्देश पर मंगलवार को यह जिम्मेदारी आरडब्ल्यूए को सौंप दी गई। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने आरडब्ल्यूए अध्यक्ष दीपक नागपाल और सचिव अभिषेक श्रीवास्तव को हैंडओवर पत्र सौंपते हुए कहा कि अब अपार्टमेंट के रख रखाव का काम निवासियों की चुनी हुई समिति द्वारा किया जाएगा, जिससे समस्याओं का समाधान और भी जल्दी और बेहतर तरीके से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सोसाइटी में रहने वाले लोग अपनी समस्याओं को सबसे बेहतर तरीके से समझते हैं, इसलिए यह कदम सभी आवंटियों (फ्लैट मालिकों) के लिए फायदेमंद साबित होगा। हैंडओवर के साथ ही 42 लाख 7 हजार 908 रुपये की धनराशि कार्पस फंड के रूप में आरडब्ल्यूए और एलडीए सचिव के संयुक्त खाते में एफडीआर के रूप में जमा की गई है। इसके अलावा 5 लाख रुपये की राशि आरडब्ल्यूए को डिमांड ड्राफ्ट के रूप में दी गई है। इस मौके पर एलडीए के संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, सहायक अभियंता विनीत कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## दो दिवसीय महर्षि बॉट फिएस्टा 2025 का शुभारंभ



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ कैंपस में महर्षि स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित ग्रैंड महर्षि बॉट फिएस्टा 2025 का शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय मेगा इवेंट टेक्निकल इनोवेशन और रोबोटिक्स को समर्पित है, इस आयोजन में देश भर के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और विभिन्न रोबोटिक्स प्रतियोगिताओं एवं तकनीकी प्रदर्शनों के माध्यम से अपने फ्यूचरिस्टिक आइडियाज को साकार किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध इनोवेटर और समाजसेवी डॉ. मिलिंद राज रहे।

## दिल्ली धमाके के बाद अलर्ट मोड पर सुरक्षा एजेंसियां

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिल्ली में हुए शक्तिशाली धमाके के बाद उत्तर प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट हो गई हैं। इसी क्रम में सोमवार को लखनऊ चारबाग रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने फ्लैग मार्च और सघन चेकिंग अभियान चलाया।अभियान का नेतृत्व जीआरपी अधीक्षक रोहित मिश्रा और द्वितीय उपाधीक्षक हर्षिकेश यादव ने किया। इस दौरान भारी पुलिस बल के साथ स्टेशन परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया गया।डॉग स्क्वॉड और बम डिस्पोज़ल स्क्वॉड की टीमों ने प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, पार्किंग स्थल और अन्य संवेदनशील बिंदुओं पर संदिग्ध वस्तुओं की जांच की। साथ ही यात्रियों के सामान और स्टेशन के बाहर खड़े वाहनों की भी कड़ी चेकिंग की,पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## समेसी में बने मिड-डे मील का रिकॉर्ड न देने पर दर्ज हुआ मुकदमा

**नगराम ,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास कार्यों में लापरवाही और अभिलेखों में गड़बड़ी को लेकर ग्राम पंचायत समेसी में रहें ग्राम सचिव पर नगराम थाने में मुकदमा दर्ज हुआ हैं। अपर जिलाधिकारी (विकास) कार्यालय की जांच रिपोर्ट में पाया गया कि ग्राम पंचायत समेसी में वर्ष 2012 में मिड-डे मील शेड का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी संबंधित अभिलेख व स्वीकृति पत्र उपलब्ध नहीं कराए गए थे। अपर जिलाधिकारी लखनऊ के पत्र के आधार पर खंड विकास अधिकारी मोहनलालगंज आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने ग्राम विकास अधिकारी पंकज कुमार वर्मा को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ बीएनएस धारा-316(5) के तहत मुकदमा दर्ज कराया हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कार्य पूर्ण होने के बाद भी रिकॉर्ड प्रस्तुत न करने से विकास कार्यों की जांच प्रभावित हुई। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि खण्ड विकास अधिकारी मोहनलालगंज से मिली तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## घरेलू विवाद में आत्महत्या का प्रयास

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मोहनलालगंज पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता से एक युवक की जान बच गई। मंगलवार सुबह कूढ़ा गांव निवासी गुड्डू (32) पुत्र कालिका ने घरेलू विवाद के चलते अपने कमरे में बंद होकर आत्महत्या का प्रयास करने लगा इसके बाद युवक के छोटे भाई विशाल ने आनन फानन में पुलिस को सूचना दी वही सूचना मिलते ही ग्राम कूढ़ा क्षेत्र में भ्रमणशील थाना मोहनलालगंज पुलिस टीम मात्र दो मिनट के भीतर मौके पर पहुंचे आरक्षी किशन जयसवाल व सत्येंद्र ने कमरे का दरवाजा तोड़कर युवक को बचा लिया। पुलिस ने जब दरवाजा तोड़ा तो वह उस समय वह लाल साड़ी कमरे में लगे पंखे के कुंडे के सहारे फांसी लगाने का प्रयास कर रहा था। इसके बाद पुलिस उसे मोहनलालगंज कोतवाली लेकर आई इंस्पेक्टर डीके सिंह ने बताया कि युवक की काउंसलिंग की गई। जांच में पता चला कि युवक नशे की हालत में था और पत्नी से विवाद के बाद आवेश में आकर यह कदम उठाने जा रहा था। गुड्डू मोहनलालगंज स्थित एक फैक्ट्री में चालक के पद पर कार्यरत हैं फिलहाल वह पूरी तरह स्वस्थ और स्थिर है। पुलिस टीम की त्वरित और मानवीय कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

## मानक नगर पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिल्ली में हुए शक्तिशाली कार बम विस्फोट के बाद राजधानी लखनऊ में सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो गई हैं। इसी क्रम में थाना मानक नगर पुलिस ने सोमवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार के नेतृत्व में चौकी इंचार्ज बाराविरबा ज्ञानेश्वर सिंह और चौकी इंचार्ज लंगड़ा फाटक हरिराम के साथ पुलिस टीम ने सिंगार नगर मेट्रो स्टेशन और मानक नगर रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की गहन जांच की।अभियान के दौरान बाराविरबा अवध चौराहा पर गुजरने वाली कारों की डिग्गी खुलवाकर तलाशी ली गई। वहीं दोपहिया वाहनों — बाइक और स्कूटी — की भी डिग्गियां खुलवाकर जांच की गई।चेकिंग के दौरान एसएसआई लालजी पांडेय, एसआई पूजा पाल और हेड कांस्टेबल अलाउद्दीन सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।थाना अध्यक्ष ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## संकुल संघ का अधिवेशन संपन्न

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज क्षेत्र के गांव रसूलपुर आशिक अली में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संकुल संघ का अधिवेशन संपन्न हुआ। कार्यक्रम नया सवेरा महिला संकुल संघ क्लस्टर रहमत नगर की ओर से था। उसमें 18 ग्राम पंचायतों ,21 ग्राम संगठनों और स्वयं सहायता समूहों की प्रतिनिधियों ने भाग लिया। दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम आरंभ किया गया।संकुल संघ की अध्यक्षा श्रीमती नीरज कुमारी की ओर से स्वागत उद्बोधन के साथ ही उन्हीं की ओर से संकुल के अब तक के कार्यों व उपलब्धियों की जानकारी दी गई। अधिवेशन में एनआरएलएम योजना के तहत महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन, ग्राम संगठन की वित्तीय प्रगति,सामाजिक मुद्दों पर सामूहिक निर्णय,तथा महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप गोसाईगंज के खंड विकास अधिकारी राजेश बहादुर सिंह मौजूद रहे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एनआरएलएम योजना ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता के लिए एक सशक्त मंच है इसके अलावा संकुल संघ इसकी रीढ़ की हड्डी है। उन्होंने समूहों को और अधिक पारदर्शी एवं पारदर्शी बनाने के लिए प्रोत्साहन दिया। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूहों एवं संघ के पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक मिशन प्रबंधक विमलेश कुमार द्वारा किया गया। अंत में जय शंकर साहू की ओर से धन्यवाद देने के साथ कार्यक्रम का समापन हो गया।

# स्वाभिमान दिवस के रूप मे मनाया जाएगा शहीद दिवस, कार्यकरम की रुपरेखा तैयार : भाजपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ।1857 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरांगना ऊदा देवी पासी के 16 नवंबर को होने वाले शहीदी दिवस को भारतीय जनता पार्टी द्वारा पासी स्वाभिमान दिवस के रूप में भव्य रूप से मनाया जाएगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पासी चौराहा सेक्टर 19 वृंदावन कालोनी में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान वीरांगना उदा देवी पासी की 12 फिट ऊंची 6 टन वजनी मूर्ति का अनावरण किया जाना है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक सहित पासी समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की प्रेरणा और मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम की तैयारी के लिए आईएमआरटी कॉलेज गोमती नगर में बैठक आयोजित की गई। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि बैठक में सांसद जय प्रकाश रावत, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. नीरज सिंह, विधायक मनीष रावत, अमरेश रावत, दिनेश रावत लक्ष्मी रावत, भगवती प्रसाद रावत, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी,एमएलसी मुकेश शर्मा, द्विवेदी , जिला अध्यक्ष विजय मौर्य, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, अवनीश पटेल, पूर्व सांसद रीना चौधरी, राकेश रावत, शंकरी सिंह , विकास किशोर , रामनरेश रावत , मनोज रावत , पुष्पेंद्र रावत , सुभाष पासी व पासी समाज के अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे और कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव उन महान बलिदानियों को सम्मान देती आई है जिन्हें पूर्व की सरकारों ने उनकी जातीय पहचान की वजह से भुला दिया था।वीरांगना ऊदा देवी पासी जैसी अमर वीरांगनाओं ने मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। उनका योगदान राष्ट्र की धरोहर है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से भाजपा न केवल उनके बलिदान को नमन करती है, बल्कि सामाजिक समरसता और सर्वस्पर्शी राजनीति के अपने संकल्प को भी सशक्त बनाती है।

# आयोजित हुआ स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय क्षय(टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम(एनटीईपी) के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एन.बी.सिंह के निर्देशन में मंगलवार को राजाजीपुरम स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय गर्ल्स डिग्री कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में एनएसएस, एनसीसी रेंजर्स को टीबी के बारे में जानकारी देते हुए निक्षय मित्र की उपयोगिता बताई गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य था कि अधिक से अधिक युवाओं को टीबी उन्मूलन व निक्षय मित्र कार्यक्रम से जुड़ें व इसमें सहयोग करें।

कार्यक्रम में छात्राओं को टीबी के लक्षणों, बचाव, भ्रांतियों व निक्षय मित्र की भूमिका आदि के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में 200 छात्राओं ने निक्षय मित्र के रूप में पंजीकरण कराया और आश्वासन दिया कि वह टीबी रोगियों गोद लेकर भावनात्मक रूप से सहयोग करेंगी। टीबी रोगियों को गोद लेने के मतलब यह नहीं कि आप उन्हें पोषण पोटली दें। उनका किसी भी रूप में सहयोग किया जा सकता है। भावनात्मक रूप से सहयोग करने का तात्पर्य है कि आप उनसे फोन पर हाल चाल ले सकते हैं। वह दवा का नियमित रूप से सेवन कर रहे हैं या नहीं। या अन्य कोई समस्या है और उसके बारे में विभाग को अवगत करायें जिससे कि विभाग समस्या का निवारण कर सके या निवारण में मदद कर सके। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.ए.के.सिंघल ने कहा कि टीबी का इलाज पूरी तरह संभव है। इसको लेकर लोगों में भ्रान्ति है कि ठीक नही होती है। इसलिए लोग इसके बारे में छुपाते हैं। यह छात्राएं अपने दोस्तों, घर परिवार, पड़ोस रिश्तेदारों को जाकर बतायेंगी तो जागरूकता फैलेगी। लोग लक्षणों के बारे में जानेंगे और इलाज के लिए आगे आयेंगे। कार्यक्रम में निक्षय पोषण योजना के बारे में भी बताया गया कि टीबी के इलाज में प्रोटीनयुक्त भोजन का सेवन भी जरूरी होता है।

# एसआईआर को लेकर मणेंद्र मिश्रा ने शोहरतगढ़ के बूथों का किया दौरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल ने समाजवादी पार्टी द्वारा एसआईआर, (मतदाता पुनरीक्षण) प्रपत्र वितरण के विषय में जागरूकता फैलाने के लिए शोहरतगढ़ विधानसभा के विभिन्न बूथों का दौरा किया। श्री मिश्रा ने कहा कि शोहरतगढ़ विधानसभा के सभी 410 बूथों के बीएलओ से संपर्क कर प्रत्येक मतदाता तक गणना प्रपत्र वितरण एवं उसे भरकर जमा किया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 4 नवंबर को शुरू किए गए इस अभियान के तहत अब तक समाजवादी पार्टी के सेक्टर प्रभारियों को 2003 के वोटरलिस्ट की छाया प्रति और पीडीएफ कॉपी उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे निर्वाचन आयोग के अभियान में मदद हो सके। अभी तक मलगहिया, ढेकहरी, रामनगर (पकड़िहवा चौराहा), बढ़नी बाजार, मुजहना, महादेव बुजुर्ग, बजहा बाजार, चिल्हिया, जोगीबारी, उदयराजगंज, सहजनवा, गौहनिया सेक्टर में प्रमुखता से यह कार्य किया जा चुका है। श्री मिश्रा ने कहा कि इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर शोहरतगढ़ विधानसभा का 2003 वोटरलिस्ट में बूथ संख्या 121 प्रा.प्रा. मुडिला खुर्द बूथ संख्या,145 जू.हा. स्कूल शोहरतगढ़ गड़ाकुल ,बूथ संख्या 161 प्रा.पा.रामपुर (अमहवा) की वोटरलिस्ट पीडीएफ अपलोड नहीं हो पाना चिंतनीय है। जिसे प्रशासन को अविलंब सुधार करना चाहिए साथ ही वोटरलिस्ट के वे सभी पृष्ठ जो पढ़ने में नहीं आ रहे है उसे दुरुस्त किया जाए। श्री मिश्रा ने कहा कि शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र 302 की संख्या 2003 में विधानसभा क्षेत्र 156 के नाम से थी जिसमें 251 बूथ थे।

# इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 में उत्तर प्रदेश अव्वल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**देश में हासिल किया पहला स्थान**

**युवाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कराने की तैयारी तेज**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 में सर्वाधिक पंजीकरण प्राप्त कर देश में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के मार्गदर्शन और कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे के नेतृत्व में संभव हुई है।इस सफलता के क्रम में सोमवार को कौशल विकास मिशन मुख्यालय में मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में युवाओं के प्रशिक्षण, समीक्षा और मार्गदर्शन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।मिशन निदेशक ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों से चयनित प्रतिभागियों के साथ मजबूत समन्वय स्थापित किया जाएगा और उनकी क्षमता को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों, विषय विशेषज्ञों और औद्योगिक संस्थानों के सहयोग का अधिकतम उपयोग किया जाएगा।उन्होंने निर्देश दिए कि जिला एवं मंडल स्तर पर स्किल ट्रायल्स, चयन प्रक्रिया और मूल्यांकन मानकों में पारदर्शिता, निष्पक्षता और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने जिला समन्वयकों और एमआईएस मैनेजरों को प्रशिक्षण केंद्रों का महीने में कम से कम दो बार स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए, ताकि प्रशिक्षण लक्ष्य समय पर पूरे हो सकें।पुलकित खरे ने कहा कि ग्राम पंचायतों के निर्धन परिवारों के युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जाएगा। 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।उन्होंने यह भी कहा कि आईटीआई संस्थानों में प्रत्येक माह की 21 तारीख को आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें उपयुक्त रोजगार अवसर प्राप्त हो सकें।

बैठक के अंत में मिशन निदेशक ने अधिकारियों से आह्वान किया कि वे प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षण, संसाधन और अवसर प्रदान करें, ताकि वे उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर गौरवान्वित कर सकें।

# 50 बीघा अवैध प्लॉटिंग पर चला एलडीए का बुलडोजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए काकोरी क्षेत्र में करीब 50 बीघा ज़मीन पर की जा रही 12 अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया। वहीं ठाकुरगंज, दुबग्गा और माल क्षेत्र में चल रहे छह अवैध व्यावसायिक निर्माणों को सील किया गया। यह कार्रवाई एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-3 और जोन-7 की टीमों ने की। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि फिरोज, अब्बास, अमरजीत, इरशाद, हाफिज समेत व अन्य लोगों द्वारा काकोरी में 12 स्थानों पर बिना स्वीकृति अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। बिना ले-आउट स्वीकृति के चल रहे इन कार्यों को एलडीए टीम ने ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान वहां बनी सड़कें, नालियां, बाउंड्रीवॉल, साइट ऑफिस और गेट भी तोड़े गए। वहीं प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि ठाकुरगंज क्षेत्र में पांच अवैध व्यावसायिक भवनों को सील किया गया। इनमें मोहम्मद दानियाल द्वारा ऐरा मेडिकल कॉलेज के पास 200 वर्गमीटर, दानिश द्वारा हरदोई रोड पर 200 वर्गमीटर, भूपेंद्र गुप्ता द्वारा क्लेक्शन कॉलोनी में 300 वर्गमीटर और सी.एल. गौतम द्वारा बरौरा हुसैनबाड़ी में 100 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनाए गए निर्माण शामिल हैं। इसके अलावा दुबग्गा में बेगरिया रोड पर संदीप कुमार द्वारा 300 वर्गमीटर में बन रहा कॉम्प्लेक्स और माल क्षेत्र के काकराबाद में अवधेश यादव द्वारा बनाई जा रही अवैध दुकानों को भी सील किया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कठवारा विकास खण्ड, बीकेटी-लखनऊ

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पत्रांक- मेमो./पार्किंग/निविदा/2025-26 दिनांक-11/11/2025

कार्यालय ग्राम पंचायत कठवारा विकास खण्ड, बीकेटी-लखनऊ के द्वारा मां चन्द्रिका देवी मंदिर पार्किंग स्टैंड के संचालन हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी समस्त नियम व शर्तें 500 रुपए जमा कर कार्यालय ग्राम पंचायत कठवारा विकास खण्ड, बीकेटी-लखनऊ से दिनांक 11.11.2025 से 17.11.2025 के मध्य कार्य दिवस के समय प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि 11-11-2025, निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि 17-11-2025 अपरान्ह 12.00 बजे तक, निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि 17-11-2025 अपरान्ह 5.00 बजे तक, निविदा खोले जाने की तिथि 18-11-2025 प्रातः 11.00 बजे।

सचिव
ग्रा.पं. कठवारा
बीकेटी-लखनऊ

प्रधान
ग्रा.पं. कठवारा
बीकेटी-लखनऊ

# डीएम ने जिला उद्योग केन्द्र सीतापुर एवं औद्योगिक आस्थान सीतापुर का किया औचक निरीक्षण

**सेठिया मिल के प्रबंधक सुधीर मेहरोत्रा द्वारा बिजवार रेलवे क्रासिंग पर बने ओवरब्रिज के दोनों और सर्विस रोड को चौड़ा कराये जाने का अनुरोध किया गया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने जिला उद्योग केन्द्र सीतापुर एवं औद्योगिक आस्थान सीतापुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उद्यमियों द्वारा औद्योगिक आस्थान की जल निकासी की समस्या का निस्तारण कराये जाने का अनुरोध किया गया।

सेठिया मिल के प्रबंधक सुधीर मेहरोत्रा द्वारा बिजवार रेलवे क्रासिंग पर बने ओवरब्रिज के दोनों और सर्विस रोड को चौड़ा कराये जाने का अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी ने ओवरब्रिज के पास बने सर्विस रोड एवं नाली को देखा तथा समस्या के निस्तारण हेतु उ0प्र0 सेतु निगत एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के समय उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, औद्योगिक आस्थान सरायं मलुही में उच्चीकरण/सुदृढ़ीकरण का कार्य करा रही कार्यदायी संस्था यू0पी0एस0आई0सी0 कानपुर के अधिशासी अभियन्ता, पूर्वात्तर रेलवे के सहायक मण्डलीय अभियन्ता, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता, सेतु निगम एवं पी0डब्लू0डी0 के अधिशासी अभियन्ता, आई0आई0ए0 के चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, उद्यमीगण सुधीर मेहरोत्रा, संजय बंसत सहित अन्य उद्यमीगण तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

उक्त के अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा बिसवां में एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत स्थापित कॉमन फैसिलटी सेंटर (सी0एफ0सी0) का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा डिस्प्ले सेंटर, कॉमन प्रोसेसिंग सेंटर, रॉ मटेरियल बैंक, डिजाईन एवं सैम्पलिंग सेंटर का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सी0एफ0सी0 के अध्यक्ष/सचिव एवं सदस्यों तथा निर्यातकों के साथ बैठक कर सामान्य जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने ओ0डी0ओ0पी0 कंसल्टेंट को सी0एफ0सी0 के सफल संचालन हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। सी0एफ0सी0 के निरीक्षण के समय उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, विवेक गुप्ता, रफीक अहमद एवं शुभम जोनल कंसल्टेंट सहित सी0एफ0सी0 के सदस्य उपस्थित रहे।

# वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 10वी बैठक

**कृषि विविधिकरण एव एकीकृत फसल प्रणाली से सृजित होगें नए रोजगार**

**अंतिम पायदान तक उद्यमिता आधारित प्रमुख प्रौद्योगिकियों पहुचाने पर जोर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया, सीतापुर में आज वैज्ञानिक सलाहकार समिति (ट्ट.इ.ए.) की वार्षिक बैठक आयोजित की गई । यह बैठक कृषि विज्ञान केन्द्र के अनुसंधान, प्रसार एवं प्रशिक्षण संबंधी कार्यक्रमों की प्रगति समीक्षा और आगामी वर्ष की कार्ययोजना निर्धारण हेतु आयोजित की गई। इस अवसर पर देश एवं प्रदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों और प्रगतिशील कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता डॉ. शांतनु कुमार दुबे, निदेशक, कृषि तकनीकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान , कानपुर ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र किसानों की वैज्ञानिक चेतना के संवाहक हैं, जो स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप प्रौद्योगिकियों को प्रयोगशाला से खेत तक पहुँचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने केन्द्र के समग्र कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में जैविक खेती, जलवायु अनुकूल कृषि, ड्रोन तकनीक, प्राकृतिक संसाधन संरक्षण, एवं उद्यान-एकीकृत प्रणाली को कृषि विकास के प्रमुख स्तंभ के रूप में अपनाया जाना चाहिए।गत वर्ष की प्रगति तथा आगामी वर्ष की कार्ययोजना केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दया यस श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष में केन्द्र द्वारा धान, गेहूं, दलहनी, तिलहनी एवं जायद फसलों के अंतर्गत 85 से अधिक प्रक्षेत्रीय प्रदर्शन सफलतापूर्वक सम्पन्न किए गए। 3500 से अधिक किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा 600 महिलाओं को मूल्य संवर्धन, पोषण वाटिका, मशरूम उत्पादन एवं गृह-उद्योग आधारित प्रशिक्षण से जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि केन्द्र द्वारा अंगीकृत गांवों मे निरंतर प्रयास करते हुए किसानो को समेकित कृषि प्रणाली, जैविक उर्वरक व जैविक कीटनाशक उपयोग, पारिस्थितिकीय अभियांत्रिकी , एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, एवं जल संरक्षण की तकनीकों को अपनाया जा रहा है ।बैठक में केन्द्र के विषय विशेषज्ञों – पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. आनंद सिंह, प्रसार वैज्ञानिक डॉ. शैलेंद्र सिंह, शस्य वैज्ञानिक डॉ. शिशिर कांत सिंह, मृदा वैज्ञानिक डॉ. सचिन प्रताप तोमर, गृह वैज्ञानिक डॉ. रीमा, उद्यान वैज्ञानिक डॉ. शुभम, तथा प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने-अपने विषय क्षेत्रों की विस्तृत प्रस्तुतियाँ दीं। डॉ. आनंद सिंह ने पशुपालकों के लिए नस्ल सुधार, संतुलित आहार, पशु स्वास्थ्य शिविरों एवं डेयरी प्रबंधन पर जानकारी साझा की। डॉ. शैलेंद्र सिंह ने किसानों के साथ संवाद, प्रशिक्षण और डिजिटल माध्यम से नवाचार प्रसार पर प्रकाश डाला। डॉ. शिशिर कांत सिंह ने फसल विविधीकरण, संरक्षण कृषि, और बीज उत्पादन योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की।

# खैराबाद परिवहन कार्यालय पर एआरटीओ का औचक निरीक्षण

**अव्यवस्था पर जताई नाराजगी अवैध गतिविधियों पर एआरटीओ की चेतावनी, कार्रवाई से कोई नहीं बचेगा**

**परिवहन कार्यालय के बाहर अवैध वसूली पर सख्त हुए एआरटीओ**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। मंगलवार को एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने खैराबाद स्थित परिवहन कार्यालय के आसपास मौजूद दुकानों का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया गया । निरीक्षण के दौरान फैली अव्यवस्था देखकर उन्होंने गहरा असंतोष जताया। स्थानीय पुलिस बल के साथ पहुंचे एआरटीओ ने बाहर खड़े व्यक्तियों को कड़ी चेतावनी दी।उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि कार्यालय के बाहर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य या अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभागीय सेवाएं अब पूरी तरह ऑनलाइन हैं, इसलिए किसी भी आवेदक को अनावश्यक रूप से परेशान होने की जरूरत नहीं है आवेदक स्वयं अथवा जन सुविधा केंद्रों के माध्यम से अपने आवेदन कर सकते हैं।निरीक्षण के दौरान एआरटीओ ने आसपास की दुकानों पर जाकर जांच की और निर्देश दिए कि किसी भी व्यक्ति से निर्धारित शुल्क से अधिक राशि न ली जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी दुकान या व्यक्ति द्वारा अतिरिक्त शुल्क वसूली की शिकायत मिली तो मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई की जाएगी। औचक निरीक्षण से हड़कंप मच गया। कई लोग तत्काल परिसर से बाहर निकल गए। एआरटीओ चतुर्वेदी ने यह भी आदेश दिया कि परिवहन कार्यालय में किसी भी अनधिकृत व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित है। आवेदक स्वयं निर्धारित काउंटर पर आकर अपना कार्य कराएं। उन्होंने विभागीय कर्मचारियों को भी चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार की शिकायत पर तत्काल निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। एआरटीओ की इस सख्त कार्रवाई से कार्यालय परिसर और कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा।

## नवंबर से शुरू होगा हजरत हातिम अली शाह का सालाना उर्स

तिलहर, शाहजहांपुर। नगर के प्रसिद्ध सूफी संत हजरत हाजी हाफिज मोहम्मद हातिम अली शाह मियां का 52वां सालाना उर्स शरीफ 16 व 17 नवम्बर को मनाया जाएगा। यह जानकारी सज्जादानशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने दी है?। उन्होंने बताया कि मोहल्ला कच्चा कटरा स्थित दरगाह पर सालाना उर्स शरीफ 16 नवम्बर को सुबह कुरान खानी के साथ शुरू होगा और शाम को जलसा होगा। कार्यक्रम में कारी फुरकान रजा नूरी बीसलपुर, मौलाना अकील उर रहमान, कारी अली अहमद, हाफिज अब्दुल मतीन, कारी निजामुद्दीन, कारी मखदूम अशरफ बनारसी, मौलाना जुबेर अहमद रजवी को बुलाया गया है। 17 नवम्बर को सुबह साढ़े दस बजे कुल शरीफ होगा। उसके बाद कव्वाली होगी। बताया कि कव्वाली रात में भी होगी। जिसमें कव्वाल साहेदीन साबरी रामपुर को बुलाया गया है। सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने लोगों से कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील की है।

# दिल्ली में हुए विस्फोट को लेकर हिंदू युवा वाहिनी ने फूंका आतंकवाद का पुतला

**सौंपा ज्ञापन-एनआईए जांच और दोषियों को फांसी देने की मांग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। दिल्ली में हुए भीषण आतंकी विस्फोट के विरोध में सोमवार को हिंदू युवा वाहिनी के महानगर अध्यक्ष अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद का पुतला दहन किया और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि दिल्ली में हुए आतंकी हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी से कराई जाए और दोषियों को जल्द फांसी की सजा दी जाए।कहा गया कि दिल्ली में हुआ यह हमला केवल निर्दोष नागरिकों पर नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता पर सीधा प्रहार है। अब समय आ गया है कि देश में आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को सख्ती से लागू किया जाए। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की है कि आतंकवादी संगठनों एवं उनके नेटवर्क पर राष्ट्रीय स्तर पर कठोर कार्रवाई की जाए। शहीद हुए निर्दोष नागरिकों के परिवारों को आर्थिक सहायता एवं एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। देश की सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया एजेंसियों को और अधिक सशक्त बनाया जाए। वहीं, पुतला दहन के दौरान संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आतंकी विस्फोट में मरने वालों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महानगर संगठन मंत्री रवि गंगवार एडवोकेट, दीपक त्रिपाठी, भानु प्रताप वर्मा, आज़ाद गंगवार, अजीत सिंह एडवोकेट, नीरज वर्मा, हिमांशु गुप्ता, विपुल शुक्ला, हर्ष आर्यन आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत चलाया जागरूकता अभियान

**महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता तथा कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता तथा कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सशक्त एवं जागरूक समाज का आधार बनाना है। इस क्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तीन प्रमुख स्तंभ सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान महिलाओं एवं छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया सुरक्षा, स्टॉकिंग से निपटने के उपाय तथा आत्मरक्षा के मूलभूत तरीकों पर भी जागरूक किया गया। इसके अलावा महिला सुरक्षा एवं सहायता केंद्र, महिला परामर्श केंद्र, आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा महिला स्वावलंबन से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं एवं छात्राओं से संवाद स्थापित कर उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग, साहसी और आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित किया।मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि महिलाओं को सुरक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प है। पुलिस प्रशासन ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति से आह्वान किया कि वह महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण में सहयोग करे।

# आट पुलिस ने चलाया बालश्रम, बाल विवाह व नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। बालश्रम उन्मूलन, बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह रोकथाम एवं नशा मुक्ति को लेकर थाना आट (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग) पुलिस द्वारा सोमवार को जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आम जनमानस को बाल अधिकारों और मानव तस्करी जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक किया गया।

यह अभियान राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार के निर्देशों तथा श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी के पत्रों के क्रम में पुलिस अधीक्षक खीरी के आदेशानुसार संचालित किया गया। अभियान का नेतृत्व उपनिरीक्षक राम अवतार, प्रभारी थाना आट द्वारा किया गया। टीम में मुख्य आरक्षी राजेश कुमार, महिला आरक्षी संध्या श्रीवास्तव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रियंका वर्मा, चाइल्ड लाइन प्रभारी श्रीमती अंजुम परवीन एवं अनुज तिवारी शामिल रहे। संयुक्त टीम ने थाना नीमगांव क्षेत्र के सिकंदराबाद व बेहजम में दुकानों, होटलों, मोटर स्पेयर पार्ट्स की दुकानों व भेल फैक्ट्रियों में जांच की। जांच के दौरान एक नाबालिग बालक को श्रम करते हुए पाया गया। संबंधित दुकान स्वामी के विरुद्ध श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान टीम ने लोगों को बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति, नशा मुक्ति, मानव तस्करी एवं बाल विवाह की रोकथाम संबंधी कानूनों की जानकारी दी और बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती पर एकता पदयात्रा आयोजित

सीतापुर। देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती अभियान के अंतर्गत हरगांव विधानसभा में एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा मुख्यतः भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय हरगांव विधायक व प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही जिला प्रभारी नीरज सिंह व जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में निकाली गई । इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री/ अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जन्म जयंती श्रद्धा केसाथ मना रही है। ऐसे में देश अपने लौह पुरुष को श्रद्धांजलि समर्पित कर रहा है साथ ही महापुरुषों के सम्मान की सांस्कृतिक विरासत आगे बढ़ रही है जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा के अनुरूप देश में सभी महापुरुषों के सम्मान और उनके बताए मार्ग पर चलकर देश को विश्व गुरु बनाने का कार्य निरंतर गतिशील है। जिसमें भारत का बच्चा-बच्चा जुड़ता जा रहा है। और अखंड भारत ही सरदार साहब का विजन था। हम सब उनके सम्मान को सर माथे रखकर भारत मां की सेवा का कार्य कर रहे हैं। प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री/व हरगांव विधायक सुरेश राही ने बताया कि एकता पदयात्रा देश व प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में निकाली जा रही है आज मेरी कर्मभूमि हरगांव विधानसभा में यह यात्रा निकाली गई है और यहां के लोगों ने इसे सफल बनाया है इसके लिए मैं सभी को धन्यवाद देता हूं उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की यह खूबसूरती है कि यह प्रत्येक महापुरुष का सम्मान करने वाली पार्टी है। ऐसे में सरदार साहब का यह सम्मान प्रत्येक भारतवासी के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम को जिला प्रभारी नीरज सिंह ने संबोधित करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा भारतवर्ष को दिए गए अतुल योगदान जिसमें 562 रियासतों को भारत में विलय किये जाने के विषय पर विस्तार से अपना विचार रखा।कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष अजय

## डीएम ने तहसील सिधौली में किया औचक निरीक्षण, लम्बित वादों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने तहसील सिधौली के फौजदारी कक्ष, अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग आदि पटलों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किये। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण करते हुये सभी पुराने आवश्यक दस्तावेजों को गहनतापूर्वक अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि तहसीलदार के न्यायालय में जो भी कब्जा संबंधी लम्बित वाद चल रहे हैं, उनका निस्तारण जल्द से जल्द किया जाये, कोई भी कब्जा संबंधी वाद अधिक समय लम्बित न रखा जाये, इसका मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिये कि निरन्तर न्यायालय में बैठें, जिससे कोई भी वाद लम्बित न रहे। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि निरन्तर जनसुनवाई करते रहें। साथ ही जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को कड़े निर्देश दिये कि साफ-सफाई निरन्तर कराते रहें। आई0जी0आर0एस0 पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की एवं शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रेलवे स्टेशन पर भटकता मिला बालक, जीआरपी ने सुरक्षित पहुंचाया चाइल्ड केयर सेंटर

शाहजहांपुर। पंजाब राज्य का रहने वाला एक 11 वर्षीय बालक घर से नाराज होकर आज रेलवे स्टेशन रौजा पहुंचा। यहां प्लेटफार्म एक पर अकेला भटकता हुआ देखकर जीआरपी पुलिस ने उससे पूछताछ की। जिसके बाद उसके परिजनों से फोन पर वार्ता की और बच्चे को सुरक्षित चाइल्ड केयर सेंटर पहुंचाया। अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे उत्तर प्रदेश के आदेशों के अनुपालन में डीआईजी रेलवे एवं पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ रोहित मिश्रा के निर्देशन तथा पुलिस उपाधीक्षक रेलवे हृषिकेश यादव के कुशल मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।मंगलवार को थाना जीआरपी शाहजहांपुर के अंतर्गत चौकी रोजा पर तैनात कांस्टेबल शुभम सिंह एवं कांस्टेबल इकलाख अली ड्यूटी पर थे, तभी उन्होंने प्लेटफार्म पर एक बालक को अकेले घूमते देखा। पूछताछ करने पर बालक ने बताया कि वह अपने घर से नाराज़ होकर पंजाब के फतेहगढ़ जिले के कस्बा गोविंदगढ़ से ट्रेन में बैठकर शाहजहांपुर आ गया है। बालक ने अपना नाम नागेंद्र कुमार प्रजापति पुत्र मदन गोपाल प्रजापति, निवासी मोहल्ला शांति नगर, थाना गोविंदगढ़, जिला फतेहगढ़ (पंजाब) बताया। जिसके बाद जीआरपी पुलिस ने तत्काल चाइल्ड केयर सेंटर शाहजहांपुर को सूचित किया और बालक के पिता मदन गोपाल प्रजापति को फोन के माध्यम से जानकारी दी।

# रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड तक चला सघन चेकिंग अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता





गोला-खीरी। राजधानी दिल्ली में हुए भीषण बम धमाके के बाद देशभर में सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी हो गई हैं। इसी कड़ी में लखीमपुर खीरी जिले के गोला क्षेत्र में भी पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए गोला पुलिस ने देर रात तक हाई अलर्ट जारी रखते हुए शहरभर में सघन चेकिंग अभियान चलाया।सीओ गोला रमेश तिवारी और कोतवाल अम्बर सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल सड़कों पर उतरा। पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मुख्य बाजार, धार्मिक स्थलों और संवेदनशील चौराहों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया। संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई गई।सुरक्षा की स्थिति का खुद जायजा लेते हुए अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। अभियान में क्राइम इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह, सीनियर सब इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह, नानक चौकी इंचार्ज योगेश कुमार, उपनिरीक्षक जितेंद्र पासवान, उपनिरीक्षक जितेंद्र यादव, महिला उपनिरीक्षक अपूर्वा शर्मा, महिला उपनिरीक्षक बबीता पटवा सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी शामिल रहे।सीओ रमेश तिवारी ने बताया कि दिल्ली धमाके के बाद जिले में सतर्कता बढ़ा दी गई है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें।

# डीएम की पहल से 101 बेटियां बनीं आत्मनिर्भर चालक

कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखीमपुर खीरी। जिला प्रशासन की पहल पर मिशन शक्ति अभियान अब जनपद लखीमपुर खीरी में नई मिसाल बनता जा रहा है। मंगलवार को एआरटीओ कार्यालय में आयोजित ल्ल्ड्राइविंग माय ड्रीमङ्क कार्यक्रम ने बेटियों को आत्मनिर्भरता की दिशा में नई रफ्तार दी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर आयोजित इस विशेष आयोजन में 101 बालिकाओं को निःशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं सीडीओ अभिषेक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। जैसे ही बेटियों को उनके लाइसेंस मिले, पूरा सभागार तालियों की गूंज से भर उठा।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा अब बेटियों के हाथ में स्टीयरिंग है, यानी दिशा भी उनकी और मंज़िल भी उनकी। मिशन शक्ति का मकसद हर बेटी को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सशक्त बनाना है।ङ्क उन्होंने कहा कि ड्राइविंग केवल तकनीकी कौशल नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया गया मजबूत कदम है। उन्होंने बालिकाओं को संदेश दिया – ल्लहेलमेट और सीट बेल्ट आपकी ढाल हैं, इन्हें आदत बनाएं। सुरक्षित चलें, आगे बढ़ें और दूसरों के लिए मिसाल बनें।ङ्कसीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जब अवसर दिया जाए, तो बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि कई महिलाएं कार्यस्थल तक पहुंचने के लिए दूसरों पर निर्भर रहती हैं, जबकि अब उन्हें खुद अपनी राह चलनी चाहिए।एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने बताया कि यह प्रशिक्षण न केवल व्यावहारिक है बल्कि सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक अनुशासन की समझ को भी गहरा करता है।

### सिम्युलेटर पर बेटियों ने थामी स्टीयरिंग, सीखी ड्राइविंग की बारीकियां

मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित ल्लड्राइविंग माय ड्रीमङ्क कार्यक्रम में बालिकाओं ने सिम्युलेटर पर कार चलाकर ड्राइविंग के तकनीकी पहलुओं को सीखा। उन्होंने ट्रैफिक सिग्नल, ब्रेक, क्लच, गियर और सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी ली। पहली बार स्टीयरिंग थामने वाली बालिकाओं ने कहा अब लगता है कि हम भी खुद अपनी मंजिल तक पहुंच सकती हैं।ङ्ककार्यक्रम के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बालिकाओं को सड़क सुरक्षा का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि ल्लड्राइविंग केवल चलाने की कला नहीं, बल्कि जीवन की जिम्मेदारी है।ङ्क उन्होंने अपील की कि हर सफर की शुरुआत हेलमेट और सीट बेल्ट से करें, क्योंकि नियमों का पालन ही असली स्मार्टनेस है।

### बालिकाओं की आवाज़

'ड्राइव माय ड्रीम' ने दिए आत्मनिर्भरता के पंख*कार्यक्रम में छात्राओं आस्था वर्मा और मंतशा बानो ने अपने विचार रखते हुए कहा कि यह पहल उनके लिए नई दिशा लेकर आई है।

# दिल्ली में ब्लॉस्ट के बाद जिले में अलर्ट पुलिस व खुफिया एजेंसियां सक्रिय

**भीड़ भाड़ वाले प्रमुख बाजारों के आस पास भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार को लाल किला के पास कार में हुए बम ब्लॉस्ट के बाद जिले में हाईअलर्ट जारी कर दिया गया है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में पुलिस प्रमुख सार्वजनिक स्थल, रेलवे, बस स्टेशन, होटल, ढाबा, लॉज में चेकिंग कर रही है।

इसके साथ ही भीड़ भाड़ वाले प्रमुख बाजारों के आस पास भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे है। संदिग्ध लोगों से पुलिस पूछताछ भी कर रही है। शहर में लावेला चौक, बस, रेलवे स्टेशन, घंटाघर से लेकर अन्य प्रमुख बाजारों, सराफा बाजार समेत भीड़, भाड़ वाले इलाकों में पुलिस ने संदिग्ध लोगों की चेकिंग का काम शुरू कर दिया है। खासकर यहां बस स्टेशन से दिल्ली के यात्री काफी संख्या में जाते है। हर आधे घंटे में दिल्ली के लिए रोडवेज की बस भी चलती है।

इसको लेकर यहां से आने व जाने वाले यात्रियों से भी पूछताछ कर उनके सामान की चेकिंग हो रही है। एसएसपी डॉ. बृजेश सिंह, एसपी ग्रामीण ह्देश कठेरिया, सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय समेत शहर व सिविल लाइंस कोतवाल पुलिस टीम के साथ लगातार चेकिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही जिले के सभी ग्रामीण इलाकों में भी पुलिस चेकिंग अभियान चला रही है। बरेली, संभल, शाहजहांपुर, कासगंज समेत पड़ोसी जिलों की सीमा पर भी पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। एसएसपी ने बताया कि दिल्ली में हुए ब्लॉस्ट के बाद जिले में पुलिस अलर्ट मोड पर है। सभी सार्वजनिक स्थान समेत प्रमुख बाजार, होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस, लॉज, रेलवे व बस स्टेशन के पास पुलिस टीम लगातार रूट मार्च कर रही है। इसके साथ ही संदिग्ध व्यक्ति, लावारिस सामान की भी जांच की जा रही है। खुफिया एजेंसियां भी सक्रिय पुलिस के साथ खुफिया एजेंसियां भी सक्रिय हो गई है। पुलिस की एसओजी टीम भी लगातार निगरानी कर रही है। बस व रेलवे स्टेशनों के आस पास संदिग्धों पर नजर रखने के लिए सादी वर्दी में भी पुलिस टीमों को लगाया गया है। संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल दें जानकारी जिले में हाई अलर्ट के तहत सभी प्रमुख स्थानों पर पुलिस चेकिंग कर रही है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा-व्यवस्था पर नजर बनाए हुए है। एसएसपी डॉ बृजेश सिंह व डीएम अवनीश राय भी मंगलवार रात को शहर से लेकर ग्रामीण इलाके में लगातार भ्रमण कर हालात का जायजा लेते रहे। डीएम ने बताया कि सभी मजिस्ट्रेट भी चेकिंग में लगे है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं कोई संदिग्ध गतिविधियों के बारे में किसी को पता लगे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील डीएम व एसएसपी ने की है।

## कलक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय सिंचाई बंधु की बैठक

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय सिंचाई बंधु समिति के उपाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू की अध्यक्षता में सिंचाई बंधु की जनपद स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने लघु सिंचाई के संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि लघु सीमांत कृषकों की सुविधाओं को लेकर विशेष ध्यान दिया जाए। शासन की प्राथमिकता के अनुसार कृषकों के साथ अच्छा व्यवहार हो तथा आईजीआरएस शिकायतों के अन्तर्गत अच्छे से सुनवाई हो। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी संवेदनशील बनें जनसुनवाई के अन्तर्गत जनसामान्य की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। मुख्य विकास अधिकारी ने लघु सिंचाई से संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जल संरक्षण को लेकर कार्य किया जाए, जल संरक्षण को समझना आवश्यक है। सभी विभाग जल संरक्षण को लेकर कार्य करें। रेनवाटर हार्वेस्टिंग पर भी कार्य किया जाए। भूगर्भ जल को अधिक से अधिक बचाने तथा जल का सदुपयोग करने को लेकर भी चर्चा की गयी। सिंचाई बंधु जिला स्तरीय समिति के उपाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने कहा कि सभी लोग अपने अपने कार्यों के प्रति सजग रहें।

## रोटावेटर से कटकर किसान की मौत, खेत की जोताई के दौरान हुआ दर्दनाक हादसा

बदायूं। मूसाझाग थाना क्षेत्र में खेत की जोताई के दौरान किसान रोटावेटर की चपेट में आ गया, जिससे कटकर उसकी मौत हो गई। बदायूं के मूसाझाग थाना क्षेत्र के ग्राम मैरी में मंगलवार की सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। खेत की जोताई करते वक्त रोटावेटर मशीन में फंसकर किसान की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम मैरी निवासी प्रताप पुत्र राम भरोसे (उम्र 30 वर्ष) सुबह करीब छह बजे अपने खेत की जोताई करने ट्रैक्टर लेकर गया था। बताया जा रहा है कि खेत में काम करते वक्त अचानक संतुलन बिगड़ने से वह रोटावेटर मशीन की चपेट में आ गया। मशीन के ब्लेड से शरीर के कट जाने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने जब यह हादसा देखा तो उन्होंने शोर मचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही मूसाझाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार प्रताप मेहनती और शांत स्वभाव का व्यक्ति था। वह खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण करता था।

## शिवदेवी सरस्वती विद्यालय में स्काउट-गाइड शिविर का दूसरा दिन संपन्न

बदायूँ। शिवदेवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चल रहे स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्रशिक्षक नंदराम शाक्य ने छात्र-छात्राओं को स्काउटिंग के उद्देश्य, अनुशासन, दल भावना और सेवा भावना के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को विभिन्न स्काउटिंग क्रियाकलापों एवं प्राथमिक उपचार के तरीकों का प्रशिक्षण भी दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और स्काउट गाइड की विधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।विद्यार्थियों ने स्काउट गाइड के नियमों, प्रतिज्ञा और सिद्धांतों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा, उन्हें सेल्यूट, बायां हाथ मिलाना, वर्दी का उचित प्रयोग और राष्ट्रीय ध्वजों की जानकारी समेत विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया। दौरान छात्र-छात्राओं ने समूह में कई व्यावहारिक गतिविधियाँ करते हुए समाजसेवा की प्रेरणा ली। विद्यालय के प्रधानाचार्य वेदरत्न शर्मा ने प्रशिक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। इस अवसर पर पी टी आई कुलदीप यादव, अमित शर्मा इत्यादि आचार्य उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, दिल्ली जा रही पिकअप को ट्रक ने मारी टक्कर

संभल। थाना बबराला क्षेत्र के ग्राम कैल के पास बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिकअप सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, इमरान हुसैन पुत्र मुंतियाज हुसैन निवासी नई बस्ती, वजीरगंज, जनपद बदायूं अपनी पिकअप गाड़ी से बहजोई होते हुए दिल्ली जा रहा था। मंगलवार की रात्रि लगभग 12:30 बजे ग्राम कैल के समीप सामने से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाहीपूर्वक पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में इमरान हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर थानाध्यक्ष बबराला पुलिस बल सहित तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल इमरान को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी गुन्नौर भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मृतक के पिता मुंतियाज हुसैन की तहरीर पर थाना बबराला में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मीट शाप का किया निरीक्षण

संभल। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा चमन सराय संभल नगर पालिका स्थित 7 मीट शॉप्स का निरीक्षण किया गया जिनका विवरण निम्नानुसार है 1 आज़म मीट शॉप 2. शाह आलम मीट शॉप 3. जावेद मीट शॉप 4. फ़ैज़ान मीट शॉप 5. फैजल मीट शॉप 6. अंसार फ्रेश बफैलो मीट शॉप 7. साबरी फ्रेश बफैलो मीट शॉप सभी मीट शॉप परिसर में साफ़ सफ़ाई संतोषजनक न पाए जाने एवं आवश्यक अभिलेख उपलब्ध न कराए जाने पर सभी को नोटिस जारी किए गए। नोटिस का जवाब संतोषजनक न दिए जाने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।कार्यवाही के दौरान श्री मानवेन्द्र सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य)-।। के नेतृत्व में राहुल सिंह , मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, राजेश कुमार, सुधीर कुमार, राजीव कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## सामने से आ रही मोटरसाइकिल से टकराकर घायल

रायबरेली। सामने से आ रही मोटरसाइकिल से टकराकर दो मोटरसाइकिल सवार घायल हो गए। मंगलवार दोपहर को पूरे औसान मजरे ज्योना निवासी राजाराम 45 वर्ष अपने साथी अखिलेश 30 वर्ष निवासी बरियार सिंह मजरे ज्योना के साथ एक ही मोटरसाइकिल पर चंदापुर की तरफ जा रहे थे तभी रास्ते में पूरे उदवत गांव के पास सामने से आ रहे पल्सर मोटरसाइकिल सवार अंकित पुत्र राम अवतार ने राजाराम की मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। घटना में दोनों बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया जहां दोनों का प्राथमिक उपचार जारी है।

## श्रीमद्भागवत कथा एवं जनजागरण महोत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ



प्रतापगढ़। ग्राम खूझी (ब्लॉक मांधाता) की धरती मंगलवार को भक्ति और चेतना के अद्भुत संगम से आलोकित हो उठी। अवसर था स्तुति चैरिटेबल सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित ल्लश्रीमद्भागवत कथा एवं जनजागरण महोत्सवङ्क के शुभारंभ का। संस्था की संस्थापिका एवं अध्यक्षा डॉ. निरुपमा सिंह द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय आयोजन का उद्घाटन दिव्य प्रेम सेवा मिशन, हरिद्वार के संस्थापक डॉ. आशीष गौतम ने दीपप्रज्वलन कर किया। पहले दिन भक्ति और सेवा का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर डॉ. निरुपमा सिंह द्वारा लिखित दो पुस्तकों, भोजन भी औषधि : कैंसर के प्रति एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण और ल्लनेक्टर का लोकार्पण किया गया। पहले दिन के तीन सत्रों में कृषि, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को समर्पित कार्यक्रम हुए। कृषि विशेषज्ञों ने आधुनिक खेती और जैविक कृषि पर चर्चा की, जबकि महिला स्वास्थ्य और सशक्तिकरण पर विशेष सत्र आयोजित हुआ। आचार्य श्री राजन दीक्षित जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य प्रवचन दिया, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। आयोजन में गर्भाशय मुख कैंसर से बचाव हेतु एच.पी.वी. (एचपीवी) वैक्सीन की सेवा उपलब्ध कराई गई, साथ ही एक जिला ऽ एक उत्पाद प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश की कला और शिल्प की झलक प्रस्तुत की गई।डॉ. निरुपमा सिंह ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक कथा नहीं, बल्कि कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, दहेज उन्मूलन और दिव्यांगजन कल्याण जैसे सामाजिक सरोकारों को जोड़ने वाला जनजागरण अभियान है। मुख्य अतिथि डॉ. आशीष गौतम ने कहा कि जो व्यक्ति अपना समय, परिवार और संसाधन समाज को समर्पित करता है, वही सच्चा सेवक है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि एक डॉक्टर का गाँव में रहकर समाजसेवा करना गर्व की बात है, यह संस्था चेतना, सेवा और समर्पण की नई मिसाल है।

## पालिका का दावा फ़ेल, डोर-टू-डोर नहीं उठाया जा रहा कूड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका ने कुछ दिन पहले ही डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था लागू की थी। दावा किया गया था कि इससे शहर में फैली गंदगी पर नियंत्रण होगा। लोग घर के बाहर कूड़ा फेंकने से बचेंगे।

शुरुआत में एक-दो दिन व्यवस्था पटरी पर रही, लेकिन अब गली-मोहल्लों में पहले की ही भांति गंदगी पड़ी दिखाई दे रही है। वहीं लोगों का कहना है कि कूड़ा उठाने ले लिए डोर-टू-डोर ई-रिक्शा चालक अपने मनमुताबिक पहुंच रहे हैं, जिससे उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा। नगर पालिका की ओर से बीती तीन नवंबर को शहर के सभी 29 वार्ड में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन अभियान शुरू किया गया। इसके तहत सभी वार्ड में ई-रिक्शा समेत दो कर्मचारियों को लगाया गया, लेकिन शहर के मोहल्ला प्रेम नगर, मोहल्ला गांधी नगर, मोहल्ला शिवपुरम, जालंधरी सराय, नेकपुर, लोची नगला आदि मोहल्लों की कई गलियों में अब भी ई-रिक्शा नहीं पहुंच रहे हैं। इससे लोगों के घरों में कूड़े का ढेर लगने लगे हैं। शिवपुरम निवासी मनीष का कहना है कि नगर पालिका ने अभियान शुरू करते समय साफ कहा था कि वाहन रोजाना तय समय पर आएंगे और किसी वार्ड को छोड़ा नहीं जाएगा। पर हकीकत में इसका पालन नहीं हो रहा है।

बोले, कुछ क्षेत्रों में तो कूड़ा वाहन के चालक और कर्मचारियों के रवैये की भी शिकायतें सामने आई हैं। समय का नहीं हो रहा पालन डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले वाहनों का नगर पालिका की ओर से समय निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार सुबह सात से पूर्वाह्न 11 और शाम को तीन से छह बजे तक कूड़ा उठाया जाएगा, लेकिन कई वार्ड की गलियों में कूड़ा गाड़ी समय से नहीं पहुंच रही है। चित्रांश नगर निवासी राजेश का कहना है कि कभी कूड़ा वाहन दोपहर में एक बजे आ रहा है, तो कभी दो बजे आता है। साथ ही वाहनों पर गाने नहीं चल रहे हैं। इस वजह से लोगों को जानकारी ही नहीं होती कि वाहन कूड़ा लेने आया हुआ है। स्थिति यह है कि कई घरों में जमा कूड़ा अब बदबू फैलाने लगा है। गलियों में भी गंदगी नजर आने लगी है। मॉनिटरिंग कमजोर होने से बढ़ रही दिक्कत शहरवासियों का कहना है कि नगर पालिका ने यह व्यवस्था शुरू तो कर दी, लेकिन निगरानी और मॉनिटरिंग की व्यवस्था बिल्कुल कमजोर है। वार्ड बार निरीक्षण न होने के कारण कर्मचारियों की लापरवाही बढ़ रही है। कई स्थानों पर शिकायतें करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती। अवनेश, तनवीर ने मांग की है कि नगर पालिका अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करना चाहिए और कूड़ा वाहनों के लिए तय रूट व टाइमिंग को सख्ती से लागू करना चाहिए। ताकि लोग समय पर कूड़ा दे सकें। लोगों ने बताई अपनी-अपनी परेशानी कई दिन से तो कोई ई-रिक्शा वाला घर की तरफ नहीं आया। आज आया था, वह भी करीब डेढ़ बजे के आसपास। अब कूड़ा डालने के इंतजार में तो इस समय तक बैठे नहीं रहेंगे। ऐसे में कूड़ा एक निर्धारित स्थान पर डालने के लिए रोजाना जाना होता है।

## चालीस मिनट तक लगातार कॉल करने पर भी नहीं पहुँची 108, लापरवाही उजागर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिले में स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन घटपुरी और बदायूं के बीच किलोमीटर संख्या 362/6-7 पर यह हादसा हुआ। बरेली से बदायूं आ रही सवारी गाड़ी संख्या 55308 के इंजन के सामने अचानक एक व्यक्ति आ गया।ट्रेन की चपेट में आने से उसके दोनों हाथ कट गए और पैरों में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ निरीक्षक राम प्रताप सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह और कांस्टेबल अमरपाल को मौके पर भेजा। दोनों ने यात्रियों की मदद से घायल को गार्ड ब्रेक में चढ़ाकर बदायूं रेलवे स्टेशनपहुंचाया। स्टेशन पर मौजूद कर्मचारियों और यात्रियों ने घायल को स्ट्रेचर सहित स्टेशन पर उतारा। इसके बाद प्रभारी स्टेशन अधीक्षक अफसर हुसैन और रेल सुरक्षा कर्मियों ने सरकारी एंबुलेंस 108 सेवा को कई बार कॉल किया। हर बार यही जवाब मिला – ल्लएम्बुलेंस पाँच मिनट में पहुँच रही है।ङ्क लेकिन चालीस मिनट बीत जाने के बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंची। आख़िरकार घायल व्यक्ति मोतीराम (55 वर्ष) पुत्र नैनसुख, निवासी हथिनी भूण थाना मूसाछाग, जिला बदायूं, को टेंपो से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बरेली रेफर कर दिया। स्टेशन पर मौजूद कर्मचारियों और यात्रियों ने स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। लोगों का कहना है कि अगर समय पर एंबुलेंस पहुँच जाती, तो घायल का काफी खून बहने से रोका जा सकता था। जनता ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## अब 20 नवम्बर तक कर सकते हैं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में आवेदन

कैनविज टाइम्स संवाददात

बदायूँ। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विष्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत जनपद बदायूँ में ट्रेडवार लक्ष्य बढई, नाई, कुम्हार, राजमिस्त्री, सुनार एवं मोची अिद ट्रेडों में 10 दिवसीय प्रषिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रषिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। आवेदन की की अन्तिम तिथि 25 सितम्बर 2025 थी, आवेदन पत्र कम प्राप्त होने के कारण अब आवेदन की तिथि 20 नवम्बर 2025 तक बढायी गई है।उन्होंने बताया कि आवेदक दिनांक 20 नवम्बर 2025 तक वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। उन्होंने योजना की पात्रता की शर्तां के बारे में बताया कि इसके लिए आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (एस0सी0, ओ0बी0सी0 वर्ग के लिये), आयु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पढे लिखे होने पर शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, तकनीकी जानकारी रखने पर तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी, आवेदनकर्ता की आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए, वह जनपद का स्थाई निवासी होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि आवेदकों को परम्परागत कारीगरी से जुडे होने के प्रमाण के रूप में गा्रम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत अथवा नगर पालिका अथवा नगर निगम के सम्बन्धित वार्ड के सदस्य द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। परिवार का केवल एक सदस्य ही योजनान्तर्गत आवेदन हेतु पात्र होगा। परिवार का आशय पति अथवा पत्नी से है, आवेदन कर्ता को इस आशय से कि उसने एवं उसके परिवार के किसी सदस्य ने पूर्व में किसी प्रषिक्षण योजना में टूलकिट या मानदेय का लाभ नही लिया हो नोटरी शपथ पत्र 10 रू0 के स्टाम्प पर देना होगा।

## रन फॉर यूनिटी एवं एकता यात्रा के माध्यम से सरदार पटेल को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के शिल्पकार, लौह पुरुष एवं 'भारत रत्न' सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती समारोह अभियान के अंतर्गत जनपद रायबरेली के बछरावां विधानसभा क्षेत्र में ल्लरन फॉर यूनिटी एवं एकता यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित विशाल जनसभा एवं एकता यात्रा में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं हजारों कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने सरदार पटेल के अदम्य साहस, दूरदृष्टि और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी जी ने उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के साथ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने भारत के एकीकरण के जिस सपने को साकार किया, वह आज भी देश की प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि ल्लरन फॉर यूनिटीङ्क जैसे आयोजन हमें यह स्मरण कराते हैं कि देश की एकता और अखंडता सर्वोपरि है, और हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह इसके संरक्षण में अपना योगदान दे। उद्यान मंत्री ने कहा सरदार पटेल का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनकी दूरदर्शीता का ही परिणाम है कि भारत की भौगोलिक एकता और अखंडता सुनिश्चित हुई। इस अवसर पर बुद्धि लाल पासी, राकेश सिंह, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों, सभी मोर्चों के जिलाध्यक्षों, माननीय विधायकों, ब्लॉक प्रमुखों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर सरदार पटेल के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## कूड़ा घर के समीप झाड़ियों में नवजात बच्ची मिलने से हड़कंप

**नवजात के नाभि में अस्पताल में इस्तेमाल होने वाली क्लिप्स लगी हुई थी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। महराजगंज क्षेत्र के पाराखुर्द गांव के पास मोहनगंज-पुरासी रोड पर स्थित कूड़ा घर के समीप झाड़ियों में एक नवजात बच्ची मिलने से सोमवार देर रात हड़कंप मच गया। नवजात के नाभि में अस्पताल में इस्तेमाल होने वाली क्लिप्स लगी हुई थी, जिसने इस घटना को और भी सनसनीखेज बना दिया है।

### देर रात शौच के लिए गए ग्रामीण को मिली बच्ची

जानकारी के अनुसार, पाराखुर्द गांव के निवासी सभाजीत सोमवार की देर रात लगभग 11 बजे शौच के लिए सड़क किनारे गए थे। इसी दौरान उन्हें पास की झाड़ियों से किसी शिशु के रोने की आवाज सुनाई दी। जब वह पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक नवजात बच्ची झाड़ियों में पड़ी हुई है। उन्होंने तुरंत बच्ची को उठाया और गांव लेकर आए। नवजात मिलने की खबर सुनते ही गांव में लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस और 1098 चाइल्डलाइन की टीम मौके पर पहुंची। गांव की ही महिलाओं, फूलमती और रामस्वरूप आदि ग्रामीणों के सहयोग से नवजात को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) महराजगंज पहुंचाया गया।

सीएचसी में चिकित्सक डॉ. अनिल भारद्वाज ने बच्ची का प्राथमिक उपचार किया। डॉ. भारद्वाज ने बताया कि बच्ची स्वस्थ है, लेकिन एहतियाती तौर पर उसे बेहतर देखभाल के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बच्ची को जिला अस्पताल के बेबी केयर वार्ड में भर्ती कराया गया है। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है कि आखिर कौन नवजात को इतनी रात में सुनसान जगह पर छोड़ गया।

## दिल्ली लालकिले के पास हुए बम ब्लास्ट में वकीलों ने जताया शोक

रायबरेली। बार एसोसियेशन के वकीलों ने दिल्ली लालकिले के पास हुए बम ब्लास्ट में शोक जताया , दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया व घायलों को जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना किया ।आपको बताते चलें कि दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार शाम तकरीबन 7 बजे बम ब्लास्ट से लगभग एक दर्जन लोगों की मौत व दो दर्जन लोगों के घायल होने की सूचना से महाराजगंज बार एसोसिएशन ने दुख जताते हुए एक आपातकालीन बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष जुबेर अहमद की अध्यक्षता में बुलाई गई और बम ब्लास्ट में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना किया। वकीलों ने एक दिन के लिए न्यायिक कार्य से विरत रहे और सरकार से उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग किया साथ ही रायबरेली में निवर्तमान जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार की असमय मृत्यु पर शोक व्यक्त किया वकीलों के कार्य बहिष्कार से अदालतों में पत्रावली की सुनवाई नहीं हो सकी जिससे वादकारी सामान्य तिथियां लेकर वापस लौट गए।

## प्रदेश में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम युवाओं को बना रहा है आत्मनिर्भर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। देश के मा0 प्रधानमंत्री जी ने युवाओं को स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम आरम्भ किया है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना केंद्र सरकार द्वारा देश के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए शुरू की गयी है।

इस योजना के अंतर्गत देश के बेरोजगार युवाओं को अपना खुद का रोजगार प्रारम्भ करने के लिए निर्माण क्षेत्र में अधिकतम 50 लाख रूपये तक एवं सेवा क्षेत्र / व्यापार के चिन्हित तथा चयनित क्षेत्र के लिए अधिकतम रू020 लाख तक की लागत की परियोजनाओं की स्थापना हेतु ऋण उपलब्ध कराते हुए युवाओं को रोजगार से जोडा जा रहा है। इस योजना का लाभ प्रदेश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के युवा उठा सकते हैं। पीएमईजीपी योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को लोन देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु केन्द्रं सरकार विशेष बल दे रही है।इस योजना के तहत प्रदेश के जो इच्छुक लाभार्थी अपना रोजगार आरम्भ करने के लिए लोन प्राप्त करना चाहते है तो उन्हें पी0एम0ई0जी0पी0 ऋण स्कीम के तहत आवेदन करना होगा। तभी वह इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

इस योजना के तहत आवेदन करने की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। वह अपना खुद का रोजगार शुरू कर सकते है। सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत किसी भी संस्थान को पीएमईजीपी के तहत सहायता के लिए पात्र माना जा सकता है। अगर कोई व्यक्ति पी0एम0ई0जी0पी0 योजना के तहत लोन लेते है तो उसे उसी वर्ग के अनुसार लोन की राशि पर सब्सिडी भी दी जाती है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देशभर के युवाओं को गैर कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म उपक्रमों की स्थापना के जरिए रोजगार के अवसर प्रदान कराना है।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का उद्देश्य है कि प्रदेश के युवा नौकरी करने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बने। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के बेरोजगार नागरिकों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत उन सभी बेरोजगार नागरिकों को ऋण प्रदान किया जाएगा जो अपना रोजगार स्थापित करना चाहते हैं। इससे बेरोजगारी दर में गिरावट आएगी तथा युवा आत्मनिर्भर बनेंगे। इस योजना के तहत युवाओं को उनके वर्ग और इलाकों के अनुसार सब्सिडी भी प्रदान की जाती है। इस योजना से लाभान्वित होने के लिए नोडल एजेंसी जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी), खादी ग्रामोद्योग बोर्ड (केवीआईसी) एवं खादी और ग्रामोद्योग आयोग विभाग से संपर्क किया जा सकता है।इस योजना का लाभ लेने के लिए आर्नलाइन आवेदन करना पड़ता है। आवेदन के समय आवेदक का आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति व निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, मोबाइल नं0, पासपोर्ट साइज का फोटो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होता है।

# पराग डेयरी में अनियमितताओं का बोलबाला

**जिम्मेदारों की तानाशाही से ग्वाले परेशान**

**पराग डेयरी में मनमानी नियुक्तियों से हो रही समस्या,जांच की उठी मांग**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। पराग दुग्ध संघ गोंडा में अनियमितताओं का मामला लगातार गंभीर रूप लेता जा रहा है डेयरी संचालन में पारदर्शिता की कमी,ग्वाले को भुगतान में देरी,दूध की गुणवत्ता पर सवाल और मनमाने तौर पर नियुक्तियों को लेकर असं तोष बढ़ता जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, डेयरी प्रबंधन से संबंधित कई शिकायतें विभागीय स्त र पर की जा चुकी हैं लेकिन अब तक किसी ठो स कार्रवाई के संकेत नहीं मिले हैं।अधिकारियों की चुप्पी ने कर्मचारियों और ग्वालो में नाराज़ गी बढ़ा दी है।स्थानीय ग्वालो का कहना है कि पराग डेयरी की लापरवाही से उनका आर्थिक नुकसान हो रहा है।ऐसे में लोगों का कहना है कि यदि जल्द स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन या धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

सामाजिक संगठनों ने भी शासन से मांग की है कि पराग दुग्ध संघ गोंडा में व्याप्त अनियमि तताओं की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।इससे न केवल पारदर्शिता बहाल होगी बल्कि ग्वालो का भरो सा भी दोबारा कायम होगा।इसके साथ ही कई समिति के किसानों ने बताया कि डेयरी पर नि शुल्क चारे की बीज आती थी जो अब नहीं मि ल रही है। तथा दुग्ध मात्रा के हिसाब से फ्री में पशु आहार भी वितरित होता था जो पिछले महीने से ठप पड़ा है।वहीं इस संबंध है जब परा ग दुग्ध संघ के जी एम/जिला दुग्ध विकास अधिकारी अनुज यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि निरंतर उपार्जित दुग्ध की मात्रा में वृद्धि हो रही है और किसानों को समय से भुगतान मिले इसके लिए भी प्रयास किया जा रहे हैं। तथा बताया कि पशु आहार वितरण में लेखा-जोखा कंप्लीट कराकर तब वितरित किया जाता था लेकिन ऑडिट में समस्या हो गई जिससे एमके शुक्ला के समय से वितरित नहीं किया गया है।

जिले में विभिन्न योजनाओं से अब तक 449 से भी अधिक समितियों का गठन किया गया है, लेकिन यह आंकड़ा केवल कागजी है मौके पर कल मौजूदा समय में 70 से 80 समितियों के बीच ही दुग्ध उपार्जित हो रहा है।जबकि इसके इतर सरकार व विभाग की मंशा है कि हर एक गांव से किसानों का समिति के माध्यम से दूध इकट्ठा हो और उनकी आय बढ़ाते हुए उन्हें खुशहाल किया जाए। लेकिन सरकार की इस सारी मंशा पर जिला दुग्ध विकास अधिकारी अनुज यादव भारी पड़ते नजर आ रहे हैं, और विभिन्न माध्यमों से अपनी कमियां छुपाते हुए आवाज को शासन स्तर तक पहुंचाना चाहते हैं।ऐसे में किसानों का मानना है कि यदि शासन स्तर से इस विषय पर गंभीरता से जांच कराई जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य खुलकर सामने आ सकते हैं।

# छात्र-छात्राओं को कराया योगाभ्यास



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में छात्र छात्राओं के उत्तम स्वास्थ के लिए विशेष योग ध्यान शिविर का आयोजन किया गया ऋइस योग शिविर का आयोजन प्रोफ़ेसर रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में किया गया।

शिविर में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं को योगाभ्यास करवाया और योग से होने वाले लाभ और उसके महत्व के बारे में समझाया।इस अवसर पर योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने कहा कि योग ही निरोग रहने का एक मात्र उपाय है, जो हमें स्वस्थ जीवन प्रदान करता है।इसलिए आप सभी को अपने दैनिक जीवन में योगाभ्यास को शामिल करना चाहिए।इस अवसर पर योगाचार्य सुधांशु द्विवे दी ने योग से होने वाले अभूतपूर्व शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य लाभ के संबंध में जानकारी दी एवं योग को अपने दिनचर्या में सम्मिलित करने का आवाहन किया।शिविर के अंत में योगाचार्य ने उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं को नियमित योग करने का संकल्प भी दिलवाया ।इस अवसर पर निष्ठा दुबे, दिव्या,मानवी,, उमरा फातिमा, इषिता, खुशी, आकांक्षा, रोशनी,निधि,नीलम, इंशा, रोहन, संजीव, मोहम्मद शोएब ,यश पांडे,राज, इन्द्रजीत, सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।

# पांच वर्ष में उकरा गांव का विकास नहीं, बल्कि प्रधान का हो रहा विकास

**उकरा गाँव में विकास के दावों की पोल खोल रही जल निकासी, बंद सामुदायिक शौचालय**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा । देश के विकास का रास्ता गांवों से होकर जाने की बात कही जाती है, लेकिन गांवों की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है।

यही हाल पड़री कृपाल ब्लाक के उकरा गांव का है। यहां की हालत देखी जाए तो साफ हो जाता है कि यहां विकास सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गया है,जिसके हाथ में गांव के विका स की चाबी है उसी घर के परिवार के सदस्य के पास रोजगार सेवक, सरकारी राशन की दुकानऔर प्रधान की चाभी होने के बावजूद यहां के विकास पर ध्यान नहीं दिया गया।यहां की टूटी-फूटी सड़कों, गंदगी से पटी गलियों, बजबजाती नालियों और जगह-जगह फैली गंदगी को देख कर लगता है जैसे समय भी यहां विकास का पहिया थम गया हो।गांव में पंचायत भवन, सार्व जनिक शौचालय का निर्माण होने के बावजूद सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। यहां पहुंचने के लिए ग्रामीणों को जर्जर सड़क का सहारा लेना पड़ ता है,गांवों का विकास सरकार की प्राथमिकता है,लेकिन उकरा गांव में घुसते ही गांव की गलि यों में बदहाली की तस्वीर साफ नजर आने लग ती है।गांव में जैसे ही मुख्य सड़क से प्रवेश कर ते हैं तो टूटी सड़कों और कीचड़ से भरे गड्ढों की कतार स्वागत करती है।आरसीसी की सड़क टूटी चुकी हैं। सड़कों पर गंदा पानी बहता रहता है। रास्तों के दोनों ओर झाड़-झंखाड़ उगे हुए हैं,जिनसे जहरीले कीड़े-मकोड़े का खतरा बढ़ा दि या है। गांव के बाहर निकलने के रास्ते का भी कमोवेश यही हाल है। उकरा गांव के अंदर की सड़कों की हालत बेहद दयानीय है,सड़क देख कर यह अंदाजा लगाना कठिन है कि वह सीसी है या इंटरलाकिंग।कुछ सड़कें अभी भी खड़ंजा तक ही सीमित रह गई हैं।पंचायत भवन को जा ने वाली सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है।सामुदायिक शौचालय में ताला लगा रहता हैगांव के गलियों के रास्ते गंदे पानी का जल भ राव होने खस्ता हालत में पंहुच गए हैं। गांव के खाली पड़े जगहों पर घरों से निकलने वाला कूड़ा-करकट फेंकने से गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कूड़े व गंदगी से उठती दुर्गंध का हर समय सभी को सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है साफ-सफाई व्यवस्था ध्वस्त होने के बाद भी जिम्मेदार विकास व अन्य सुविधाओं को लेकर गंभीर नहीं है। सफाई कर्मी भी गांव में कभी दिखाई नहीं देते हैं।उकरा गांव के नालियों की हालत दयनीय है। गांव में कुछ जगहों पर नालियों का निर्माण स ड़क से ऊंचा होने से पानी सड़कों पर पसरता रहता है।कुछ जगहों पर अतिक्रमण करके या तो नालियां पाट ली गई है या बिना नाली के ही सड़क का निर्माण करा दिया गया है। जगह-जगह बनाई गई नालियां टूटकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। गंदगी से पटी हुई है। नालियों के चोक होने से घरों का पानी सड़क पर इधर-उधर पसर रहा है। बरसात में लोगों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है।हर घर नल योजना शुरू तो हुई लेकिन अभी तक लोगों के घरों तक स्वच्छ पानी नही पंहुच रहा है। जर्जर सड़क पर आवागमन करना ग्रा मीणों की मजबूरी हो गई है। गंदगी से मच्छरों के बड़े प्रकोप से लोग परेशान है। हालात यह है कि सड़क, पानी, स्वास्थ्य आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं ध्वस्त हो गई है।

## आधी - अधूरी नालिया बनाकर खेत में छोड़ा

वर्षों से जल निकासी की समस्या से बेहाल हैं ग्रामीण उकरा गांव वर्षों से जल निकासी की गंभीर समस्या से जूझ रहा है, लेकिन अब तक जिम्मेदार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है।जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने, नालियों की साफ-सफाई न होने,कई स्थानों पर नालियों के अभाव के कारण गांव की सड़कें गंदे पानी से लबालब भरी रहती हैं।स्थिति तब और भयावह हो जाती है जब बारिश होती है। जल निकासी की व्यवस्था चरमराने लगती है और गंदा पानी सड़कों से होते हुए लोगों के घरों में घुसने लगता है।इससे न केवल आवागमन में बाधा आती है, बल्कि संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बना रहता है।स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें प्रतिदिन गंदगी और बदबू के बी च से होकर गुजरना पड़ता है।इससे ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है।

# रन फॉर एजुकेशन मैराथन का आयोजन बढ़ती फीस के विरोध में दौड़े सैकड़ों छात्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा। बढ़ती फीस और स्कूलों की मनमानी के विरोध में गोंडा जिले में रन फॉर एजुकेशन मैरा थन का आयोजन किया गया था, जहां राष्ट्रीय छात्र पंचायत द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया है, धुसवा मेला स्थल से मैराथन की शुरुआत हुई,दौड़ शुरू होने से पहले दिल्ली ब्लास्ट में मारे गए लोगों को पां च मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभा रंभ किया। इस दौरान छात्रों ने 'सस्ती शिक्षा सबका अधिकार' जैसे नारे लगाए। यह दौड़ धुसवा मेला स्थल से शुरू होकर जानकी नगर महाराजगंज तक चली, जहां इसका समापन हुआ। प्रतियोगिता में पुरुषों की श्रेणी में सूर्य प्रकाश ने प्रथम,राज तिवारी ने द्वितीय और अफान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।लड़कियों में ज्योति गौतम प्रथम,अंशिका सिंह द्वितीय और काजल मिश्रा तृतीय रहीं।सभी विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कि या गया।राष्ट्रीय छात्र पंचायत के



राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने इस अवसर पर बच्चों को संबो धित करते हुए दिल्ली ब्लास्ट के दोषियों को क ड़ी सजा देने की मांग की।उन्होंने कहा कि दो षियों को ढूंढकर ऐसी कार्रवाई की जाए,जो पूरे विश्व को एक संदेश दे,शिवम पाण्डेयने मैरा थन का उद्देश्य बताते हुए कहा कि देश में सभी को एक समान शिक्षा मिलनी चाहिए। यह हमारे महापुरुषों और स्वतंत्रता सेनानियों का सपना था।उन्होंने सभी से अपने-अपने गांवों में जाकर मुख्यमंत्री को फीस बिल रेगुलेशन के लिए पत्र लिखने का आग्रह किया। वही चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ महामंत्री प्रशांत पटेल ने बताया कि शिक्षा ही वह माध्यम है।जिससे हम अपने जीवन में कुछ बड़ा कर सकते हैं तो अगर हमें प्रगति करनी है सभी को उच्च शिक्षा के तरफ जरूर जाना चाहिए।

# बहराइच में लॉन्च हुआ अवधी फीचर फिल्म नफ़रत है प्यार का ट्रेलर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। जिले की प्रतिभाओं ने एक बार फिर अपनी रचनात्मक पहचान दर्ज कराई। जी एंटरटेनमेंट प्रस्तुत अवधी फीचर फिल्म ह्लनफ़रत है प्यारङ्क का ट्रेलर लॉन्च समारोह बहराइच के केडी पैलेस, नियर इंदिरा स्टेडियम में धूमधाम से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन शाहनवाज़ खान रोहिल्ला ने किया। फिल्म के निर्माता ज़ाकिर अली, अभिनेता-निर्देशक राजेश मलिक और अभिनेत्री अनुपमा मिश्रा कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। मंच पर अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में प्रदर्शित फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों ने सराहा और खूब तालियाँ बजाईं। फिल्म का पहला शो 28 नवम्बर को बहराइच में प्रदर्शित किया जाएगा। स्थानीय दर्शकों व फिल्म प्रेमियों ने सोशल मीडिया पर फिल्म की टीम को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बहराइच की प्रतिभाएँ अब बड़े मंचों पर अपना लोहा मनवा रही हैं। अतिथियों ने भी युवा कलाकारों के उत्साह और रचनात्मकता की सराहना की।

# सांसद बहराइच की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई दिशा की बैठक

**वंदेमातरम के सामूहिक गायन से हुआ बैठक का समापन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

बैठक में सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, नानपारा के राम निवास वर्मा, सांसद कैसरगंज के प्रतिनिधि सुनील सिंह व संजीव सिंह, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम जायसवाल, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, नगर निकायों के अध्यक्ष, प्रमुखगण, समिति के सदस्यगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।बैठक के दौरान धान खरीद कार्य की समीक्षा के दौरान सांसद द्वय द्वारा ए.आर. को-आपरेटिव को निर्देश दिया गया कि को-आपरेटिव के सभी 103 धान क्रय केन्द्रों



को तत्काल क्रियाशील करते हुए कृषकों से शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार धान की खरीद की जाय। धान क्रय तथा खाद व बीज वितरण कार्य से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वितरण व्यवस्था को पूरी तरह से पारदर्शी बनाया जाय। सेन्टरों पर आने वाले कृषकों के सभी कार्मिक मित्रवत व्यवहार करें। कार्मिकों के आचरण एवं व्यवहार को लेकर किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया गया कि उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण का डे-बाई-डे डाटा जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराएं।ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) की समीक्षा के दौरान मण्डी सचिव को निर्देश दिया गया कि शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार किसानों को योजना से आच्छादित किया जाय। योजना से सम्बन्धित पोर्टल पर जनपद के बाहर कृषकों द्वारा विक्रय की गई उपज को ही लोड कराया जाय। कृषि अवसंरचना निधि योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि कृषि अवस्थापना के विकास के लिए संचालित इस महत्वपूर्ण योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय तथा योजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करा दिया जाय।प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान सांसद डॉ. गोंड द्वारा सुझाव दिया गया कि जो मार्ग अतिआवश्यक है उनके प्रस्ताव की प्रति जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करा दी जाय। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों की ओर से बांस गांव से कटका मार्ग व मनीटांड से खानपुर मल्लौह तक सम्पर्क मार्ग की मरम्मत कराये जाने का सुझाव प्राप्त हुआ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना अन्तर्गत चयनित कलस्टरों के अवशेष कार्य को पूर्ण करने के लिए सांसद द्वारा समय सीमा तय किये जाने का निर्देश दिया गया। आर-सेटी द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान निदेशक द्वारा बताया गया कि अब तक 586 लोगों को प्रशिक्षित किया गया है।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में योग प्रतियोगिता संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में जिला स्तरीय योग प्रतियोगि ता का सफल आयोजन किया गया जिसमें गोंडा जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से लगभग 40 परिषदीय शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

योग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने लेट कर बैठकर और खड़े होकर किए जाने वाले आसन एवं प्राणायाम किया इस प्रतियोगिता में महिला वर्ग में शिखा बिश्नोई एवं पुरुष वर्ग में अनुराग तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जो अपने जिले से राज्य स्तर पर एससीईआरटी में जनपद गोंडा का प्रतिनिधित्व करेंगे,इस अवसर पर प्रभारी की भूमिका में सौमित्र सिंह ने प्रति योगिता का संचालन किया एवं अजय प्रकाश मौर्य एवं रेनू राव ने एवं भूमेश्वर सिंह ने अपना सहयोग प्रदान किया।डायट प्राचार्य के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया एवं योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

# अंधेरे में डूबे चौराहे पर एसडीएम का एक्शन

**हाईमास्ट लाइट जल्द होगी चालू**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नगर के कुर्मिनपुरवा चौराहे पर बंद पड़ी हाईमास्ट लाइट को लेकर एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने मंगलवार को बड़ा कदम उठाया। कई दिन से अंधेरे में डूबे इस चौराहे से होकर अंतर्राज्यीय बस सेवा संचालित होती है, जहां अंधेरा होने के कारण कई सड़क हादसे भी हो चुके थे। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेते हुए अधिशासी अधिकारी नानपारा, एसडीओ बिजली विभाग तथा एनएच विभाग के अधिकारियों को तत्काल अपने



कार्यालय में बुलाया और सख्त निर्देश दिए कि चौराहे की बंद पड़ी लाइट को शीघ्र चालू कराया जाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा और यातायात की सुगमता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी नानपारा ने बताया कि आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर बिजली कनेक्शन जल्द ही जोड़ा जाएगा और हाईमास्ट लाइट को चालू कर दिया जाएगा, जिससे राहगीरों को राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं की संभावनाओं में कमी आएगी।

# अन्न महोत्सव 17 नवम्बर को मिलेट्स रेसीपी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत श्री अन्न (मिलेट्स) महोत्सव, मिलेट्स रेसीपी एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में एक बैठक विकास भवन कक्ष में सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत मिलेट्स महोत्सव एवं मिलेट्स रेसीपी प्रतियोगिता का आयोजन 17 नवम्बर 2025 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक राजकीय इण्टर कालेज मैदान प्रथम में किया जायेगा। कार्यक्रम में मिलेट्स के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा, जैसे होटल एवं रेस्टोरेन्ट के द्वारा मिलेट्स रेसीपी प्रतियोगिता, स्कूली बच्चों के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, मिलेट्स पर वाद-विवाद प्रतियोगिता एव सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया।

# राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

रायबरेली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्र के निर्देशन में राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस के अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव के नेतृत्व में सीनियर मलेरिया निरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्र, मलेरिया निरीक्षक चन्दन, सुमित, आतिफ़, नीलम मौर्या, वरिष्ठ लैब टेक्नि0 राजेश मिश्र एवं लैब टेक्नि0 अरविन्द मिश्र के सहयोग से कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रांगण मे स्थिति ए एन एम सेंटर में फाइलेरिया रोग उन्मूलन विषय पर जागरूकता संगोष्ठी, मौखिक प्रश्नोत्तर,पोस्टर, पैम्फलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित छात्र छात्राओं एवं सेंटर के उपस्थित स्टॉफ को फाइलेरिया के कारण, लक्षण, जांच, उपचार, बचाव, रुग्णता प्रबंधन आदि विषय पर विस्तार से जागरूक किया गया। इस अवसर पर मच्छरों द्वारा विभिन्न स्थानों पर प्रजनन स्रोतों का सर्वे, सोर्स रिडक्शन, जन जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। इसी क्रम में जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय में फाइलेरिया जागरूकता हेतु विचार गोष्ठी आयोजित की गई।

# महिला सप्तशक्ति संगम में महिलाओं ने बढ़ाया सामाजिक एकता का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। रामनारायण मद्धेशिया सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, नानपारा में मंगलवार को 'महिला सप्तशक्ति संगम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर की प्रबुद्ध सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. प्रत्यास्था सिंह ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती श्वेता सिंह और श्रीमती रीता चौधरी उपस्थित रहीं।



कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री विनीता शर्मा, महिला जागरण की श्रीमती मंजू शुक्ला, परिचारिका श्रीमती प्रतिभा द्विवेदी, आशा बहू मीनाक्षी मिश्रा तथा शशि द्विवेदी को समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की आचार्य सुश्री वर्णिका सोनी ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के संयोजक के रूप में श्रीमती रेनू शुक्ला, श्रीमती बिंदु पाठक और आचार्य वैकुंठनाथ अवस्थी की भूमिका सराहनीय रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी ने संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर सफलतापूर्वक संपन्न कराया। कार्यक्रम की अध्यक्ष ने अपने उद्‌बोधन में सामाजिक समरसता पर बल दिया, जबकि मुख्य वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि ह्लवृक्ष हमारी धरोहर हैं और परिवार हमारा संबल है। अतः हमें पर्यावरण संरक्षण, पारिवारिक प्रबंधन और सामाजिक समरसता के कार्यक्रम समाज के प्रत्येक स्तर तक पहुँचाने चाहिए।ङ्क कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ। आयोजन में उपस्थित माताओं और बहनों में महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रनिर्माण के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला।

# सिलाई प्रशिक्षण का दीप प्रज्वलन कर किया शुभारंभ, उपस्थित रहे कई लाभार्थी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। मिशन शक्ति के अंतर्गत बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान आरसेटी पीलीभीत द्वारा आयोजित सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा तथा निदेशक आर सेटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा एवं बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान के निदेशक रवि कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया जो ज्ञान और सशक्तिकरण के प्रतीक के रूप में था। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रदीप गौतम ने कहा कि सिलाई का हुनर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह प्रशिक्षण न केवल उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करेगा,बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा।उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को लगन और मेहनत से सीखने के लिए प्रेरित किया।बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान के निदेशक रवि कुमार ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का लक्ष्य ग्रामीण एवं निम्न आय वर्ग की महिलाओं को सिलाई का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। ताकि वे स्वरोजगार के अवसर पैदा कर सकें या छोटे उद्योगों में रोजगार प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण 31 दिन तक चलेगा और इसमें प्रशिक्षण में शामिल मुख्य बिंदु जैसे विभिन्न प्रकार के वस्त्रों की सिलाई,कटिंग,डिज़ाइनिंग आदि सिखाई जाएगी।इस अवसर पर फ़िज़ा खानम कार्यक्रम समन्वय एवं अन्य आरसेटी स्टाफ भी उपस्थित रहा हैं।उन्होंने भी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं दीं है।

प्रशिक्षण में भाग लेने वाली महिलाओं ने इस पहल के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया और अपनी उत्सुकता जाहिर की।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में उनकी भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान के निदेशक ने कहा कि यह पहल भविष्य में भी जारी रहेगी और अधिक से अधिक महिलाएं इससे लाभान्वित होंगी।

## डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत कम्पोजिट विद्यालय किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान ने आज विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत तहसील गौरीगंज अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय धनी जलालपुर का निरीक्षण किया।इस दौरान उनके साथ अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता तथा उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी व तहसीलदार गौरीगंज भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में उपस्थित बीएलओ से घर घर जाकर किये जा रहे गणना प्रपत्र वितरण की जानकारी ली और अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र अवश्य पहुंचे ताकि कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रह जाय। इसके बाद जिलाधिकारी ने मेंदन मवई गांव पहुंचकर गणना प्रपत्र वितरण की स्थलीय स्थिति का सत्यापन किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुये अपील किया कि वे समय पर अपना गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ को सौंपें। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रत्येक मतदाता की सहभागिता से ही सफल होगा। डीएम ने बताया कि इस विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है, जिससे कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न रह जाय। उन्होंने कहा कि यह अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि सभी गणना प्रपत्र शीघ्र वितरित कराएं और मतदाताओं को प्रपत्र भरने की प्रक्रिया के बारे में समुचित जानकारी दें। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ज्ञातव्य है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान चार दिसंबर तक संचालित किया जायेगा। इस अवधि में बीएलओ घर घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे जिन्हें मतदाताओं द्वारा भरकर पुनः बीएलओ को सौंपा जाना है।

### दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पूरनपुर। बेसिक शिक्षा विभाग की दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय बाल मिनी शैक्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक विद्यालय भगवंतापुर में भाजपा नेता ऋतुराज पासवान ने दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।बीआरसी पूरनपुर क्षेत्र की बेसिक शिक्षा विभाग की दो दिवसीय बाल मिनी शैक्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह के निर्देशन में 11 नवम्बर से भगवंतापुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में पहले दिन प्राथमिक स्तर की प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में संकुल स्तर से प्राथमिक विद्यालयों के विजयी हुए छात्रों ने प्रतिभाग किया। बीजेपी नेता ऋतुराज पासवान ने दौड़ प्रतियोगिता का फीता काटकर व हरी झंडी दिखाकर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से प्रारम्भ हुई। प्रतियोगिता के पहले दिन प्राथमिक स्तर की 50, 100, 200, 400 मीटर दौड़, लम्बीकूद, कबड्डी, खो-खो आदि प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्राथमिक स्तर में 50 मीटर की दौड़ में बालक एवं बालिका वर्ग में लोहरपुरा के आर्यन कुमार, गुलड़िया भूपसिंह की देवांशी प्रथम और सुआबोझ के शिवा और सलोनी द्वितीय, 100 मीटर में सुआबोझ के शिवा व सलोनी प्रथम और जहूरगंज के रितेश, गुलड़िया भूपसिंह द्वितीय की देवांशी द्वितीय, 200 मीटर में लुकटिहाई द्वितीय के सौरभ, पताबोझी की शिल्पी प्रथम और लोहरपुरा के आर्यन कुमार, गुलड़िया भूपसिंह द्वितीय की गुलफशा द्वितीय, 400 मीटर में फैजुल्लागंज के सौरभ, भगवंतापुर की आरती प्रथम और भगवंतापुर के विपिन, पताबोझी की शिल्पी द्वितीय स्थान पर रही। लंबीकूद में लुकटिहाई के राजू, गुलड़िया भूपसिंह द्वितीय की देवांशी प्रथम और गुलड़िया भूपसिंह द्वितीय के रमन, भगवंतापुर की रितम्बरा द्वितीय स्थान पर रही। कबड्डी में बालक वर्ग में रघुनाथपुर की शिवोम एंड पार्टी प्रथम और खो-खो की बालिका वर्ग में मदारपुर घुँघचिहाई की प्रिया एंड पार्टी प्रथम स्थान पर रही। प्रतियोगिता के आयोजक प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष सूर्यप्रकाश गंगवार ने सभी आगुन्तक शिक्षकों का आभार व्यक्त किया तथा मंच का संचालन शिक्षक सन्तोष कुमार पासवान ने किया। इस प्रतियोगि में प्रधान सतीश गिरि,बृजेशदेव मौर्य, व्यायाम शिक्षक अर्जुन सिंह गंगवार, कुंदन सिंह,प्रभुदयाल, अजय तोमर, महेश यादव, ऋषि सक्सेना, ब्रजेश शुक्ला, रामआसरे पासवान,वासुदेव यादव,नूपर पाण्डेय,विशाल चौहान, विनीत कुमार, शुभम शुक्ला, अशोक कुमार, विकास आर्य, वेदप्रकाश, सुंदरलाल, अनुपम शुक्ला आदि मौजूद रहे। खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि 12 नवम्बर को जूनियर स्तर की समस्त खेलकूद प्रतियोगिताएं सुबह 10 बजे से प्रारम्भ होगी। ब्लाक स्तर पर विजयी हुए छात्रों को 4 बजे पुरस्कार वितरण के पश्चात खेलकूद प्रतियोगिता का समापन होगा।

### लम्बी बीमारी से रामचेत लड़ते लड़ते हार गए जिंद्गी की जंग

सुलतानपुर। कूरेभार थाना क्षेत्र के ढेसरूआ गांव निवासी मोची रामचेत का बीमारी से निान हो गया। लंबे समय से कैंसर और टीबी से जूझ रहे रामचेत की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।बीते वर्ष एक विचाराीन मामले की सुनवाई के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी सुल्तानपुर से लौटते समय अचानक रामचेत की गुमटी पर रूके थे।

बातचीत के दौरान राहुल ने रामचेत की आर्थिक स्थिति देख मदद का आश्वासन दिया था। इसके बाद राहुल गांी ने रामचेत को जूते-चप्पल सिलाई की अत्याुनिक मशीन और कच्चा माल उपलब कराकर उनके व्यवसाय को नई राह देने की कोशिश की थी।मदद मिलने के बाद रामचेत का काम कुछ ही समय में पटरी पर लौटने लगा था,लेकिन तभी किस्मत ने द्गा दे दिया। उन्हें कैंसर और टीबी ने चपेट में ले लिया। हालत बिगड़ने पर राहुल गांी की पहल पर उनका इलाज प्रयागराज में कराया जा रहा था।राहुल गांी की कोशिशों के बावजूद रामचेत की ज़िंद्गी नह बच सकी और आज सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निान की खबर से ढेसरूआ गांव सहित आसपास क्षेत्र में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।गांव के लोगों ने बताया कि रामचेत मेहनती और स्वाभिमानी इंसान थे,जिन्होंने गरीबी में भी हार नह मानी थी। गांव के लोगों ने सरकार से परिवार को आर्थिक मदद की मांग की है।

### सुल्तानपुर के लाल बने आयरन मैन

सुलतानपुर। कहते हैं कि यदि इच्छाशक्ति .ढ और मज़बूत हो तो कोई भी कार्य किसी भी उम्र या परिस्तिथि में असंभव नह होता, इसका उदाहरण सुल्तानपुर जिले के सुाीर कुमार सिंह हैं। पुरे केशवराय, बहरौली ग्राम के शीतला प्रसाद सिंह एडवोकेट के पुत्र 2010 में सिविल सर्विसेज परीक्षा पास कर 475 रैंक के साथ अपने गांव और जिले का नाम रोशन किया था। आज गोवा में आयोजित विश्व स्तरीय हफ आयरन मैन प्रतियोगता में भाग लेकर सफलता पूर्वक पूरा किया। यह प्रतियोगिता कठिनतम प्रतियोगिताओं में से एक होती है जिसमें 1.9किमी तैराकी समुंद्र में, 90 किमी साइकिलिंग और 21किमी रनिंग की करनी होती है जिसमें देश विदेश से लोग सम्मिलित होते हैं श्री सिंह ने इसे 6:27 घंटे में पूरा किया। श्री सिंह वर्तमान में उत्तर रेलवे मुख्यालय में डिप्टी सीओएम् गुड्स के पद पर दिल्ली में कार्यरत हैं।

### संदिग परिस्थितियों में पड़ा मिला महिला का शव

कुड़वार/सुल्तानपुर। कुड़वार भंडरा मार्ग पर लोनीखार गांव से चंद कदम दूरी पर महिला का कंकाल रूपी शव मिला।सूचना पर पहुंची पुलिस विाकि कार्यवाही में जुटी है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र प्रतापपुर गांव से जुड़ा है। गांव से दूर जंगल झाड़ियों में महिला का र्अा नग्न कंकालरूपी शव मिलने से हड़कंप मच गया।शव मिलने की सूचना ग्रामीणों के मायम से पुलिस तक पहुंची। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के शिनाख्त का प्रयास किया। लेकिन शव की पहचान नह हो सकी। मृतका के कमर के ऊपर का हिस्सा कंकाल के रूप में परिवर्तित हो चुका है जबकि कमर के नीचे काले रंग की सलवार है। शव से कुछ ही दूरी पर सौ सौ के कुछ नोट भी पड़े मिले। स्थानीय पुलिस ने शव मिलने की सूचना एफएसएल टीम को दी। सूचना पर पहुंची फरेसिंक टीम ने शव के पास से नमूने एकत्र कर लिए। प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया कि शव को शिनाख्त के लिए मर्चरी में रखवाया जा रहा है। शव की शिनाख्त हो जाने या शिनाख्त न होने की दशा में 72 घंटे बाद पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

### 32 स्थानों पर हुआ वंदे मातरम् गीत का सामूहिक गान

सुलतानपुर। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सोमवार को जिले के 32 विभिन्न स्थानों पर वंदे मातरम् गीत का सामूहिक गान एवं सभा कार्यक्रम आयोजित हुए। इसौली विाानसभा के देहली बाजार स्थित भगवतीदीन इण्टर कलेज में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने वंदे मातरम् सामूहिक गान के बाद संबोाित करते हुए कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नह, बल्कि राष्ट्र की आत्मा का उद्घोष है। यह गीत राष्ट्रभक्ति का अमर प्रतीक बन गया। उन्होंने कहा बंकिमचंद्र चट्टोपायाय द्वारा रचित इस गीत ने अपने पुत्रों को मातृभूमि के लिए सर्वस्व समर्पण की प्रेरणा दी। पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य घनश्याम चौहान बतौर मुख्य अतिथि कादीपुर वि.स.के सरस्वती इण्टर कालेज उमरी में सहकारी बैंक अयक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह,मण्डल अयक्ष दुष्यंत पाल सिंह के साथ शामिल होकर राष्ट्र गीत का सामूहिक गान किया। उन्होंने कहा वंदे मातरम् केवल इतिहास नह यह हर भारतीय के हृदय की ाड़कन है।भाजपा जिला मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बतौर मुख्य अतिथि केदारनाथ पब्लिक स्कूल पिकौरा में मण्डल प्रभारी अशोक यादव, मण्डल अयक्ष रामजतन यादव,राम प्रकाश विश्वकर्मा के साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गान किया।

## शंकरगंज में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने धान क्रय केन्द्र का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई, अमेठी। प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री एवं तिलोई के विधायक के प्रयास से क्षेत्र के कस्बा शंकरगंज में धान क्रय केन्द्र खुल गया है जिसका शुभारम्भ ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ फीता काटकर किया और धान तौलाने आये प्रथम किसान भीम सिंह चौहान निवासी ग्राम पूरे दान सिंह वैस मेढ़ौना का माल्यार्पण कर स्वागत किया।ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने धान क्रय केन्द्र का शुभारम्भ करते हुये कहा कि किसानों को अब अपनी फसल बेंचने के लिये इधर उधर भटकने की जरुरत नही है।उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को देखते हुये कस्बा शंकरगंज में धान क्रय केन्द्र खोला गया है।प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह ने क्षेत्रीय किसानों से अपील करते हुये कहा कि आप सब लोग अपनी फसल की तौल केन्द्रों पर ही करायें जिससे उसका उचित मूल्य मिल सके।ब्लाक प्रमुख मुन्ना सिंह ने धान क्रय केन्द्र पर अपनी फसल तौलाने आये प्रथम किसान का माल्यार्पण कर स्वागत किया। केन्द्र प्रभारी ने ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ़ मुन्ना सिंह को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

## स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता रैली का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। नगर पालिका परिषद पूरनपुर एवं सोशियो वाइटल नेटवर्क फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आज स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली का मुख्य उद्देश्य नगरवासियों में स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्त वातावरण और कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाना था।रैली का शुभारंभ सुबह 11 बजे पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पूरनपुर से किया गया, जो तिरंगा चौराहा, रेलवे स्टेशन, वार्ड नंबर 17 से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में संपन्न हुई।रैली में स्कूली छात्राओं, प्रधानाचार्या जाहिदा खातून, शिक्षकों, नगर पालिका के सफाई कर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने ‟स्वच्छ भारत, सुंदर भारत”, ‟कचरा न फैलाएं, देश को सजाएं”, ‟गीला-सूखा कचरा अलग करो” जैसे नारों के साथ शहरवासियों को संदेश दिया।रैली में शामिल प्रतिभागियों ने हाथों में बैनर, पोस्टर और तख्तियाँ लेकर स्वच्छता एवं पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। रैली के माध्यम से लोगों में कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक उपयोग में कमी और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिकारियों और फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह हर नागरिक का दायित्व है। जब हर व्यक्ति अपने आसपास की सफाई की जिम्मेदारी लेगा, तभी हमारा नगर वास्तव में स्वच्छ और सुंदर बनेगा।रैली के सफल आयोजन से नगर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सहयोग की भावना में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।

## वन विभाग की मिली भगत से क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काटे जा रहे हरे पेड़

**पुलिस विभाग भी मौन बना खुले आम इस कार्यवाही को देख रहा है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। पूरा विश्व विश्व पर्यावरण दिवस मना रहा है। जगह जगह पेड़ लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।ताकि पृथ्वी को हरा भरा किया जा सके। पूरनपुर क्षेत्र में शासन प्रशासन की नाक के नीचे सप्ताह का में कई ट्रॉली आसपास गांव से पूरनपुर में आ रही है।उसके बाद ट्रैकों से भर कर उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के कई जगह पर जाती है।

पुलिस विभाग भी मौन बना खुले आम इस कार्यवाही को देख रहा है। समूचे विकासखंड में इन दिनों पर्यावरण को भारी छति पहुंचाई जा रही है। यह कार्य वन विभाग की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर हो रहा है। लाखों हरे पेड़ कई महीने से काटे जा रहे हैं। और काटकर ट्रैकों में लादकर बाहर आपूर्ति कर दी जा रही है। फिर भी वन विभाग मौन है। मजे की बात तो यह है कि इन हरे पेड़ों के कटान को वन विभाग छूट का पेड़ बताकर अपना पल्ला झाड़ ले रहा है। इससे एक तरफ जहां पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वहीं लाखों रुपए टैक्स की रकम भी इन वन माफिया द्वारा आसानी से बचा ली जा रही है। बताया जाता है कि नेशनल हाईवे के किनारे कई जगह पर्व पर आम और नीम पर बड़े पैमाने पर प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में हरे पेड़ों को काटा जा रहा है। और ट्रैक्टर ट्रॉली से भर कर पूरनपुर में स्टॉक किया जाता है। यह कटान की लकड़ियां दूसरे प्रांतों में ले जाकर अच्छे खासे मूल्य पर बेची जा रही हैं। वन माफियाओं द्वारा जहां लाखों का टैक्स बचाया जा रहा है। वहीं पूरनपुर से प्रत्येक सप्ताह चार-पांच ट्रकों पर लकड़ियों का लदान होता है। और लाखों की लड़कियां प्रति सप्ताह पूरनपुर से काटकर बाहर भेजी जा रही है। इन काटे गये रहे पेड़ो की लकड़ियों को वन विभाग छूट की लड़कियां बता रहा है। जबकि पर्यावरण का भारी नुकसान इन पेड़ों के काटे जाने से हो रहा है। फिर भी वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौन है। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण को बचाने के लिए प्रत्येक वर्ष सरकार द्वारा करोड़ों के पौधे का रोपण किया जा रहा है। इन पौध रोपण का समूचा पैसा मिट्टी में तो मिल ही रहा है। क्योंकि नई पौध तो तैयार नहीं हो रहे हैं। जो पौध मौजूद हैं उन्हें भी बड़े पैमाने पर वन विभाग की मिली भगत से काटा जा रहा है।सूत्र बताते हैं की लकड़ी माफिया वन विभाग को बेवकूफ बनाने के लिए एक दो पेड़ों का परमिट बनवाते हैं और कई पेड़ काट लेते हैं।

## बीएमएस ने मनाया साद्गी पूर्ण तरीके से राष्ट्र ऋषि का जन्म दिवस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। नगर क्षेत्र के बलवंता मन्दिर संघ कार्यालय पर देर शाम भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेगड़ी का 105 वां जन्म दिवस साद्गी पूर्ण तरीके से स्वालम्बन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के जिला अयक्ष दीपक मिश्रा ने कहा ठेगड़ी जी का जन्म 1920 ई में महाराष्ट्र के र्वाा में दीपावली पर्व पर 10 नवम्बर को हुआ था इनका राष्ट्र के प्रति भक्ति भाव और कामगारों के प्रति संवेदनशीलता ने इनको राष्ट्र ऋषि एवं राष्ट्र योगी बना दिया। अपना पूरा जीवन देश की दशा और दिशा सुाारने के मंशा से कार्य किया। कार्यक्रम को दिनेश शुक्ला विभाग प्रमुख, शशांक मोहन शुक्ल जिला मंत्री, वी.सी शुक्ला वरिष्ठ उपायक्ष ने सम्बोाित किया। इस अवसर पर अनूप श्रीवास्तव कोषायक्ष, प्रेम चन्द्र श्रीवास्तव, विनय सेन, सतीश चन्द्र मिश्रा समेत दर्जन भर लोग रहे।

## एसएफआई की ग्यारह सदस्यीय कमेटी गठित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। छात्र संगठन एसएफआई ने राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुल्तानपुर में 11 सदस्यीय इकाई कमेटी का गठन। जिला सचिव दुर्गेश यादव के नेतृत्व में किया। संगठन के जिला सचिव दुर्गेश यादव ने कहा कि राणा प्रताप कलेज के अंदर संगठन के साथियों ने लगातार सदस्यता अभियान को चलाया उसी क्रम में आज कलेज कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बलराम गौड़ को कलेज अयक्ष और रवि प्रसाद को कलेज सचिव चुना गया साथ ही अनिकत वर्मा को कलेज उपायक्ष निखिल सिंह को संयुक्त सचिव और अंकित यादव को कोषायक्ष चुना गया सत्यम कुमार, शिवा पांडेय, आकाशदीप, आदित्य यादव को सर्वसम्मति से कलेज कमेटी के सदस्य के रूप में चुना गया। कलेज सचिव रवि प्रसाद ने कहा कि एस.एफ.आई जिले का एकमात्र संगठन है जो छात्रों के मुद्दे पर संघर्ष करती है राणा प्रताप कलेज के अंदर पीने के पानी से लेकर और कलेज की लाइब्रेरी खुलवाने तक और फीस बढ़ोतरी के मुद्दे पर हमने लगातार संघर्ष किया है। हमारा प्रयास रहेगा कि हमारी चुनी हुई कमेटी कलेज के अंदर एक बेहतर पठन-पाठन के माहौल को बनाने के लिए आगे भी संघर्ष को जारी रखेगी। कलेज अयक्ष बलराम गौड़ ने कहा कि आज कमेटी गठन के वक्त आर्मी और पुलिस की तैयारी करने वाले तमाम छात्रों ने कहा कि शहर के अंदर स्थित पंतस्टेडियम जहां छात्र अपनी दौड़ करने के लिए कभी भी जाया करते थे और उनसे किसी प्रकार का शुल्क कभी नह लिया गया लेकिन अब उनसे रजिस्ट्रेशन के नाम पर और मासिक फीस के नाम पर पैसा मांगा जा रहा है जो सरासर गलत है शहर के अंदर स्टेडियम के अलावा और कोई स्थान नह है। ऐसे में जिला प्रशासन का यह कदम बहुत ही निंदनीय है। हम छात्र संगठन एसएफआई के लोग कल इस मामले को लेकर जिला अाकारी महोदय को ज्ञापन सौंपेंगे। कमेटी गठन के वक्त शिवा वर्मा, आशीष यादव, प्रभात यादव, विपिन, तुषार यादव, आकाश वर्मा, शिवम्, अकरम खान, पुनीत समेत अन्य छात्र मौजूद रहे।

## भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव का उल्लासपूरे ग्राम बेदूपट्टी में गूंजे जयकारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेदूपट्टी (प्रतापगढ़)। ग्राम बेदूपट्टी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान सोमवार की संया परम आनंद और भक्ति के वातावरण में डूबी रही, जब कथा व्यास आचार्य श्याम शंकर मिश्र जी महाराज ने भगवान श्री.ष्ण जन्म का अलौकिक प्रसंग सुनाया। कथा के यजमान .ष्ण नारायण तिवारी व संया तिवारी द्वारा विधि-विधन से पूजन के उपरांत जब आचार्य मिश्र जी ने श्री.ष्ण जन्म का वर्णन आरंभ किया, तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा।

भगवान के जन्म के समय माखनचोर की बाल लीलाओं का चित्रण करते हुए कथा व्यास ने कहा कि जब-जब ार्म बढ़ता है, तब-तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतरित होकर ार्म की स्थापना करते हैं। उन्होंने कहा कि श्री.ष्ण का जन्म केवल देवकी-वासुदेव के लिए नह, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के उद्धार के लिए हुआ था। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। महिलाओं ने थालियों से आरती उतारी, भक्तों ने नंद उत्सव का आनंद लिया, और भजन की स्वर लहरियों में वातावरण पूर्णतः .ष्णमय हो गया। संयोजक किरण कुमार तिवारी ने सभी का स्वागत किया। आयोजक राकेश तिवारी, बद्री प्रसाद तिवारी, अशोक तिवारी, दिलीप तिवारी, संजय तिवारी, मनीष तिवारी, गिरीश तिवारी, और सुाीर तिवारी, प्रशांत, हेमंत, अभिषेक, निशांत, हर्षित, शुभम, आदित्य आदि ने सबका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, महिला मंडल और युवक मंडल उपस्थित रहे। कथा समापन तक श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। क्षेत्र के कुछ सम्मानित हस्तियों को अंग वस्त्र देकर सम्मान भी किया गया।

## सम्पादकीय

# अस्वीकार्य हथकंडे

यह धारणा बना ली गई है कि हरियाणा में महिलाओं के खिलाफ ज्यादा अपराध होते रहे हैं। लेकिन हाल ही में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले कथित अपराधों से जुड़े झूठे मामलों में भी यह राज्य सबसे ऊपर है। जो कि एक गंभीर विरोधाभास को दर्शाता है। पुलिस आंकड़ों पर नजर डालें तो हरियाणा में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की लगभग 45 फीसदी शिकायतें झूठी पायी गई। जबकि गुरुग्राम में 2020 से 2024 के बीच चालीस प्रतिशत से अधिक बलात्कार के मामले जांच के बाद रद्द किए गए। निश्चित रूप से इन आंकड़ों से न केवल कानून प्रवर्तन एजेंसियों बल्कि नागरिक समाज को भी चिंतित होना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि जब मनगढ़ंत शिकायतें सिस्टम में दर्ज की जाती हैं तो ये न केवल पुलिस का समय बर्बाद करती हैं, बल्कि इसके अलावा भी इसके कई तरह के नकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। ये उन वास्तविक पीड़ितों की विश्वसनीयता को भी कमजोर करती हैं जो पहले से ही अपने खिलाफ खड़ी व्यवस्था में अपना मामला साबित करने के लिये संघर्ष कर रहे होते हैं। व्यक्तिगत बदला लेने, जबरन आर्थिक वसूली या ब्लैकमेल के लिये कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग दुर्भाग्यपूर्ण है। जैसा कि हाल ही में गुरुग्राम में एक वकील के नेतृत्व वाले गिरोह से जुड़े मामले में खुलासा हुआ। जाहिर है, इस तरह की करतूतें न्याय प्रक्रिया में जनता के विश्वास को कम ही करती हैं। निस्संदेह, इस सामाजिक विद्रूपता का उत्तर सभी महिलाओं पर अविश्वास करने या उन्हें हिंसा की रिपोर्ट करने से हतोत्साहित करने में नहीं है। हर शिकायत को गंभीरता से लिया ही जाना चाहिए। लेकिन साथ ही जांच पेशवर तरीके से और प्रमाणिक साक्ष्य आधारित होनी चाहिए। इसके अलावा उतना ही महत्वपूर्ण उन लोगों को दंडित करना भी है जो जानबूझकर कानून का दुरुपयोग करते रहे हैं। निश्चित रूप से महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा और न्याय की अखंडता परस्पर विरोधी लक्ष्य नहीं हैं, बल्कि वे पूरी तरह एक-दूसरे पर ही निर्भर भी हैं। लेकिन प्रसंग के आलोक में सबसे बड़ी सामाजिक चिंता यह भी होनी चाहिए कि हरियाणा में लैंगिक संबंध इतने अस्थिर क्यों हो चले हैं कि यहां हिंसा और प्रतिशोध दोनों पनपते हैं? निर्विवाद रूप से शिक्षा, जागरूकता और लैंगिक संवेदनशीलता कमजोर कड़ियां बनी हुई हैं। सच्चा सशक्तीकरण कानूनों के हथियारीकरण से नहीं, बल्कि एक ऐसी संस्कृति से आएगा, जो निष्पक्षता, समानता और आपसी सम्मान को महत्व देती हो। झूठे आरोप न केवल आरोपी को बल्कि मामले की संवेदनशीलता को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में महिलाओं को न्याय सिर्फ सच्चाई या विश्वास की कीमत पर नहीं मिल सकेगा। ऐसे मामलों में समाज के जागरूक लोगों और महिला संगठनों को भी आवाज उठानी चाहिए। साथ ही उन लोगों को न्यायिक प्रक्रिया के जरिये दंडित किया जाना चाहिए, जो कानून की आड़ में निहित स्वार्थों को पूरा करना चाहते हैं।

> पुलिस आंकड़ों पर नजर डालें तो हरियाणा में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की लगभग 45 फीसदी शिकायतें झूठी पायी गई। जबकि गुरुग्राम में 2020 से 2024 के बीच चालीस प्रतिशत से अधिक बलात्कार के मामले जांच के बाद रद्द किए गए। निश्चित रूप से इन आंकड़ों से न केवल कानून प्रवर्तन एजेंसियों बल्कि नागरिक समाज को भी चिंतित होना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि जब मनगढ़ंत शिकायतें सिस्टम में दर्ज की जाती हैं तो ये न केवल पुलिस का समय बर्बाद करती हैं, बल्कि इसके अलावा भी इसके कई तरह के नकारात्मक परिणाम सामने आते हैं।

# दिल्ली की चौकसी पर गंभीर सवाल

**प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक सफ़ेद हुंडई आई-20 कार में अचानक जबरदस्त विस्फोट हुआ। कार के परखच्चे उड़ गए और आग ने पास खड़ी गाड़ियों, ई-रिक्शा आदि को अपनी लपटों में ले लिया। कुछ ही सेकंड में पूरा इलाका दहशत के घेरे में था। अब तक की रिपोर्टों में कम से कम 11 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। दमकलकर्मियों ने आग बुझाने में कड़ी मशक्कत की जबकि दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ते, स्पेशल सेल और केंद्रीय एजेंसियों ने तुरंत पूरे क्षेत्र को सील कर दिया। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जांच एजेंसियां इन फुटेज का विश्लेषण कर रही हैं ताकि पता लगाया जा सके कि वाहन में कौन सवार था और विस्फोट से पहले क्या गतिविधियां हुई। लाल किला केवल एक राष्ट्रीय स्मारक नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र और अस्मिता का प्रतीक है।**



दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला के पास सोमवार शाम को हुए कार विस्फोट ने न केवल देश की राजधानी दिल्ली बल्कि राष्ट्रीय चेतना को झकझोर दिया। शाम के करीब सात बजे जब दिल्ली अपनी सामान्य चहल-पहल में डूबी थी, अचानक लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास तेज धमाका हुआ, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। कुछ ही पलों में कार जलते मलबे में बदल गई। आसपास खड़ी गाड़ियां आग की लपटों में घिर गईं और घना धुआं आसमान में छा गया। यह दृश्य किसी युद्ध के बाद की तबाही जैसा था, आवाज इतनी भयावह कि चांदनी चौक से लेकर जामा मस्जिद तक सायरन और चीखों की गूंज फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक सफ़ेद हुंडई आई-20 कार में अचानक जबरदस्त विस्फोट हुआ। कार के परखच्चे उड़ गए और आग ने पास खड़ी गाड़ियों, ई-रिक्शा आदि को अपनी लपटों में ले लिया। कुछ ही सेकंड में पूरा इलाका दहशत के घेरे में था। अब तक की रिपोर्टों में कम से कम 11 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। दमकलकर्मियों ने आग बुझाने में कड़ी मशक्कत की जबकि दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ते, स्पेशल सेल और केंद्रीय एजेंसियों ने तुरंत पूरे क्षेत्र को सील कर दिया। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जांच एजेंसियां इन फुटेज का विश्लेषण कर रही हैं ताकि पता लगाया जा सके कि वाहन में कौन सवार था और विस्फोट से पहले क्या गतिविधियां हुई। लाल किला केवल एक राष्ट्रीय स्मारक नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र और अस्मिता का प्रतीक है। इसकी दीवारों पर हर स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री का भाषण गूंजता है। ऐसे पवित्र स्थल के समीप हुआ यह धमाका सुरक्षा व्यवस्था के सबसे गहरे स्तरों तक प्रश्न खड़े करता है। क्या यह कोई आतंकी हमला था या कोई सुनियोजित साजिश अथवा किसी लापरवाही का परिणाम? फिलहाल जांच एजेंसियां इन सवालों के उत्तर खोज रही हैं पर यह स्पष्ट है कि यह घटना किसी सामान्य तकनीकी दुर्घटना से कहीं अधिक गंभीर है। विस्फोट की तीव्रता ने न केवल वाहनों को चूर-चूर किया बल्कि लाल किला और आसपास की इमारतों तक को हिला दिया, आसपास की दुकानों के शीशे टूट गए और लोगों के दिलों में एक बार फिर वही पुराना भय लौट आया, वह भय जो दिल्ली ने 2001, 2005, 2008 और 2011 के धमाकों के दौरान महसूस किया था। सवाल यह है कि इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद राजधानी के दिल में यह घटना कैसे घट गई? दिल्ली पुलिस और खुफिया एजेंसियों की निगरानी में लाल किला सबसे उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्रों में शामिल है, जहां नियमित रूप से सीसीटीवी, ड्रोन और बीट पैट्रोलिंग की जाती है। फिर भी यदि इस स्तर का विस्फोट हो सकता है तो यह केवल तकनीकी विफलता नहीं बल्कि सुरक्षा मानसिकता की जड़ता का भी संकेत है। यह दर्शाता है कि हम अब भी उस सुरक्षित भ्रम में जी रहे हैं, जहां खतरे को हमेशा दूर मान लिया जाता है, जब तक कि वह हमारे दरवाजे पर दस्तक नहीं देता। इस धमाके की भयावहता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि इसकी गूंज लगभग 200 मीटर दूर तक सुनाई दी और आसपास के वाहनों में आग फैल गई, फायर ब्रिगेड ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। पुलिस ने इलाके को घेर लिया और दिल्ली स्पेशल सेल, जो आतंकवाद और संगठित अपराध से जुड़े मामलों की जांच करती है, तुरंत मौके पर पहुंची, एनआईए और एनएसजी की टीमें भी सक्रिय हैं। दिल्ली में ऐसा धमाका करीब 13 वर्ष बाद हुआ है। फरवरी 2012 में इजराइली राजनयिकों को निशाना बनाकर हुए बम धमाके के बाद से राजधानी अपेक्षाकृत शांत रही है। उससे पहले 7 सितंबर 2011 को दिल्ली हाई कोर्ट गेट नंबर-5 के पास हुए धमाके में 15 लोग मारे गए थे। 2008 के सिलसिलेवार धमाकों में तो दिल्ली का दिल ही दहल गया था, जब करोल बाग, कनॉट प्लेस और ग्रेटर कैलाश जैसे इलाकों में मौत और तबाही की कहानियां लिखी गई थी। उससे पहले 29 अक्तूबर 2005 को दीवाली से दो दिन पहले लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने पहाड़गंज, गोविंदपुरी और सरोजिनी नगर में एक साथ तीन धमाके किए थे, जिनमें 60 से अधिक निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। यह लंबा इतिहास बताता है कि दिल्ली हमेशा से आतंकवादियों के निशाने पर रही है, क्योंकि यह न केवल सत्ता का केंद्र है बल्कि देश की आत्मा है। लाल किला के पास हुआ यह विस्फोट उस समय हुआ, जब फरीदाबाद में करीब तीन हजार किलो संदिग्ध विस्फोटक बरामद हुआ। एक कश्मीरी डॉक्टर के किराए के मकान से 360 किलो विस्फोटक, हथियार और टाइमिंग डिवाइस बरामद किए गए थे। इस मामले में कई लोगों की गिरफ्तारी हुई, जिनमें मेडिकल प्रोफ़ेशनल्स और मौलवी भी शामिल बताए गए। अब भले ही दोनों घटनाओं के बीच सीधा संबंध साबित नहीं हुआ हो लेकिन समय और भौगोलिक समीपता ने जांच एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। यदि इन दोनों घटनाओं के बीच कोई भी कड़ी जुड़ती है तो यह स्पष्ट संकेत होगा कि कोई गहरी साजिश पनप रही थी, जिसे शायद पूरी तरह रोका नहीं जा सका। इस हादसे ने एक बार फिर सवाल उठाया है कि क्या हमारी खुफिया प्रणाली में समय रहते चेतावनी देने की क्षमता घट रही है? क्या सूचनाओं का साझा तंत्र अब भी कागजी प्रक्रियाओं में उलझा हुआ है? सुरक्षा केवल हथियारों, बुलेटप्रूफ जैकेटों या बड़ी टीमों से नहीं आती, यह निरंतर सतर्कता, सामुदायिक सहयोग और त्वरित इंटेलिजेंस साझा करने से बनती है। यदि फरीदाबाद जैसी घटनाओं के बाद तत्काल सतर्कता बढ़ाई जाती और वाहन जांच प्रणाली में रैंडम सर्च बढ़ाई जाती तो शायद यह विस्फोट टल सकता था। बहरहाल, पीड़ितों के परिवारों के लिए यह दर्द केवल आंकड़ों का मामला नहीं बल्कि उनके लिए यह जीवन के उजाले का बुझ जाना है। अस्पतालों में घायल तड़प रहे हैं, कुछ ने अपने प्रियजनों को हमेशा के लिए खो दिया। प्रशासन के लिए यह करुणा और जिम्मेदारी की सबसे कठिन परीक्षा है। सरकार को त्वरित राहत, मुआवजा और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करनी होगी। अपराधियों को पकड़ने और दोषियों को सजा दिलाने में किसी भी तरह की देरी इस देश की न्यायिक साख पर सवाल उठाएगी। हमारी प्राथमिकता इस समय तीन दिशाओं में होनी चाहिए, पीड़ितों के प्रति संवेदना, जांच में निष्पक्षता और भविष्य के लिए सबक। लाल किले के पास हुआ यह धमाका चेतावनी है कि सुरक्षा एक सतत प्रक्रिया है, जिसे हर नागरिक की जागरुकता, तकनीकी सशक्तता और प्रशासनिक दृढ़ता के साथ ही साकार किया जा सकता है। यह समय दोषारोपण का नहीं बल्कि आत्ममंथन का है, यह सोचने का कि क्या हम सुरक्षा के हर स्तर पर सचमुच उतने सजग हैं, जितना एक जिम्मेदार राष्ट्र को होना चाहिए। दिल्ली की हवा में आज केवल धुआं नहीं बल्कि चिंता और सवाल तैर रहे हैं और जब तक इन सवालों का जवाब तथ्यों, साक्ष्यों और न्याय की कसौटी पर नहीं मिलता, तब तक यह विस्फोट केवल एक हादसा नहीं रहेगा बल्कि हमारी सामूहिक चेतना पर लगी गहरी चोट की तरह याद किया जाएगा। देश उम्मीद कर रहा है कि जांच एजेंसियां सच्चाई को उजागर करते हुए दोषियों को बेनकाब करेंगी और दिल्ली फिर से वही शहर बनेगी, जो हर संकट के बाद और मजबूत होकर उठ खड़ी होती है। **–योगेश कुमार गोयल**

# केवल बिजली ही नहीं, भरोसे की भी लौ जलाती मध्यप्रदेश सरकार

**पवन वर्मा**

मध्य प्रदेश सरकार ने हाल ही में ऊर्ज़ा विभाग की समाधान योजना की घोषणा कर लाखों घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने का बड़ा कदम उठाया है। इस समय प्रदेश में 91 लाख से अधिक लोगों पर आठ हजार करोड़ रुपए से अधिक के बिजली के बिल बकाया हैं। इस तरह राज्य में लगभग 90 लाख से अधिक उपभोक्ता इस योजना से लाभान्वित हो सकते हैं और इसके अंतर्गत करीब 3 हजार करोड़ रुपये तक का सरचार्ज माफ किया जा सकता है। राज्य के ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल वर्षों से एक गंभीर समस्या रही है। आर्थिक असमानता, महामारी के बाद की चुनौतियाँ और कृषि आधारित आय पर निर्भरता ने लाखों परिवारों को बिजली बिलों के भुगतान में कठिनाई दी है। समाधान योजना इस वर्ग को राहत देने के उद्देश्य से लाई गई है ताकि सामान्य उपभोक्ता अपनी बकाया राशि का निपटारा कर सकें और राज्य की बिजली वितरण प्रणाली में विश्वास पुनर्स्थापित हो। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस योजना को केवल एक आर्थिक राहत योजना नहीं, बल्कि एक सामाजिक पुनर्संतुलन का प्रयास बताया है। उनका कहना है कि सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी नागरिक बिजली की सुविधा से वंचित न रहे। वे स्वयं ऊर्ज़ा विभाग की बैठकों में लगातार इस बात पर ज़ोर देते रहे हैं कि सरकार को जनता से संवेदना के साथ व्यवहार करना चाहिए, न कि दंडात्मक दृष्टिकोण से। यही दृष्टिकोण समाधान योजना की नींव बना। समाधान योजना का ढांचा इस तरह तैयार किया गया है कि उपभोक्ता को बकाया बिल चुकाने का अवसर तो मिले ही, साथ ही उस पर लगा सरचार्ज भी समाप्त हो जाए। यह कदम राज्य सरकार के लिए वित्तीय प्रबंधन की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन दीर्घकाल में इससे राजस्व वसूली की गति तेज होगी। अब तक हजारों उपभोक्ता ब्याज और सरचार्ज की वजह से बिल भरने से पीछे हटते थे, जिससे वितरण कंपनियों की वसूली पर भी असर पड़ता था। अब जब सरचार्ज माफी का प्रावधान किया गया है, तो बड़ी संख्या में उपभोक्ता स्वेच्छा से जुड़ रहे हैं। इस योजना के लागू होते ही ऊर्ज़ा विभाग ने जिलों में विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि ग्रामीण और शहरी उपभोक्ता सीधे वहाँ जाकर अपने बिलों का निपटारा कर सकें। यह केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि सरकार की नयी कार्यसंस्कृति का परिचायक है, जिसमें जनता को दफ्तरों के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाने पर ध्यान दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कई अवसरों पर कहा है कि सरकारी योजनाएँ तब तक सार्थक नहीं होतीं जब तक वे आम नागरिक तक सरलता से न पहुँचें। डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार की योजनाओं में व्यवहारिक जनकल्याण का  स्पष्ट दिखाई देता है। चाहे वह छात्रवृत्ति, आवास या अब बिजली बिल माफी से जुड़ी योजना हो,हर पहल में उनका उद्देश्य विश्वास की पुनर्स्थापना दिखता है। समाधान योजना इसी दर्शन की निरंतरता है। यह योजना आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार ने लगभग 3 हजार करोड़ रुपये तक के सरचार्ज माफ करने का अनुमान लगाया है, जो न केवल उपभोक्ताओं को राहत देगा बल्कि बिजली वितरण कंपनियों के खातों में वास्तविक बकाया राशि के रूप में नकद प्रवाह बढ़ाएगा। यह वित्तीय दृष्टि से एक व्यावहारिक और संतुलित निर्णय है, क्योंकि कई वर्षों से बकाया बिल वसूली के नाम पर करोड़ों रुपये कागज़ी दावों में फंसे हुए थे। राजनीतिक रूप से भी यह कदम समयोचित है। लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश में सरकार जनता के बीच काम कर रही है। डॉ. मोहन यादव की छवि एक ऐसे मुख्यमंत्री के रूप में उभर रही है जो सख्त प्रशासन के साथ संवेदनशील नेतृत्व का भी उदाहरण हैं। वे न तो केवल घोषणाओं तक सीमित हैं, न ही केवल प्रदर्शन तक बल्कि योजनाओं को धरातल पर लागू कराने की प्रक्रिया में वे व्यक्तिगत रूप से रुचि लेते हैं। समाधान योजना का भी संदेश यही है कि सरकार जनता के साथ खड़ी है। यह उन लाखों उपभोक्ताओं के लिए भी राहत का संकेत है जो अब तक ब्याज और दंड के बोझ तले दबे हुए थे। अब वे न केवल अपने पुराने बकाए से मुक्त हो सकेंगे, बल्कि नियमित भुगतान की दिशा में भी प्रेरित होंगे। यहां सवाल केवल आर्थिक लाभ का नहीं है,यह सामाजिक न्याय और भरोसे के निर्माण की प्रक्रिया भी है। बिजली जैसी बुनियादी सुविधा का जब गरीब या मध्यमवर्गीय उपभोक्ता किसी कारणवश बिल नहीं चुका पाते, तो उनके ऊपर ब्याज और जुर्माना किसी दंड की तरह लग जाता है। समाधान योजना उस दंड को मिटाकर नवीन शुरुआत का अवसर देती है।

## सेहत मंत्र

# मोरिंगा पाउडर से बूस्ट होगा स्टेनिमा, कैंसर से भी करेगा बचाव

मोरिंगा या सहजन की सब्जी तो आपने भी खाई होगी। पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण इस सब्जी का सेवन सेहत के लिए फायदेमंद होता है लेकिन आज हम आपको इसकी पत्तियों से बनने वाले पाउडर के बारे में बताने जा रहे हैं। कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, कैल्शियम, पोटैशियम, आयरन, मैग्नीशियम, विटामिन्स और बी–काम्प्लेक्स से भरपूर होने के कारण इस पाउडर को रोजाना लेने से कई हेल्थ प्रॉब्लम्स दूर रहती है। चलिए जानते हैं मोरिंगा पाउडर से आपको क्या–क्या फायदे मिलते हैं। **मोरिंगा पाउडर में मौजूद जरूरी तत्व–** मोरिंगा पाउडर में 42% प्रोटीन,125% कौल्शियम, 61% मैग्नीशियम, 41% पोटेशियम, 71% आयरन, 310% विटामिन ए और 22% विटामिन सी होता है। इसके अलावा इसमें 46% एंटीऑक्सीडेंट और 36% एंटी–इंफ्लामेट्री और 90% अन्य न्यूट्रिशन पाए जाते हैं, जिससे आप कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचे रहते हैं। **मजबूत इम्यून सिस्टम** मोरिंगा पाउडर का सेवन इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के साथ–साथ मेटॉबॉलिज्म को भी बूस्ट करता है। इससे आप मोटापे के साथ पेट, लीवर, ब्रेन और आंखों की समस्याओं से भी बचे रहते हैं। **बूस्ट स्टेमिना–** विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होने के कारण इसका सेवन स्टेनिमा को भी बूस्ट करता है। इतना ही नहीं, यह शरीर में ऊर्ज़ा बढ़ाकर वजन घटाने में भी मदद करता है। **कैंसर से बचाव–**इसमें एंटीऑक्सीडेंट और पॉलीफ़ेनॉल नामक तत्व होता है, जोकि शरीर में कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकता है। अगर आप भी कैंसर से बचे रहना चाहते हैं तो रोजाना इसका सेवन करें। **डायबिटीज को करें कंट्रोल–** डायबिटीज मरीजों के लिए इसका सेवन बहुत फायदेमंद हैं क्योंकि मोरिंगा कैप्सूल या इसके पाउडर से बनी चीजों का सेवन करने से ब्लड शुगर कंट्रोल में रहती है। **कोलेस्ट्रॉल को करें कम–** इसका सेवन ख्रक्ख्र कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल करता है और शरीर में रक्त के थक्के बनने से रोकता है। इससे दिल की बीमारियां और हार्ट अटैक का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है।

## धर्म मंत्र

# राशि अनुसार घर में रख लें कछुआ गरीबी हमेशा के लिए हो सकती है दूर

जिस प्रकार भारत में वास्तु का चलन है, ठीक उसी प्रकार चीन में फेंगशुई प्रचलित है। फेंगशुई के उपायों से घर में सकारात्मकता बनी रहती है और पैसों की कमी दूर हो सकती है। उज्जैन की एस्ट्रोलॉजर डॉ. विनिता नागर के अनुसार फेंगशुई का कछुआ घर में रख लिया जाए तो बड़ी–बड़ी परेशानियां भी दूर हो सकती हैं। **मेष राशि–** इस राशि के लोग अपने घर के मंदिर में कछुआ रखना चाहिए। ये कछुआ मिट्‌टी या स्फटिक का होना चाहिए। रोज सुबह इसकी पूजा करें। **वृष राशि–** वृष राशि के लोग बेडरूम में या मंदिर में हरे रंग का कछुआ रखें। **मिथुन राशि–** मिथुन राशि वाले अपने पूजा घर में कछुआ रखें। इसका रंग मटमैला होना चाहिए और ये कछुआ मिट्‌टी का हो तो शुभ रहेगा। **कर्क राशि–** ये लोग अपने मंदिर में मिट्‌टी का कछुआ रखेंगे तो बहुत अच्छा रहेगा। यह कछुआ आसमानी रंग का होगा तो अच्छा रहेगा। **सिंह राशि–** इस राशि के लोग लाल रंग का कछुआ अपने पूजा घर में रखें। **कन्या राशि–** कन्या राशि के लोग अपने पूजा घर में भूरे रंग का मिट्‌टी का कछुआ रखें। **तुला राशि–** इस राशि के लोग अपने घर में पीला कछुआ रखेंगे तो बहुत ही शुभ होगा। **वृश्चिक राशि–** जिन लोगों की राशि वृश्चिक है, वे लोग अपने मंदिर में नीला कछुआ रखें। **धनु राशि–** धनु राशि वाले लोग पीले रंग का कछुआ घर में रखेंगे तो सभी परेशानियां दूर हो सकती हैं। **मकर राशि–** मकर राशि के लोग अपने पूजा घर जामुनी कछुआ रखेंगे, जल्दी ही शुभ फल मिल सकते हैं। **कुंभ राशि–** कुंभ राशि के लोगों को अपनी परेशानियां दूर करने के लिए मिट्‌टी का काला कछुआ रखना चाहिए। **मीन राशि–** मीन राशि के लोगों को सफ़ेद या नीला कछुआ अपने घर के मंदिर में रखना चाहिए।

## पर्यटन



# लंदन के बकिंघम पैलेस से चार गुना बड़ा है वडोदरा का लक्ष्मी विलास पैलेस

लक्ष्मी विलास पैलेस इंडो सरैसेनिक रिवाइवल आर्किटेक्चर में बनी एक ऐसी संरचना है, जिसका शुमार दुनिया के आलीशान महलों में किया जाता है। इसलिए इसे एक बार तो देखना बनता है। लक्ष्मी विलास पैलेस को अगर वडोदरा की पहचान कहा जाए तो गलत नहीं होगा। सूर्यास्त के सुनहरे उजाले में डूबा यह भव्य महल अपने राजसी वैभव की पहचान बरकरार रखे जहन में उभर आता है। इस शानदार पैलेस का निर्माण 1890 में महाराजा सयाजीराव गयकवाड़ ने करवाया था। **लक्ष्मी विलास पैलेस की बनावट–** इस पैलेस का डिज़ाइन बनाने की जिम्मेदारी अंग्रेज आर्किटेक्ट चा?ल्र्स मंट को दी गई थी। लक्ष्मी विलास पैलेस इंडो सरैसेनिक रिवाइवल आर्किटेक्चर में बनी एक ऐसी संरचना है, जिसका शुमार दुनिया के आलीशान महलों में किया जाता है। इस विशाल पैलेस की नींव 1880 में रखी गई थी और इसका निर्माण कार्य 1890 में पूरा हुआ था। इस महल की संरचना में राजस्थानी, इस्लामिक और विक्टोरियन आर्किटेक्चर का अनोखा संगम देखने को मिलता है। इसलिए बाहर से देखने में इस महल के गुंबदों में कहीं मंदिर तो कहीं मस्जिद तो कहीं गुरुद्वारे के गुंबद नजर आते हैं। वहीं नजदीक ही चर्च की बुर्जनुमा संरचना भी दिखाई देती है। दरअसल, गायकवाड़ राजवंश मूल रूप से मराठा हैं, इसलिए इनके द्वारा बनवाए गए भवनों में मराठी वास्तुकला के नमूने जैसे तोरण, झरोखे, जालियां आदि देखने को मिलती हैं। महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ तृतीय गायकवाड़ राजवंश के अति प्रतापी राजा थे उनके राज में बड़ौदा रियासत का कायाकल्प हुआ। यह महल अपने आप में गयकवाड़ राजवंश की बहुमूल्य वस्तुओं का संग्रहालय है। यहां पर एक दरबार हॉल है, जिसमें राजा रवि वर्मा द्वारा बनाए गए बेशकीमती चित्र लगे हुए हैं। इन चित्रों को बनाने के लिए राजा रवि वर्मा ने पूरे देश की यात्रा की थी। लक्ष्मी विलास पैलेस में तस्वीरें क्लिक करना मना है। यह एक प्राइवेट पैलेस है, जिसे देखने के लिए 150 रूपए का टिकट लगता है।

# हर जिले में 100 एकड़ क्षेत्रफल में इंडस्ट्रियल, एम्प्लॉयमेंट जोन : योगी

## सीएम योगी की सौगात 1734 करोड़ की 254 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बाराबंकी में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह उपलक्ष्य में राज्य के विकास और राष्ट्रवाद को केंनद्रित रखते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। मुख्यमंत्री श्री योगी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति को जीवंत रखने और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए जल्द ही प्रदेश के हर जिले में 100 एकड़ के क्षेत्रफल में इंडस्ट्रियल और एम्प्लॉयमेंट जोन बनाए जाएंगे। इन नए जोन से जिले के युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी.

इसी के साथ सीएम योगी ने 1734 करोड़ रुपये की 254 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया। पिछली सरकारों पर शब्द बाण चलाते हुए सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने





उत्तर प्रदेश को 'बीमारू' राज्य की छवि से निकालकर विकास की राह पर ला दिया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि आज प्रदेश के प्रत्येक तीर्थ स्थल का विकास तेजी से हो रहा है। बाराबंकी में लोधेश्वर मंदिर परिसर को काशी कॉरिडोर की तरह विकसित किया जा रहा है। इसीतरह सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर प्रदेश में एक स्पोर्ट यूनिवर्सिटी बनाने की बात कही। बोले कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्यों की श्रेणी से निकलकर औद्योगिक शक्ति में परिवर्तित हो चुका है। उन्होंने बताया कि बाराबंकी में एक औद्योगिक कॉरिडोर और एक एम्प्लॉयमेंट जोन का निर्माण किया जा रहा है, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा।

हेलीपैड पर आगमन के पश्चात माननीय मुख्यमंत्री जी सीधे डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पहुँचे, जहाँ उन्होंने भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। तथा कार्यक्रम स्थल पर भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

### विद्यालय प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न, दिलीप शुक्ला बने अध्यक्ष

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कस्बा त्रिलोकपुर स्थित बी.पी शुक्ला इंटर कालेज की प्रबन्ध समिति का चुनाव विद्यालय परिसर में प्रातः आठ बजे से अपराहन तीन बजे तक सात चरणों में हुआ।चुनाव अधिकारी घनश्याम मौर्य प्रधानाचार्य डीएवी उ.मा. विद्यालय के नेतृत्व एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित पर्यवेक्षक राजकीय इंटर कालेज बरौली जाटा के प्रधानाचार्य एकनाथ मणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ । साधारण समिति के 66 सदस्यों में से 54 सदस्य उपस्थित रहे। प्रबन्ध कार्यकारिणी का चुनाव मे अध्यक्ष पद पर दिलीपकु?मार शुक्ला, उपाध्यक्ष पद पर उमेश चंद वर्मा तथा प्रबन्धक पद पर सुनील कुमार जैन व कोषाध्यक्ष पद पर रामेश कुमार पाण्डेय चुने गये। चुनाव अधिकारी श्री मौर्य ने निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पुलिस बल उपस्थित रहा।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

**गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मंगलवार को लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के साथ निर्वाचन कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान गोरखपुर से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम दीपक मीणा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम (वित्त) विनीत कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी शंकर मिश्र तथा सभी उप जिलाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से बैठक में जुड़े। बैठक का मुख्य उद्देश्य विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करना रहा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को पूरी पारदर्शिता, शुद्धता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में अवश्य जोड़ा जाए, ताकि कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। वहीं जहां मतदाता का स्थानांतरण हो गया है या मृत्यु हो चुकी है, वहां नाम हटाने की प्रक्रिया पूरी सावधानी से की जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी कहा कि जिन जनपदों में गणना प्रपत्र बीएलओ को नहीं उपलब्ध कराया गया है वहां समय से गणना प्रपत्र (काउंटिंग फॉर्म) उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य शीघ्रता से पूरा कर सकें। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक घर पहुंचकर मतदाता सूची की जांच करें और नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करें।

### गंभीर बीमारी से जूझ रहे है युवा पत्रकार, इलाज के लिए मदद की जरूरत

**गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गंभीर बीमारी से जूझ रहे युवा पत्रकार को इलाज की जरूरत है। गोरखपुर जिले के हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र निवासी सहजनवां तहसील के पत्रकार रवि निषाद आज का भारत लाइव चैनल में काम करते हैं। रवि को डॉक्टरों ने आंत फ़ेफड़े सहित पूरे पेट में इंफ़ेक्शन बताया है। गोरखपुर में इलाज कराने के बाद भी रवि को कोई फायदा नहीं हुआ। हालत ज्यादा गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका ऑपरेशन होना है। बताया जाता है कि इनके के ऑपरेशन के लिए डॉक्टरों ने लाखों रुपए का खर्च बताया है, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति इतना खर्च करने की नहीं है। इनके इलाज पर पहले ही बहुत खर्च हो चुका है। ऐसे में इनके परिवार को आर्थिक मदद की जरूरत है। उनकी मदद के लिए ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई सहजनवां का प्रतीनिधि मंडल ने रवि निषाद की आर्थिक मदद की और डाक्टरों से उनके स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी ली एवं आगे भी आर्थिक मदद का आश्वासन दिया। ग्रापए ने सोशल मीडिया के माध्यम से स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की है। इस दौरान ग्रापए के तहसील अध्यक्ष हरगोविंद चौबे, उपाध्यक्ष बेचन शर्मा,अशोक चौधरी,सुदर्शन शुक्ल, पुरुषोत्तम अग्रवाल एवं उमेश चन्द यादव मौजूद रहे।

### सीएचसी परिसर मे 3 सूत्रीय मांगों को लेकर आशा

**बड़हलगंज गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में आशा बहुओं व आशा संगिनी कार्यकत्रियों ने राज्य कर्मचारी का दर्ज़ा दिए जाने,नियमित भुगतान व बकाया मानदेय भुगतान समेत 3 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया व मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन चिकित्सा अधीक्षक को सौंपा। मंगलवार को आल इण्डिया आशा बहू कार्यकत्री कल्याण सेवा समिति के बैनर तले राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदा यादव के निर्देश पर आशा व आशा संगिनीयों ने भारी संख्या में एकत्र होकर सी एच सी परिसर में धरना दे जोरदार प्रदर्शन किया।इनका कहना था कि 18 वर्षों से हम लोग चिकित्सा से जुड़े कार्य पूरी निष्ठा व ईमानदारी पूर्वक करते चले आ रहे हैं।बावजूद इसके सभी त्योहार व व्रत बीतने के बाद भी नियमित रूप से हम लोगों का मानदेय भुगतान नहीं किया जाता।सभी मानदेय भुगतान राशि लंबित पड़ा है।नियमित भुगतान न होने से हम लोगों को पारिवारिक खर्च चलाने में काफी दिक्क़तो का सामना करना पड़ता है।

## मठ मंदिर की जमीन पर हो रहा अवैध कब्जा

### सवालों से घिरा तहसील प्रशासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महादेवा विकास को लेकर कृत संकल्प है।आज उन्होंने फतेहपुर में आयोजित जनसभा में महादेवा कॉरिडोर निर्माण की जोर शोर से चर्चा भी की। मुख्यमंत्री जब फतेहपुर क्षेत्र में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे, उसी समय महादेवा में मठ मंदिर स्वामित्व भूमि पर एक गैर हिंदू असामाजिक तत्व अवैध निर्माण कर रहा था। महंत अजय कुमार ने तमाम प्रयास किया लेकिन एसडीएम रामनगर का फोन रिसीव नहीं हुआ। तहसीलदार का सीयूजी फोन बजता रहा परंतु कोई रिस्पांस नहीं मिला। थक हारकर महंत जी ने जिलाधिकारी से गुहार की। शिकायत में श्री महंत अजय ने बताया है कि महादेव में मठ मंदिर की स्वामित्व वाली जमीनों पर मठ प्रबंधन की साठ गांठ से अवैध कब्जे हो रहे हैं। यही बाग भूमि पर दो दर्जन से अधिक गैर हिंदुओं द्वारा मकान बना लिए गए लेकिन रिसीवर ने कोई आपत्ति नहीं की। मालूम हो कि महादेव मठ मंदिर के स्वामित्व को लेकर न्यायालय में विवाद प्रचलित है। महंत अजय उसे पक्षी के हैं जिनके पक्ष में मुकदमा हुआ था लेकिन विपक्षी ने सेकंड अपील दाखिल कर दी जो उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। जानकार सूत्र बताते हैं कि इस बीच द्वितीय पक्ष और मठ रिसीवर के संलिप्तता से मठ मंदिर व महंत स्वामित्व भूमि पर अवैध कब्जे लगातार जारी है। बताते हैं कि न्यायालय द्वारा सुरक्षित किए गए महंत स्वामित्व संपत्ति एवं जमीनों पर हनुमत के बिना निर्माण करा कर अदालत की मान हानि की है। मठ परिसर में सुरक्षित पड़ी जमीन को अनियमित ढंग से रिसीवर ने पर्यटन विभाग को दे दी थी। यह प्रकरण बहुत दिनों तक सुर्खियों में रहा। रिसीवर का यह कृत्य आज भी सवालों के घेरे में है।

## करोड़ों खर्च फिर जकरिया बेहटा मार्ग की दशा बदहाल

### लोनिवि को बड़े हादसे का इंतजार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। लोकनिर्माण विभाग सड़कों के निर्माण और मरम्मत पर करोड़ों खर्च करती है, लेकिन फिर भी गड्ढों से निजात नहीं मिल पा रही है।बरसात के मौसम में हल्की बारिश में सड़कों पर जलभराव हो जाता है।कई बार राहगीर गिरकर चोटिल हो जाते हैं। जकरिया बेहटा मार्ग की बदहाल स्थित किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी विभाग के कानो मे जू नही रेंग रहा है । विभागीय लापरवाही के चलते ग्राम जकरिया से ग्राम बेहटा को जोड़ने के लिए पिपरौली रजबहा की दाहिनी पटरी पर बनाई गयी पक्की सड़क वर्तमान समय मे खस्ताहाल है जगह जगह बने गड्ढे राहगीरों वाहन चालको के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है जिससे किसी भी समय कोई अनहोनी घटना घट सकती है ग्रामीणों की शिकायतों के बाद भी विभाग ध्यान नही दे



रहा है सरकार सड़कों के निर्माण और मरम्मत पर करोड़ों रुपये खर्च करती है, लेकिन फिर भी गड्ढों से निजात नहीं मिल पा रही है। सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। बारिश से सड़कें खराब होने से लोग हादसों के शिकार होते हैं। एक बार सड़क बनने के बाद खराब होने पर जिम्मेदार न तो सुनते हैं और न ही कोई खबर ली जाती है। लोग गिरते रहें, टूटते रहें, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ता। बरसात के मौसम में हल्की बारिश में सड़क की सड़कों पर जलभराव हो जाता है। इसके बाद यह गड्ढे दिखने बंद हो जाते हैं और सड़कों पर निकलने वाले बाइक सवार इन गड्ढों की चपेट में आकर गिर जाते हैं। कई बार चोटिल भी हो जाते हैं। गढी मीरापुर निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र मंशाराम ने जिलाधिकारी प्रार्थनापत्र पत्र देकर बदहाल सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

## पारम्परिक कागज की जगह सूती कपडे पर छपवाया निमंत्रण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। पर्यावरण संरक्षण के जुनून ने मझे अपने भतीजे की शादी में मुझे पारम्परिक कागज के बने निमंत्रण पत्रों के स्थान पर सूती कपड़े की रुमाल पर निमंत्रण पत्र छपवाने का विचार आया किंतु लखनऊ की स्थानीय अमीनाबाद मार्केट या आसपास कोई भी इस तरह का निमंत्रण पत्र छापने के लिए नहीं मिला जो मिला भी उसने बताया कि वेलवेट के कपड़े पर छाप सकते हैं लेकिन इसकी स्याही परमानेंट रहेगी जो की रियूज तो कतई नहीं हो पायेगा इसलिए इंटरनेट पर काफी खोजबीन के उपरांत पूरे देश में एकमात्र पुणे, महाराष्ट्र में एक ऐसा प्रिंटिंग प्रेस मिला जो कपडे की रुमाल पर निमंत्रण पत्र छापने को तैयार हुआ। इसकी छपाई की एक और विशेषता है कि इसके प्रिंट की स्याही इसे दो बार धोने के बाद एकदम धुलकर साफ हो जायेगी और हम सब इस रुमाल को सालों साल प्रयोग कर सकते हैं. यह किसी वस्तु



के रियूज का सर्वोत्तम उदाहरण है। इस नवाचार या नवप्रयोग के कई लाभ हैं:- चूँकि कागज पेडों को काटकर ही बनता है इस प्रकार पेड़ों की सुरक्षा होगी। लगभग सभी निमंत्रण पत्रों पर पवित्र देवी देवताओं के चित्र और धार्मिक चिन्ह बने होते हैं साथ ही वेदों से लिए गए मंत्र इत्यादि लिखे जाते हैं और हम सबके पूर्वजों से लेकर परिवार जनों के नाम भी अंकित होते हैं. क्योंकि कागज के निमंत्रण पत्र रीसायकल नहीं हो पाते हैं इसलिए इनको कबाडी भी नहीं लेता है और अंततः अधिकतर कूड़े में फ़ेक जाते हैं जहां पर इनका हर तरह से अपमान होता है। इस प्रकार इस नए प्रयोग से जहां हम पेड़ों के काटने की संख्या में कमी कर सकते हैं वही अपने धार्मिक प्रतीकों जैसे गणेश भगवान के चित्र व श्लोक व मन्त्र तथा पूर्वजों के नाम आदि का सम्मान भी कर सकते हैं और धुलाई के बाद बढ़िया कॉटन का रुमाल सालों साल हमारे काम आ सकता है. पूरे देश खासकर उत्तर भारत के लिए यह एक नई नवीन प्रयोग है जिसे आज सबके अपनाये जाने की आवश्यकता है।

## डिप्टी कलेक्टर सदर ज्ञान प्रताप सिंह ने की विकास कार्यों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। डिप्टी कलेक्टर/तहसीलदार सदर ज्ञान प्रताप सिंह ने मंगलवार को तहसील सदर में बैठक कर सदर तहसील अंतर्गत चल रहे विकास और राजस्व कार्यों की समीक्षा की। बैठक में नायब तहसीलदार भागीरथी सिंह, कानूनगो और सदर तहसील के कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में तहसीलदार ने कहा कि सदर तहसील क्षेत्र में चल रहे क्राफ्ट कंटिंग, कृषक दुर्घटना बीमा, फ्लाईओवर, नाला निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, गोंडधोइया नाला सुंदरीकरण जैसे कार्यों की प्रगति की लगातार समीक्षा की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा रजिस्ट्री सॉफ्टवेयर को खोलने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और रजिस्ट्री का कार्य कल से रजिस्ट्री कार्यालय में शुरू होगा। इस संबंध में संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं



कि जिन काश्तकारों की जमीन या मकान रोड चौड़ी करण या नाला निर्माण में गए है बचे हुए काश्तकार जमीनों मकानों का बिना किसी विलंब और परेशानी के रजिस्ट्री कराई जाएं। ज्ञान प्रताप सिंह ने कहा कि तहसील प्रशासन जनता से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और गति बनाए रखे। उन्होंने नायब तहसीलदार और कानूनगो को निर्देश दिया कि वे क्षेत्रीय निरीक्षण करते रहें और विकास कार्यों की रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत करें, ताकि प्रगति की नियमित समीक्षा की जा सके। बैठक के अंत में तहसीलदार ने कहा कि सदर तहसील को मॉडल तहसील के रूप में विकसित करने के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी जिम्मेदारी और समर्पण से कार्य करें। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि किसी भी स्तर की शिथिलता या लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आरपीएफ की यात्रियों की सुरक्षा और सहायता में उत्कृष्ट कार्य

### डीआरएम आशीष जैन के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त एस. रामाकृष्णन के नेतृत्व में लगातार प्रयास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री एस. रामाकृष्णन के नेतृत्व में वाराणसी मंडल के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेल संपत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों की सुरक्षा एवं 'बचपन बचाओ अभियान' के तहत मानव तस्करी की रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

07 नवम्बर 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट छपरा की टीम ने स्टेशन परिसर में एक वृद्ध महिला को गिरकर घायल होते देखा। तुरंत कार्रवाई करते हुए आरपीएफ कर्मियों ने महिला को स्टेशन पर लगे मेडिकल कैम्प में पहुँचाकर प्राथमिक उपचार दिलवाया।

08 नवम्बर 2025 को आरपीएफ पोस्ट छपरा के जवानों ने प्लेटफार्म संख्या 5 पर एक दिव्यांग यात्री, जो चलने में असमर्थ थे, को सहायता प्रदान कर पूजा स्पेशल ट्रेन में बैठाया। यात्रियों ने इस मानवीय कार्य की सराहना की।

09 नवम्बर 2025 को आरपीएफ पोस्ट वाराणसी सिटी की टीम को गाड़ी संख्या



15159 में एक 10 वर्षीय बालक लावारिस हालत में मिला। आरपीएफ ने बच्चे को सुरक्षित उतारकर पोस्ट पर लाया और पूछताछ के बाद चाइल्ड लाइन, वाराणसी को सुपुर्द किया।

07 नवम्बर 2025 को आरपीएफ पोस्ट बलिया को स्टेशन परिसर में 16 और 17 वर्ष के दो लड़के लावारिस हालत में मिले। दोनों को सुरक्षित पोस्ट पर लाकर पूछताछ की गई और परिजनों के उपस्थित होने पर उन्हें सुपुर्द कर दिया गया।

08 नवम्बर 2025 को आरपीएफ पोस्ट बलिया की टीम को गाड़ी संख्या 13106 में यात्री का छूटा हुआ बैग मिला। उचित पहचान और सत्यापन के बाद बैग यात्री के परिचित को सौंपा गया।

06 नवम्बर 2025 को आरपीएफ पोस्ट छपरा को गाड़ी संख्या 15559 में एक 5 वर्षीय बालक लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के बाद उसके पिता पोस्ट पर पहुंचे, जिसके उपरांत बच्चे को सुरक्षित सुपुर्द किया गया।

06 नवम्बर 2025 को आरपीएफ पोस्ट सीवान की टीम ने गाड़ी संख्या 11124 में प्रसव पीड़ा से जूझ रही एक महिला यात्री की सहायता की। रेलवे सुरक्षा महिला बलकर्मियों एवं चिकित्सक की मदद से ट्रेन में ही प्रसव कराया गया तथा मां और नवजात को एम्बुलेंस से सदर अस्पताल, सीवान भेजा गया। 05 से 06 नवम्बर 2025 के बीच आरपीएफ पोस्ट देवरिया, भटनी और मऊ द्वारा निगरानी के दौरान तीन अलग-अलग गाड़ियों – गाड़ी संख्या 15077, 15280 और 11059 – में यात्रियों के छूटे बैग मिले। सभी बैगों को पोस्ट पर जमा किया गया और यात्रियों को पहचान व सत्यापन के उपरांत वापस सौंपा गया। इन सभी घटनाओं ने एक बार फिर यह साबित किया कि रेलवे सुरक्षा बल न केवल रेल संपत्ति की सुरक्षा करता है, बल्कि यात्रियों की सहायता और सुरक्षा में भी सदैव तत्पर रहता है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री एस. रामाकृष्णन ने कहा कि ऐसी मानवीय पहलें आरपीएफ के जनसेवा भाव को प्रदर्शित करती हैं और भविष्य में भी यह प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

## नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने किया शहर का वृहद निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों का वृहद निरीक्षण किया। उन्होंने आशापुर चौराहा, सारनाथ क्षेत्र के नान्हूपुर एवं चंद्रा रोड, तथा पिसौर शिवपुर क्षेत्रों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आशापुर चौराहा पर स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति का निरीक्षण करते हुए नगर आयुक्त ने चौराहा के आसपास की सफाई व्यवस्था और ऑटो स्टैंड की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य मानक के अनुरूप और निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को शीघ्र सुविधा प्राप्त हो सके। नान्हूपुर और चंद्रा रोड क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन नियमित रूप से नहीं हो रहा है। स्थानीय निवासियों ने शिकायत की कि



कूड़ा वाहन उनके क्षेत्र में नहीं पहुंचते। इस पर नगर आयुक्त ने संबंधित संस्था को तत्काल प्रभाव से कूड़ा संग्रहण कार्य प्रारंभ करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने पिसौर शिवपुर में निर्माणाधीन बारात घर का निरीक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माण की गति तेज करने और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत श्री नागपाल ने कहा कि अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान पाई गई सभी कमियों को शीघ्र दूर करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि नागरिक सुविधाओं में सुधार करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, और इसके लिए हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाएगी।





# दिल्ली की टीम रणजी में 65 साल में पहली बार जम्मू कश्मीर से हारी

एजेंसी



नयी दिल्ली। सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल के शानदार शतक की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने मंगलवार को यहां दिल्ली को सात विकेट से शिकस्त देकर इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 65 साल में पहली जीत दर्ज की। दिल्ली क्रिकेट की गिरती साख का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टीम तीन घरेलू मैचों में सिर्फ चार अंक हासिल कर सकी। टीम कुल सात अंकों के साथ ग्रुप डी में आठ टीमों के बीच छठे स्थान पर है और उसे नॉकआउट के लिए क्वालीफाई के लिए चमत्कार की जरूरत होगी। सात बार की रणजी चैंपियन दिल्ली की टीम के इस तरह के पतन के कई कारण है जिसमें संदिग्ध चयन, खराब रणनीतियां, चतुर कप्तानी के अभाव के अलावा दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में गुटबाजी और अंदरूनी कलह प्रमुख है। दिल्ली और जम्मू-कश्मीर की टीमों ने 1960 से अब तक 43 बार एक दूसरे का आमना सामना किया है और इनमें से 37 मैचों में दिल्ली ने जीत दर्ज की है जबकि जम्मू कश्मीर की यह पहली जीत है। जीत के लिए 179 रन का पीछा कर रही जम्मू कश्मीर को मैच के आखिरी दिन 124 रन की जरूरत थी। सलामी बल्लेबाज इकबाल ने 147 गेंद में नाबाद 133 रन बनाकर जम्मू कश्मीर को आसान जीत दिला दी। जम्मू कश्मीर ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में 55 रन पर दो विकेट से आगे से की। इकबाल ने रात्रि प्रहरी वंशज शर्मा (60 गेंद में आठ रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी कर दिल्ली को जीत से दूर कर दिया। बीते दिन जिस पिच पर बल्लेबाजों को परेशानी का सामना करना पड़ा था वहां इकबाल ने खुद जिम्मेदारी उठाते हुए मनन भारद्वाज और ऋतिक शौकिन जैसे दिल्ली के स्पिनरों के खिलाफ बेखौफ बल्लेबाजी की। इन स्पिनरों को पिच से कोई खास मदद नहीं मिली। इकबाल ने शतक पूरा करने के बाद एक हाथ से स्लॉग स्वीप पर मन मुताबिक छक्के जडे। जम्मू कश्मीर के कप्तान 40 साल के दिग्गज पारस डोगरा ने भी इस मैच की पहली पारी में शतक लगाकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। अपने 22वें प्रथम श्रेणी सत्र रणजी ट्रॉफी में रनों के मामले में मुंबई के दिग्गज वसीम जाफर के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गये डोगरा ने इस सत्र में मुंबई और दिल्ली दोनों के खिलाफ शतक बनाए। दिल्ली के पिछले सत्र में खराब प्रदर्शन के बावजूद एक गुट के दबाव में शरणदीप को मुख्य कोच बनाए रखा गया। कप्तान आयुष बदोनी ने अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया लेकिन डीपीएल में शीर्ष स्कोरर अर्पित राणा अच्छी तेज गेंदबाजी का डटकर सामना नहीं कर पाये। प्रियांश आर्य जैसे सकारात्मक सलामी बल्लेबाज़ को पहले दो मैचों में बेंच पर बैठाया गया और फिर चौथे नंबर पर खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस हार के बाद डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली के सख्त रुख अपनाने की उम्मीद है।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए महत्वपूर्ण: सिराज

एजेंसी

कोलकाता। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को पूरा विश्वास है कि वह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के गत विजेता दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ के शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में दमदार प्रदर्शन करेंगे। भारत डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में अभी तीसरे स्थान पर है। उसने इस चक्र के शुरू में घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज को दो टेस्ट मैच में हराने से पहले इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला 2-2 से श्रृंखला बराबर की थी। दूसरी तरफ दक्षिण अफ्रीका ने अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब का बचाव करने के अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 1-1 से ड्रॉ के साथ की। सिराज ने जियोस्टार पर कहा, ''यह श्रृंखला नए डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर इसलिए क्योंकि दक्षिण अफ्रीका गत चैंपियन है। भले ही उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ खेली, लेकिन




हम अपनी अच्छी फॉर्म से आश्वस्त हैं। हमने सकारात्मक माहौल तैयार किया है। हमने इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन किया और वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत हासिल की।'' सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया और वह 23 विकेट लेकर श्रृंखला में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ रहे। उन्होंने वेस्टइंडीज़ के खिलाफ भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और दो मैचों में 10 विकेट लिए। उन्होंने कहा, '' मैं अच्छी लय के साथ गेंदबाजी कर रहा हूं और इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश कर रहा हूं। मज़बूत टीमों का सामना करने से उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलती है जिनमें सुधार की जरूरत है और मैं इस चुनौती के लिए वास्तव में काफी उत्साहित हूं।''

## संक्षिप्त समाचार

### ऐतिहासिक पोल पोजीशन के बाद तीसरे स्थान पर रही अतीका मीर

**अबू धाबी।** भारत की युवा ड्राइवर अतीका मीर यहां फॉर्मूला वन अकादमी की सीओटीएफए यूएई कार्टिंग सीरीज के शुरुआती दौर में ऐतिहासिक पोल पोजीशन हासिल करने के बाद तीसरे स्थान पर रही। दस वर्षीय अतीका पहली भारतीय रेसर हैं जिन्हें फॉर्मूला वन ने अपने कार्यक्रम के लिए चुना है। चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर अकादमी (सीओटीएफए) की अंतरराष्ट्रीय सीरीज का पहले से ही हिस्सा रही अतीका को पिछले महीने फॉर्मूला वन अकादमी ने दो राउंड की सीओटीएफए यूएई चैम्पियनशिप के लिए चुना था। अतीका ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने पोल पोजीशन हासिल की और इस तरह से सीओटीएफए मिनी वर्ग में यह उपलब्धि हासिल करने वाली विश्व की पहली महिला बनीं। इसके बाद वह पोडियम पर पहुंचने में भी सफल रही। जम्मू कश्मीर की रहने वाली अतीका ने कहा, यह सप्ताहांत मेरे लिए शानदार रहा। मैंने क्वालिफिकेशन में पोल पोजीशन हासिल की। मैं फाइनल में जीतना चाहती थी लेकिन आखिर में तीसरे स्थान पर रही। यहां से मिली सीख से मैं आगे अपने प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करूंगी। अतीका के पिता और भारत के पहले राष्ट्रीय कार्टिंग चैंपियन आसिफ मीर का मानना है कि पोल पोजीशन और पोडियम हासिल करने के बावजूद यह मिश्रित सफलता वाला सप्ताहांत रहा। उन्होंने कहा, यह एक खट्टा मीठा सप्ताहांत रहा। मुझे लगता है कि हम फाइनल में जीत हासिल करने की अच्छी स्थिति में थे। इसलिए मैं थोड़ा निराश हूं लेकिन अगर हम तीसरा स्थान हासिल करने पर भी निराश हैं तो इसका मतलब है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अतीका ने कड़ी मेहनत की और उसका प्रदर्शन शानदार रहा।

### नैशा कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन के क्वालीफायर में हारी

कुमामोतो (जापान)। भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी नैशा कौर भटोये मंगलवार को यहां क्वालीफायर में न्यूजीलैंड की शाउना ली से सीधे गेम में हारकर कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहीं। यह 17 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी इस सुपर 500 टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वालीफिकेशन राउंड में 32 मिनट में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी से 17–21, 18–21 से हार गयी। इस प्रकार प्रतियोगिता के महिला एकल स्पर्धा में भारत का कोई प्रतिनिधित्व नहीं होगा। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय बुधवार को 475,000 डॉलर इनामी इस प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

### सम्राट राणा ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**काहिरा (मिस्र)।** भारतीय निशानेबाज सम्राट राणा और वरुण तोमर ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। मिस्र के काहिरा में सोमवार को हुई प्रतियोगिता की पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सम्राट राणा 586–27x के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग राउंड में शीर्ष पर रहे और हमवतन वरुण तोमर (586–26x) दूसरे स्थान पर रहे। फाइनल राउंड में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, लेकिन 20 वर्षीय सम्राट राणा ने 243.7 अंकों के साथ चीन के हू काई को 0.4 अंकों से पीछे छोड़ दिया। वहीं वरुण तोमर 221.7 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। यह राणा का किसी अंतरराष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिता में पहला पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पुरुष और मिश्रित टीम एयर पिस्टल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए थे। सम्राट राणा, वरुण तोमर और श्रवण कुमार, जो क्वालीफायर में 582–16x के स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रहे, ने भी कुल 1754 अंक बनाकर भारत को टीम स्टैंडिंग में शीर्ष पर पहुंचाया और स्वर्ण पदक जिताया। इटली और जर्मनी ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। इससे पहले, मनु भाकर (580–20x) और ईशा सिंह (583–25x) महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालीफायर में क्रमशः छठे और चौथे स्थान पर रहीं और पदक राउंड में जगह पक्की की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने महिला टीम स्पर्धा का रजत पदक हासिल किया। वहीं व्यक्तिगत पदक नहीं जीत पायी। सुरुचि सिंह (577–17x) 14वें स्थान पर रहीं और जगह बनाने से चूक गईं, लेकिन उन्होंने टीम इवेंट में 1740–62x के स्कोर के साथ भारत को रजत पदक दिलाने के लिए योगदान दिया। चीन की टीम ने 1752–76x के वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि दक्षिण कोरिया ने 1729–58x के साथ कांस्य पदक जीता। हालांकि, व्यक्तिगत फाइनल में मनु और ईशा सिंह दोनों ही पदक जीतने में सफल नहीं हो सकीं। मनु 139.5 अंक बनाकर सातवें स्थान पर रहीं, जबकि ईशा 159.2 अंकों के साथ अपनी सीनियर हमवतन साथी से एक स्थान ऊपर रहीं। मनु भाकर और ईशा सिंह के पास महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पदक जीतने का एक और मौका होगा। ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा की एंट्री लिस्ट में भी शामिल हैं। मनु और ईशा दोनों ने अभी तक वर्ल्ड चैंपियनशिप में कोई व्यक्तिगत पदक नहीं जीता है, इस वैश्विक प्रतियोगिता में अब तक उनके तीनों पदक टीम वर्ग में आए हैं। सोमवार को चार पदकों के साथ इस प्रतियोगिता में भारत के पदकों की संख्या नौ हो गई। भारत ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक जीते है।

### मेकमाईट्रिप के कॉरपोरेट बुकिंग मंच ने स्विगी से हाथ मिलाया

**मुंबई।** मेकमाईट्रिप के एसएएएस आधारित कॉरपोरेट बुकिंग मंच माईबिज और स्विगी ने देश भर में कॉरपोरेट यात्रियों के लिए भोजन संबंधी व्यय प्रबंधन को सरल बनाने के लिए साझेदारी की मंगलवार को घोषणा की। एक बयान के अनुसार, इस साझेदारी के साथ कॉरपोरेट यात्री स्विगी ऐप पर 'स्विगी फॉर वर्क' के माध्यम से भोजन का ऑर्डर दे सकते हैं। साथ ही माईबिज कॉरपोरेट वॉलेट का उपयोग करके सीधे भुगतान कर सकते हैं। सभी लेन–देन स्वचालित रूप से कंपनी व्यय प्रणालियों में दर्ज हो जाएंगे जिससे नीतिगत अनुपालन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इसकी शुरुआत करने के लिए कर्मचारियों को अपनी कॉरपोरेट आईडी के साथ एक बार प्राधिकरण की आवश्यकता होगी। मेकमाईट्रिप के सह–संस्थापक राजेश मागो ने कहा, '' इस साझेदारी के साथ, हम स्विगी के रेस्तरां नेटवर्क और आपूर्ति ढांचे को माईबिज के कॉरपोरेट यात्रा परिवेश के साथ जोड़ रहे हैं ताकि व्यावसायिक भोजन प्रबंधन की जटिलता को दूर किया जा सके'' स्विगी फूड मार्केटप्लेस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोहित कपूर ने कहा, '' व्यावसायिक यात्री अब अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं जबकि स्विगी यह सुनिश्चित करता है कि उनके भोजन की सही व्यवस्था हो। कॉरपोरेट यात्री स्विगी के विशाल रेस्तरां नेटवर्क से ऑर्डर कर सकते हैं और जहां कहीं भी हों, भोजन मंगवा सकते हैं या शहर के अपने पसंदीदा रेस्तरां में भोजन का आनंद ले सकते हैं। इसमें उनके खर्चों का भुगतान उनके माईबिज वॉलेट के माध्यम से तुरंत हो जाएगा।

# एटीपी फाइनल्स: जैनिक सिनर ने जीत के साथ की अभियान की शुरुआत

एजेंसी

**सिनर ने फ़ेलिक्स ऑगर–अलियासिम को दी शिकस्त**

ट्यूरिन। इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स में अपने खिताब बचाव अभियान की जोरदार शुरुआत की। सोमवार को ट्यूरिन के इनालपी एरेना में खेले गए राउंड-रॉबिन मुकाबले में उन्होंने कनाडा के फ़ेलिक्स ऑगर-अलियासिम को 7-5, 6-1 से हराकर पहला मैच अपने नाम किया। यह मुकाबला सिनर और ऑगर-अलियासिम के बीच अगस्त के बाद से चौथा था, और पिछली भिड़ंत के केवल आठ दिन बाद हुआ। नतीजा एक बार फिर वही रहा-सिनर ने धीरे-धीरे मैच पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए चोटिल कनाडाई खिलाड़ी को मात दी। दूसरे सेट के दौरान फ़ेलिक्स को बाएं पिंडली में तकलीफ हुई, जिसके चलते उन्हें मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा। इस जीत के साथ सिनर ने इंडोर हार्ड कोर्ट पर अपनी लगातार जीतों की लकीर 27 मैचों तक बढ़ा दी। उनकी आखिरी हार 2023 एटीपी फाइनल्स के फाइनल में नोवाक जोकोविच के खिलाफ आई थी। सिनर अब कार्लोस अल्कराज के साथ वर्ष के अंत में विश्व नंबर 1 बनने की दौड़ में हैं। सिनर को यह खिताब बचाना जरूरी है ताकि वे शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहें, जबकि अल्कारेज अपने शुरुआती मैच में जीत के बाद अब केवल दो और मैच जीतकर यह स्थान सुरक्षित कर सकते हैं। पहले सेट में सिनर ने बेहतरीन शुरुआत की, पहला गेम बिना कोई अंक गंवाए जीता और अपनी सर्व पर केवल तीन



अंक खोए। उन्होंने पांच ब्रेक प्वाइंट बनाए और बैकहैंड तथा फोरहैंड दोनों में शानदार नियंत्रण दिखाया। फ़ेलिक्स ने हालांकि आठ ऐस लगाकर कड़ा मुकाबला किया और चार ब्रेक प्वाइंट बचाए, लेकिन सिनर ने 6-5 की बढ़त के समय निर्णायक ब्रेक हासिल कर पहला सेट जीत लिया। सिनर ने कहा, यह मैच काफी कठिन था, खासकर पहले सेट तक। उन्होंने बहुत आक्रामक टेनिस खेली, इसलिए मैं खुश हूं कि मैं यह चुनौती पार कर सका। इस टूर्नामेंट में पहला मैच जीतना बहुत जरूरी होता है। दूसरे सेट में सिनर ने 3-0 की बढ़त बना ली और इसी बीच फ़ेलिक्स को पिंडली की समस्या के कारण मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा। सिनर ने कहा, आशा है कि उनकी चोट गंभीर न हो। मैं चाहता हूं कि वे जल्द पूरी तरह फिट होकर लौटें। फ़ेलिक्स ने कुछ समय के लिए वापसी की कोशिश की, लेकिन सिनर ने एक और ब्रेक हासिल करते हुए मैच को अपने नाम किया। आखिरी गेम में उन्होंने एक ऐस के साथ जीत दर्ज की। घरेलू दर्शकों के सामने सिनर ने शानदार प्रदर्शन किया, कुछ बेहतरीन ड्रॉप शॉट्स खेले और जीत के साथ पूरा स्टेडियम उनकी तारीफ में खड़ा हो गया।

### ओंस जाबूर ने गर्भावस्था की घोषणा की, टेनिस से लिया लंबा ब्रेक

**नई दिल्ली।** ट्यूनिशिया की टेनिस स्टार और पूर्व विश्व नंबर 2 खिलाड़ी ओंस जाबूर ने सोमवार को यह घोषणा की है कि वह अपने पहले बच्चे की मां बनने वाली हैं। इसके साथ ही उन्होंने पेशेवर टेनिस से कुछ समय के लिए लंबा ब्रेक लेने का फैसला किया है। 31 वर्षीय जाबूर ने इंस्टाग्राम पर एक भावनात्मक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, मैंने खुद को रिफ्रेश और रिचार्ज करने के लिए थोड़ा ब्रेक लिया था... और अब लगता है, हमने अब तक की सबसे प्यारी वापसी की योजना बना ली है। ट्यूनिशिया की इस स्टार खिलाड़ी, जिन्हें उनके प्रशंसक प्यार से ''मिनिस्टर ऑफ हैप्पीनेस''कहते हैं, ने बताया कि वह अप्रैल में एक बेटे को जन्म देने वाली हैं। उन्होंने कहा कि वह फिलहाल अपने करियर को कुछ समय के लिए विराम देकर परिवार और मातृत्व पर ध्यान केंद्रित करेंगी। जाबूर, जो इस समय विश्व रैंकिंग में 79वें स्थान पर हैं, तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट रह चुकी हैं और अब तक अपने करियर में पांच डब्ल्यूटीए सिंगल्स खिताब जीत चुकी हैं।

# फुटबॉल खिलाड़ियों का आईएसएल शुरू करने का आग्रह, कहा हताशा और गुस्सा व्याकुलता में बदल गए हैं

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों ने मंगलवार को एक संयुक्त बयान जारी कर प्रशासकों से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का नया सत्र जल्दी से जल्दी शुरू करने की अपील करते हुए कहा कि उनका गुस्सा और हताशा अब व्याकुलता में बदल गई है। यह अपील ऐसे समय में की गई है जब अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पिछले सप्ताह कहा था कि 16 अक्टूबर को आईएसएल के वाणिज्यिक अधिकारों के लिए अनुरोध (आरएफपी) के बाद उसे कोई बोली नहीं मिली है। इस आरएफपी में लीग के वाणिज्यिक और मीडिया अधिकारों के लिए 15 साल के अनुबंध के लिए बोलियां आमंत्रित की गई थीं। स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, ''अभी हम जहां हैं, वहां से देरी करना अच्छा नहीं होगा। कोच, प्रशंसक, स्टाफ के सदस्य और खिलाड़ियों के लिए सब कुछ ठहर गया है। हमने बहुत मेहनत की है। हमने बहुत त्याग किया है और हम अपने सत्र को यूं ही खत्म नहीं होना देना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''पूरा भारतीय फुटबॉल तंत्र अनिश्चितता में डूबा हुआ है। सपने थम गए हैं। भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। हर दिन हम इंतजार करते हैं। हम व्याकुल हैं। हमें तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है। गोलकीपर गुरप्रीत वालिया जैसे राष्ट्रीय टीम के कई फुटबॉलरों ने भी इसी तरह की भावनाएं व्यक्त करते हुए एक संदेश साझा किया। खिलाड़ियों ने बयान में कहा, ''हम इंडियन सुपर लीग में खेलने वाले पेशेवर फुटबॉलर मिलकर यह अपील करते हैं कि हम इंडियन सुपर लीग का सत्र शुरू करने के लिए एकजुट हैं। सीधे शब्दों में कहें तो हम खेलना चाहते हैं । बयान में कहा गया है, ''हमारे गुस्से, हताशा और परेशानी की जगह अब व्याकुलता ने ले ली है। हम उस खेल को खेलने के लिए बेताब हैं जिसे हम प्यार करते हैं। हम अपने परिवार और प्रशंसकों के लिए खेलने को लेकर बेताब हैं जो हमारे लिए सब कुछ हैं। बयान में खेल प्रशासकों से आग्रह किया गया कि वे मौजूदा संकट से निपटने का रास्ता निकालें। इसके कारण मोहन बागान जैसे शीर्ष क्लबों को अपना अभ्यास सत्र रोकना पड़ा है। इसमें कहा गया, ''यह देश में हमारे खेल को संचालित करने वाले सभी लोगों से एक अपील है कि वे फुटबॉल सत्र को शुरू करने के लिए जो भी संभव हो वह करें। भारत को प्रतिस्पर्धी फुटबॉल की आज पहले से कहीं ज़्यादा ज़रूरत है। खिलाड़ियों ने बयान में कहा, ''जहां तक हमारा सवाल है तो हम प्रतिबद्ध हैं, पेशेवर हैं और जैसे ही हमें बताया जाएगा हम तुरंत खेलने के लिए तैयार हैं। हम इस शानदार खेल को संचालित करने वाले लोगों से बस यही चाहते हैं कि वह हमारी हताशा पर ईमानदारी से गौर करें।

# भारत में दुनिया की सबसे बड़ी बैटरी ऊर्ज़ा भंडारण परियोजनाओं में से एक का निर्माण करेगा अदाणी समूह

एजेंसी

नयी दिल्ली। अदाणी समूह ने बैटरी ऊर्ज़ा भंडारण क्षेत्र में प्रवेश की मंगलवार को घोषणा की। समूह की गुजरात के खावड़ा में 1,126 मेगावाट/ 3,530 मेगावाट बैटरी ऊर्ज़ा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) स्थापित करने की योजना है जो भारत की सबसे बड़ी एवं दुनिया की सबसे बड़ी एकल-स्थान भंडारण परियोजनाओं में से एक होगी। समूह ने बयान में कहा कि 700 से अधिक बीईएसएस कंटेनर वाली इस सुविधा के मार्च 2026 तक चालू होने की उम्मीद है। यह खावड़ा नवीकरणीय ऊर्ज़ा परिसर का हिस्सा होगी जिसे विश्व का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्ज़ा संयंत्र बताया जा रहा है। बीईएसएस परियोजना की विद्युत क्षमता 1126 मेगावाट और ऊर्ज़ा क्षमता 3530 मेगावाट होगी। इसका मतलब है कि बीईएसएस 3530 मेगावाट ऊर्ज़ा संग्रहित करने में सक्षम होगी जिससे 1126 मेगावाट की विद्युत क्षमता लगभग तीन घंटे बढ़ जाएगी। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, '' ऊर्ज़ा भंडारण अक्षय ऊर्ज़ा आधारित भविष्य की आधारशिला है। इस ऐतिहासिक परियोजना के साथ, हम न केवल वैश्विक मानक स्थापित कर रहे हैं बल्कि भारत की ऊर्ज़ा स्वतंत्रता एवं स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल समूह को बड़े पैमाने पर विश्वसनीय, स्वच्छ एवं किफायती ऊर्ज़ा समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। समूह ने बयान में कहा कि वह वित्त वर्ष 2026-27 तक अपनी भंडारण क्षमता को 15 गीगावाट घंटा और पांच वर्ष के भीतर 50 गीगावाट घंटा तक बढ़ाने की योजना बना रहा है जो बड़े पैमाने पर स्वच्छ ऊर्ज़ा अवसंरचना में उसकी महत्वाकांक्षाओं को रेखांकित करता है। इस रणनीतिक प्रवेश के साथ, अदाणी समूह बड़े पैमाने पर भंडारण अवसंरचना में निवेश करने वाले वैश्विक ऊर्ज़ा दिग्गजों की श्रेणी में शामिल हो गया है जो भारत की स्वच्छ ऊर्ज़ा यात्रा में एक परिवर्तनकारी क्षण को चिह्नित करता है।

### ओएनजीसी का जुलाई–सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत घटा

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी) का शुद्ध लाभ जुलाई-सितंबर तिमाही में तेल की कीमतों में गिरावट के कारण 18 प्रतिशत घट गया। ओएनजीसी ने बयान में कहा कि कंपनी का शुद्ध लाभ जुलाई-सितंबर में 9,848 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले इसी अवधि में 11,984 करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। यह गिरावट मुख्य रूप से कच्चे तेल की कीमतों में कमी के कारण आई। कच्चे तेल की कीमत वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही की 78.33 डॉलर प्रति बैरल से घटकर चालू वित्त वर्ष 2025-26 की इस तिमाही में 67.34 डॉलर हो गई। ओएनजीसी ने दूसरी तिमाही में 46.3 लाख टन कच्चे तेल का उत्पादन किया जो जुलाई-सितंबर 2024 के 45.76 लाख टन उत्पादन से थोड़ा अधिक है। इसका गैस उत्पादन 4.918 अरब क्यूबिक मीटर पर स्थिर रहा।

# सरकार का लक्ष्य भारत को हरित हाइड्रोजन का वैश्विक केंद्र बनाना : प्रह्लाद जोशी

**जोशी ने ग्रीन हाइड्रोजन की पायलट परियोजनाओं के लिए किया आह्वान**

एजेंसी

नई दिल्ली, 11 नवंबर (हि.स)। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य भारत को हरित हाइड्रोजन के उत्पादन, उपयोग और निर्यात का वैश्विक केंद्र बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे नवीन प्रस्तावों की प्रतीक्षा है, जो हरित हाइड्रोजन उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ा सकें। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में हरित हाइड्रोजन 2025 पर तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक तकनीकों को प्रदर्शित करने वाली पायलट परियोजनाओं के लिए नए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं, जिनमें 100 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ हरित




हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए बायोमास का उपयोग भी शामिल है। प्रल्हाद जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि हरित हाइड्रोजन को केवल एक विकल्प के रूप में नहीं, बल्कि आर्थिक आवश्यकता के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत सरकार का मुख्य ध्यान ऐसी नवीन तकनीकों के विकास पर है, जो हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए बायोमास या अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग करें। ये सम्मेलन राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (एनजीएचएम) को आगे बढ़ाने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने आगे कहा कि भारत का लक्ष्य दुनियाभर में स्वच्छ मूल्य श्रृंखलाओं और हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था में अग्रणी बनना है। उन्होंने विश्व एक परिवार है के सिद्धांत पर ज़ोर दिया और कहा कि भारत की हरित हाइड्रोजन यात्रा से पूरे ग्रह को लाभ होगा। दो दिवसीय यह सम्मेलन हरित हाइड्रोजन के विकास और विभिन्न क्षेत्रों में इसके अनुप्रयोगों से संबंधित विषयों पर केंद्रित होगा। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्री ने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने वाली शुरुआती परियोजनाओं के लिए नए प्रस्ताव को आमंत्रित किए। इनमें 100 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए 'बायोमास' का उपयोग भी शामिल है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कार्यान्वयन एजेंसी जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बीआईआरएसी) जल्द ही इच्छुक एजेंसियों और अनुसंधान संस्थानों से भागीदारी को आमंत्रित करते हुए प्रस्तावों के लिए आमंत्रण जारी करेगी।

# निठारी हत्याकांड : मुख्य दोषी सुरेंद्र कोली आजाद होगा

## सुप्रीम कोर्ट ने आखिरी केस में भी बरी किया, 10 मामलों में मिली थी मौत की सजा

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नोएडा में 2005-2006 के निठारी हत्याकांड से जुड़े हत्या और रेप कसे में सुरेंद्र कोली को बरी कर दिया है। कोर्ट ने सुरेंद्र की उस क्यूरेटिव पिटीशन को मंजूरी दे दी, जिसे उसने खुद को दोषी ठहराए जाने के खिलाफ दायर किया था।

फरवरी 2011 में 15 साल की एक लड़की की हत्या के मामले में कोली की दोषसिद्धि को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा था। हालांकि, इलाहाबाद हाईकोर्ट से बाकी 12 मामलों में बरी किए जाने के बाद उसने इस साल एक बार फिर क्यूरेटिव पिटीशन लगाई थी।

एख्क्र बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने कोली की दोषसिद्धि को खारिज करते हुए कहा कि उसे तत्काल रिहा किया जाए।

सुरेंद्र के वकील युग मोहित चौधरी कहते हैं, ''19 साल बाद जिन 13 मामलों में उसे मौत की सजा सुनाई गई थी, उनमें से 12 में वह पहले ही निर्दोष साबित हो चुका था। एक मामला बचा था, जिसमें पांच अदालतों ने उसे दोषी घोषित कर मौत की सजा सुनाई थी। आज सुप्रीम कोर्ट ने उस मामले में भी पहले के फैसलों को पलट दिया है। इस बेचारे को किसी ताकतवर व्यक्ति को बचाने के लिए फंसाया गया था। हर सबूत झूठा था, एक भी दोषसिद्धि को सही नहीं ठहरा सकता। यह स्पष्ट है कि सीबीआई ने असली अपराधी को जानते हुए भी इन निर्दोष लोगों के खिलाफ झूठे सबूत गढ़े और उन्हें फंसाया। कोली को नोएडा के निठारी गांव में 15 साल की एक लड़की के बलात्कार और हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था और फरवरी 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने उसकी सजा बरकरार रखी थी। उसकी पुनर्विचार याचिका 2014 में खारिज कर दी गई थी। हालांकि, जनवरी 2015 में, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उसकी दया याचिका पर फैसले में हद से ज्यादा देरी के कारण उसकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। अक्टूबर 2023 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निठारी के कई दूसरे मामलों में कोली और पंढेर को बरी कर दिया। 2017 में निचली अदालत से मिली मौत की सजा को पलट दिया। अदालत ने कोली को 12 मामलों में और पंढेर को दो मामलों में बरी कर दिया। सीबीआई और पीड़ित परिवारों ने बाद में इन बरी करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन अदालत ने 30 जुलाई को सभी 14 अपीलों को खारिज कर दिया। 7 अक्टूबर को कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि दोषसिद्धि केवल एक बयान और रसोई के चाकू की बरामदगी के आधार पर की गई थी। बाकी मामलों में बरी किए जाने के कारण विषम स्थिति उत्पन्न हो गई है। 29 दिसंबर 2006 को नोएडा के निठारी गांव में कारोबारी मोनिंदर सिंह पंढेर के घर के पीछे एक नाले से आठ बच्चों के कंकाल मिले थे। इस खुलासे के बाद कई बच्चों और महिलाओं के गायब होने व हत्या की जांच शुरू हुई, जिसमें पंढेर और उसके नौकर सुरिंदर कोली को गिरफ्तार किया गया। 2006 से अब तक इस मामले में 50 से ज्यादा कोर्ट सुनवाई, 14 केस फाइलें और 20 से ज्यादा फैसले दिए जा चुके हैं।

# प्रह्लाद जोशी ने बायोमास-आधारित हाइड्रोजन पायलट परियोजनाओं के लिए 100 करोड़ रुपये के प्रस्तावों की घोषणा की

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को यहां भारत मंडपम में आयोजित हरित हाइड्रोजन पर तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीजीएच 2025) के उद्घाटन सत्र में बायोमास तथा अपशिष्ट पदार्थों से हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिये नवीन तकनीकों के विकास हेतु पायलट परियोजनाओं हेतु 100 करोड़ रुपये के प्रस्तावों की घोषणा की।

इस अवसर केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (एनजीएचएम) का आधिकारिक लोगो भी लॉन्च किया।

श्री जोशी ने कहा कि राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (एनजीएचएम) भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को गति देने के साथ रोज़गार सृजित कर रहा है और निवेश को भी आकर्षित कर रहा है। यह भारत को हरित हाइड्रोजन के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है। उन्होंने इसके लोगो के बारे में बताया कि देश भर से प्राप्त 2,500 से अधिक प्रविष्टियों में से एनजीएचएम के लिये इस लोगो का चयन किया गया। यह भारत की हरित यात्रा में जन भागीदारी और मिशन को संचालित करने वाली सामूहिक भावना एवं रचनात्मकता का प्रतिनिधित्व करता है। श्री जोशी ने कहा कि 19,744 करोड़ के व्यय के साथ 2023 में शुरू किया गया एनजीएचएम न केवल एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में कठिनाई वाले क्षेत्रों को कार्बन मुक्त करने का एक वैश्विक समाधान भी है। श्री जोशी ने हरित हाइड्रोजन परिवर्तन के लिए रणनीतिक समाधान (एसआईजीएचटी) कार्यक्रम की प्रगति का उल्लेख करते हुये कहा कि घरेलू इलेक्ट्रोलाइज़र निर्माण के लिए 3,000 मेगावाट प्रति वर्ष और हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिए 8.62 लाख टन प्रति वर्ष प्रोत्साहन प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि भारत अब 7.24 लाख टन प्रति वर्ष उत्पादन के लिए 49.75 प्रति किलोग्राम रुपये के साथ दुनिया में सबसे कम हरित अमोनिया मूल्य दर्ज करता है। श्री जोशी ने कहा कि इसके अलावा हरित इस्पात के लिए पांच पायलट परियोजनाओं में 132 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, और 37 हाइड्रोजन-ईंधन वाले वाहनों और नौ ईंधन भरने वाले स्टेशनों के लिए 208 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके साथ ही वीओ चिदंबरनार बंदरगाह पर देश की पहली हाइड्रोजन बंकरिंग और ईंधन भरने की सुविधा के लिए 35 करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं। श्री जोशी ने नई पहल की घोषणा करते हुए कहा कि मंत्रालय हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए बायोमास और अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग करने वाली पायलट परियोजनाओं के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करेगा। इन पायलट परियोजनाओं के लिए कुल 100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त मिशन के तहत स्टार्टअप्स के लिए पहले से ही 100 करोड़ रुपये स्वीकृत हैं। वहीं उद्योगों, स्टार्टअप्स और अनुसंधान संस्थानों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए इस योजना को जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बीआईआरएसी) के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा।

# उत्तराखंड में पंचायती उपचुनाव की अधिसूचना जारी

## 20 नवंबर को मतदान, 22 को मतगणना

एजेंसी

पौड़ी गढ़वाल। उत्तराखंड चुनाव आयोग ने राज्य में त्रिस्तरीय पंचायतों के रिक्त पदों पर उपचुनाव की औपचारिक घोषणा कर दी है। राज्य चुनाव आयोग की ओर से जारी अधिसूचना में जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत), जिलाधिकारी ने पौड़ी गढ़वाल जिले के विभिन्न विकासखण्डों में रिक्त ग्राम पंचायतों के सदस्यों एवं रिक्त ग्राम प्रधान पदों पर उप चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 13 एवं 14 नवम्बर को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न पांच बजे तक दाखिल किये जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच 15 नवम्बर को की जाएगी। नाम वापसी हेतु अंतिम तिथि 16 नवम्बर निर्धारित की गयी है, जो दोपहर 03 बजे तक होगी। निर्वाचन प्रतीक उसी दिन, अर्थात 16 नवम्बर को आवंटित किए जाएंगे। मतदान 20 नवम्बर को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक संपन्न होगा तथा मतगणना 22 नवम्बर सुबह आठ बजे से कार्य समाप्ति तक की जाएगी। त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2025 के अंतर्गत पौड़ी गढ़वाल जिले में ग्राम प्रधानों के कुल पांच पद रिक्त हैं। इन पदों पर उपचुनाव आयोजित किए जाएंगे। इनमें विकासखंड थलीसैंण की सुनारगांव, रिखणीखाल की सुलमोड़ी, एकेश्वर की पालकोट, पोखड़ा की कुण्ज तथा कल्जीखाल की डांगी ग्राम पंचायत शामिल हैं। इसके अतिरिक्त जिले के समस्त विकासखंडों में कुल 6083 ग्राम पंचायत सदस्य पदों के लिए भी उपचुनाव संपन्न कराए जाएंगे।

# न्यायाधिकरण सुधार कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 'न्यायाधिकरण सुधार (युक्तिकरण और सेवा शर्तें) अधिनियम, 2021' की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

इस कानून में फिल्म प्रमाणन अपीलीय न्यायाधिकरण सहित कुछ अपीलीय न्यायाधिकरणों को समाप्त किया गया है और विभिन्न न्यायाधिकरणों के न्यायिक और अन्य सदस्यों की नियुक्ति तथा कार्यकाल से संबंधित विभिन्न शर्तों में संशोधन किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी द्वारा अपनी दलीलें पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। वेंकटरमणी ने पीठ से आग्रह किया कि यह कानून लंबी अवधि के बाद संसद द्वारा बनाया गया है और कानून को लागू रहने दिया जाए। शीर्ष अदालत ने 16 अक्टूबर को मामले में अंतिम सुनवाई शुरू की थी। पीठ ने सोमवार को पूछा कि केंद्र उसी न्यायाधिकरण सुधार कानून को कुछ मामूली सुधार के साथ कैसे ला सकता है जिसके कई प्रावधानों को उसने पहले ही रद्द कर दिया था। याचिकाओं में कानून के प्रावधानों को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि वे न्यायिक स्वतंत्रता और शक्ति विभाजन के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं। न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 ने पहले के न्यायाधिकरण सुधार (युक्तिकरण और सेवा शर्तें) अध्यादेश, 2021 का स्थान लिया, जिसे इसी तरह की संवैधानिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। शीर्ष अदालत ने अध्यादेश के उस प्रावधान को रद्द कर दिया था, जिसने न्यायाधिकरण के सदस्यों और अध्यक्षों का कार्यकाल घटाकर चार साल कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि छोटा कार्यकाल न्यायपालिका पर कार्यकारी प्रभाव को बढ़ावा दे सकता है। उसने माना था कि सेवा की सुरक्षा के लिए कार्यकाल पांच वर्ष होना चाहिए, जिसमें अध्यक्षों के लिए अधिकतम आयु 70 वर्ष और सदस्यों के लिए 67 वर्ष होनी चाहिए। पीठ ने न्यायाधिकरणों में नियुक्तियों के लिए न्यूनतम आयु 50 वर्ष के प्रावधान को भी रद्द कर दिया था। सरकार 2021 में अधिनियम लाई। शीर्ष अदालत के फैसले के बाद, सरकार ने अगस्त 2021 में कानून पेश किया और पारित किया, जिसमें लगभग वैसे ही प्रावधान थे जिन्हें रद्द कर दिया गया था।

# विज्ञापन नियमों के उल्लंघन के 97 फीसदी मामलों में डिजिटल मीडिया जिम्मेदार: एएससीआई

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) की अर्धवार्षिक शिकायत रिपोर्ट (2025-26) के अनुसार, विज्ञापन नियमों के उल्लंघन के 97 प्रतिशत मामलों के लिए डिजिटल मीडिया जिम्मेदार रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2025 में अप्रैल से सितंबर माह के बीच एएससीआई ने 6,841 शिकायतों की समीक्षा की और 6,117 विज्ञापनों की जांच की। इनमें से 98 फीसदी में संशोधन की आवश्यकता थी। पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में शिकायतों में 70 फीसदी और विज्ञापनों पर कार्रवाई में 102 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। अवैध सट्टेबाजी में 4,575 विज्ञापन, तीन सरोगेट विज्ञापन, पर्सनल केयर में 367, स्वास्थ्य देखभाल में 332, खाद्य एवं पेय पदार्थों में 211 और शिक्षा में 71 विज्ञापन नियमों का उल्लंघन करते पाये गये। ये नियमों का उल्लंघन करने वाले पांच सबसे बड़े क्षेत्र के रूप में सामने आये हैं। यह कुल मामलों का लगभग 90 प्रतिशत है। एएससीआई की मुख्य कार्यकारी अधिकारी और महासचिव मनीषा कपूर ने कहा कि प्रतिबंध के बावजूद सट्टेबाजी के विज्ञापनों का बड़े पैमाने पर प्रसार और शीर्ष इन्फ्लुएंसर्स द्वारा मानकों का पालन न किया जाना, हाल के दिनों में सामने आई महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं। डिजिटल माध्यमों में उपभोक्ता विश्वास संवेदनशील होता है और इस तरह की प्रवृत्तियां पूरे उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं। हालाँकि, यह सकारात्मक है कि बिना विवाद वापस लिए गए विज्ञापनों और स्वैच्छिक अनुपालन की दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह एएससीआई की भूमिका को उपभोक्ता हितों की रक्षा करने वाली पहली और प्रमुख पंक्ति के रूप में और मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि जहां उल्लंघन बार-बार और जानबूझकर किए जाते हैं, वहां कठोर नियामकीय कार्रवाई आवश्यक है।

# एकीकरण, नवाचार और बदलती परिस्थितियों में ढलने की क्षमता से परिभाषित होंगे भविष्य के युद्धः थल सेना प्रमुख

नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ज़ोर देकर कहा है कि भविष्य के युद्ध जमीन, वायु, समुद्री, अंतरिक्ष और साइबर क्षेत्रों में एकीकरण, नवाचार तथा बदलती परिस्थितियों में ढलने की सेनाओं की क्षमता से परिभाषित होंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना बहु-क्षेत्रीय अभियानों की ओर तेज़ी से बढ़ रही है और बेहतर निर्णय लेने तथा संचालन तालमेल के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन और डेटा विश्लेषण का इस्तेमाल कर रही है। सेना प्रमुख ने मंगलवार को कैवलरी सेमिनार 2025 में 'भारतीय संदर्भ में क्रॉस-डोमेन ऑपरेशन' विषय पर अपनी बात रखते हुए ज़ोर देकर कहा कि प्रौद्योगिकी युद्ध को बदल रही है और भूगोल तथा मानव नेतृत्व महत्वपूर्ण पहलू बने हुए हैं। उन्होंने सभी स्तरों पर नेतृत्व के रचनात्मक रूप से विकसित होने , संयुक्तता को बढ़ावा देने और प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता, चुस्त दुरूस्त कमान और नागरिक-सैन्य एकीकरण के माध्यम से परिवर्तन को बनाए रखने का आह्वान किया ताकि एक गतिशील सुरक्षा वातावरण में संचालन श्रेष्ठता प्राप्त की जा सके। इससे पहले संगोष्ठी के उद्घाटन दिवस पर टैंक प्रौद्योगिकियों में उभरते रुझानों, भविष्य के पैदल सेना लड़ाकू वाहनों, युद्धक्षेत्र पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव और ड्रोन तथा इलेक्ट्रॉनिक युद्ध की भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया।

# भारत और वियतनाम की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास विनबैक्स शुरू

नयी दिल्ली। भारत और वियतनाम की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'विनबैक्स 2025 ' का छठा संस्करण मंगलवार को वियतनाम की राजधानी हनोई में शुरू हुआ। वियतनाम की यात्रा पर गये रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और वियतनाम सेना के उप-प्रमुख सीनियर लेफ्टिनेंट जनरल फुंग सी टैन ने सैन्य अभ्यास उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की। विनबैक्स भारत और वियतनाम के बीच एक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास है जिसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना तथा रक्षा सहयोग को मजबूत करना है। इस अभ्यास का पिछला संस्करण भारत में अंबाला में हुआ था।

# पेज एक का शेष

## दिल्ली विस्फोटः फरीदाबाद...

दिल्ली पुलिस कई जगहों पर छापेमारी कर रही है और राष्ट्रीय राजधानी को 'हाई अलर्ट' पर रखा गया है तथा हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों एवं बस अड्डों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में ह्लमास्क पहने हुए एक व्यक्ति को उस कार को चलाते हुए देखा जा सकता है जिसमें विस्फोट हुआ था। पुलिस ने कहा कि कई टीम को लाल किले और उसके आसपास के रास्तों के सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के लिए तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि उमर कार में अकेला था। विस्फोट के बाद, राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और सभी सीमा बिंदुओं पर वाहनों की जांच तेज कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों, चाहे वे निजी हों या व्यावसायिक, की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के तहत पूरी जांच और सत्यापन किया जा रहा है। पुलिस के एक सूत्र ने बताया, ''लाल किले और आसपास के रास्तों से सीसीटीवी फुटेज खंगालने के लिए कई टीम तैनात की गई हैं ताकि हुंदै आई20 कार को चलाने वाले मास्क पहने व्यक्ति के बारे में और जानकारी मिल सके जिसमें विस्फोट हुआ था। सूत्र ने कहा, ''हमें यह भी पता चला है कि विस्फोट से पहले कार तीन घंटे तक पास की एक पार्किंग में खड़ी थी। विभिन्न पार्किंग स्थलों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संभावित संदिग्धों का पता लगाने के लिए दरियागंज और पहाड़गंज इलाकों के होटलों और गेस्ट हाउस में रात भर तलाशी अभियान चलाया गया। लाल किला मेट्रो स्टेशन यात्रियों के लिए बंद कर दिया गया है, जबकि इलाके में यातायात प्रतिबंध भी लगाए गए हैं। दिल्ली यातायात पुलिस ने प्रतिबंधों और यातायात मार्ग परिवर्तन के संबंध में एक परामर्श जारी किया है तथा यात्रियों को सुबह छह बजे से अगले आदेश तक इन मार्गों से बचने और परेशानी मुक्त यात्रा के लिए वैकल्पिक सड़कों का उपयोग करने की सलाह दी है। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के अमरोहा निवासी अशोक कुमार (34) और दिल्ली निवासी अमर कटारिया (35) के रूप में हुई है। अन्य शवों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। उनकी उम्र 28 से 58 वर्ष के बीच है। अधिकारियों ने बताया कि कार के क्षतिग्रस्त अवशेषों से एक क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया है। 20 घायलों में से 12 दिल्ली के निवासी हैं तथा आठ उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों के निवासी हैं।

## डॉ. परवेज के घर...

खड़ी मिली। इसका नम्बर यूपी-11 बीडी 3563 था। कार के शीशे पर लखनऊ के गुड़म्बा स्थित इंटीग्रल यूनिवर्सिटी का गेट पास लगा हुआ था। साथ ही घर के अंदर एक स्पलैंडर बाइक (यूपी 32 सीए 8537) खड़ी थी। इस पर डॉक्टर का लोगो लगा हुआ था। पड़ोसियों ने सिर्फ इतना ही बताया कि परवेज ज्यादा किसी से मतलब नहीं रखता था। वह बहुत कम ही यहां आता जाता था। पड़ोस में लगे कैमरों को भी चेक किया गया पुलिस ने आसपास लगे सीसी कैमरों को भी चेक किया। बताया जाता है कि पड़ोस के एक कैमरे की फुटेज देखी गई लेकिन उसमें कुछ संदिग्ध नहीं दिखा है। दिल्ली विस्फोट के बाद लखनऊ में पहली छापेमारी गुजरात में यूपी के दो युवकों समेत तीन आतंकियों की गिरफ्तारी, फिर दिल्ली में विस्फोट के बाद लखनऊ से तार जुड़ने लगे थे। इसी कड़ी में दिल्ली विस्फोट के बाद एटीएस और पुलिस की यह लखनऊ में पहली छापेमारी है। इस बारे में एटीएस लखनऊ में और ब्योरा जुटा रही है। पत्नी से अलगाव था, वह नहीं आई यहां मुतक्कीपुर के ग्राम प्रधान मो. इमरान बताते हैं कि छह साल पहले इस मकान को डॉ. परवेज ने खरीदा था। यहां अक्सर उनके पिता रहते थे। कभी-कभार हुई मुलाकात में परवेज यह बताते थे कि उनकी शादी बिहार से हुई थी लेकिन उससे मेल नहीं खाया। वह अब उनसे अलग रहती है। इसके अलावा वह ज्यादा अपने बारे में कुछ नहीं बताता था। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के अधिकारियों के मुताबिक परवेज ने वर्ष 2021 में उनके यहां नौकरी शुरू की थी। छह नवम्बर को उसने इस्तीफा दे दिया था। डॉ. परवेज ने लखनऊ के एरा मेडिकल कालेज से वर्ष 2011 में एमबीबीएस किया था। उसके बाद उसने आगरा के सरोजनीनायडू मेडिकल कालेज आगरा से इंटरनल मेडिसिन से वर्ष 2015 में एमडी की पढ़ाई की। फिर यहीं पर वह कुछ साल तक जूनियर रेजीडेंट भी रहा।

## बिहार में एनडीए...

अनुसार, एनडीए को 137 से 152 सीटें, महागठबंधन को 83 से 98, जनसुराज को 2 से 4 और ओवैसी की पार्टी को 0 से 2 सीटें मिल सकती हैं। वहीं, दैनिक भास्कर एग्जिट पोल ने एनडीए को 145 से 160 सीटों की भारी बढ़त दी है। इस पोल में महागठबंधन को 73 से 91 और अन्य को 5 से 10 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। अंत में, पी-मार्क एग्जिट पोल ने भी एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिलने के संकेत दिए हैं। इस सर्वे के अनुसार, एनडीए को 142 से 162 सीटें, महागठबंधन को 80 से 98 सीटें, जनसुराज को 1 से 4 सीटें और अन्य दलों को 0 से 3 सीटें मिल सकती हैं। इन सभी एग्जिट पोल्स को मिलाकर देखें तो बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने की संभावनाएं मजबूत दिखाई दे रही हैं। अधिकांश सर्वेक्षणों में एनडीए 130 से ऊपर और कई में 150 के पार पहुंचता दिख रहा है, जबकि महागठबंधन के लिए आंकड़े 75 से 108 सीटों के बीच सीमित हैं। हालांकि अंतिम नतीजे चुनाव आयोग द्वारा जारी किए जाएंगे, लेकिन एग्जिट पोल के ये रुझान यह संकेत दे रहे हैं कि जनता ने इस बार भी एनडीए पर भरोसा जताया है।

## दिल्ली में ग्रैप-3...

तक तुरंत प्रभाव से लागू रहेगा। सीएक्यूएम की उप-समिति ने यह कदम तब उठाया जब दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक सोमवार के 362 से बढ़कर मंगलवार सुबह 425 हो गया। उन्होंने शांत हवाओं, स्थिर वातावरण और प्रतिकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों को इस अचानक वृद्धि का कारण बताया है।

## भारत-भूटान...

होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की साझेदारी केवल पनबिजली तक ही सीमित नहीं है अब सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी मिलकर बड़े कदम उठाए जा रहे हैं और इससे जुड़े अहम समझौते भी हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढाने के साथ साथ कनेक्टिविटी बढाने पर भी ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि संपर्क से अवसर और अवसर से समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि इसी लक्ष्य के साथ आने वाले समय में गेलेफु और साम्त्से शहरों को भारत के विशाल रेल नेटवर्क से जोड़ने का फैसला लिया गया है। इस परियोजना के पूरा होने से यहां के उद्योग और किसानों की भारत के विशाल बाजार तक पहुंच और आसान हो जाएगी। उन्होंने कहा कि रेल और रोड संपर्क के साथ- साथ दोनों देश सीमा पर ढांचागत अवसंरचना के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। भारत गेलेफु 'माइंडफुल सिटी' के विजन पर काम में भी हर संभव सहयोग कर रहा है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अब भारत गेलेफु के पास आव्रजन चौकी भी बनाएगा। उन्होंने कहा,'' मैं आज इस मंच से एक और महत्वपूर्ण घोषणा कर रहा हूं। आने वाले समय में, भारत गेलेफु के पास आव्रजन चेकप्वाइंट भी बनाने जा रहा है जिससे कि यहां आने वाले विजिटर्स और इन्वेस्टर्स को इससे और सुविधा मिल सके। भारत और भूटान की प्रगति तथा समृद्धि को एक दूसरे से जुड़ा हुआ बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत की भूटान के लिए दस हजार करोड़ रुपए की घोषणा से विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ रहा है और भूटान के नागरिकों के जीवन में आसानी बढ रही है। भारत ने कई ऐसे कदम उठाए हैं जिनसे भूटान में आवश्यक वस्तुओं की निरंतर आपूर्ति बनी हुई है। यूपीआई सुविधा के विस्तार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा , '' और अब तो यहां यूपीआई पेमेंट की सुविधा का भी विस्तार हो रहा है। हम इस दिशा में भी काम कर रहे हैं कि भूटान के नागरिकों को भी भारत आने पर यूपीआई सुविधा मिले।''

## वंदे मातरम का विरोध...

नवंबर 1949 को संविधान सभा को सौंपा गया था, उसके भी 75 वर्ष पूरे हुए हैं। वर्ष की शुरुआत में प्रयागराज महाकुम्भ हुआ। वहीं अयोध्या में श्रीराम मंदिर के भव्य निर्माण के बाद 25 नवंबर को केसरिया झंडा लहराता हुआ दिखेगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन होने जा रहा है। ब्रिटिश सरकार हो या मुगलकाल, सभी ने एकता को छिन्न-भिन्न किया मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अंग्रेज नहीं चाहते थे कि भारत एक रहे। उन्होंने भारत को बांटने की साजिश की थी। मुगलकाल और ब्रिटिश सरकार ने एकता को छिन्न-भिन्न किया। जो भारत लाखों-हजारों वर्षों से अखंड रहा, ब्रिटिश कालखंड में उसके एक-एक टुकड़े अलग होते गए। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन 14 अगस्त 1947 का था, जब भारत की दो भुजाओं को पृथक करके ब्रिटिशर ने बड़ी चोट की थी। उनकी मंशा थी कि भारत को अनेक भागों में विभाजित कर दें। ब्रिटिश सरकार ने घोषणा की थी कि भारत को आजाद करेंगे, लेकिन इसे दो भागों में बांटेंगे। देसी रियासतों को छूट देंगे कि वे मर्जी से भारत-पाकिस्तान में शामिल हों या स्वतंत्र अस्तित्व को भी बनाए रख सकते हैं, लेकिन लौहपुरुष ने 563 रियासतों को देश का हिस्सा बनाकर वर्तमान भारत के शिल्पी के रूप में नागरिकों के दिल में राज किया। उस समय जूनागढ़ का नवाब और हैदराबाद का निजाम भारत गणराज्य में शामिल नहीं होना चाहते थे, वे स्वतंत्र अस्तित्व बनाए रखना चाहते थे। सरदार पटेल ने दोनों से कहा कि बातों से मानोगे तो ठीक, वरना दूसरा तरीका भी है। इस पर दोनों भागकर पाकिस्तान चले गए। शत्रु संपत्ति पर सिर्फ सरकार व नागरिकों का अधिकार मुख्यमंत्री ने कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जिन सेक्यूलरिस्टों की आंखों में धूल झोंकी गई हैं, उन्हें बताइए कि मोहमदाबाद का नवाब मुस्लिम लीग का कोषाध्यक्ष बनकर पाकिस्तान के लिए धनराशि उपलब्ध कराता था। भारत की संपत्ति को भारत को तोड़ने के खिलाफ इस्तेमाल किया जा रहा था। वह भागकर पाकिस्तान भी चला गया था। वहां दुर्गति होने पर उसके वंशज फिर से भारत में हाथ-पैर मार रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रॉपर्टी शत्रु संपत्ति है और इस पर सिर्फ भारत की सरकार व नागरिकों का अधिकार है। राष्ट्रयज्ञ में क्रांतिकारियों द्वारा गाए जाने वाले मंत्र का प्रतीक था वंदे मातरम मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय एकता हमारी आन, बान, शान, अस्तित्व व भावी पीढ़ी का भविष्य है। राष्ट्रगीत को रचकर बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने स्वाधीनता के लिए अमृत मंत्र की रचना की थी, जिसने जनचेतना को जागरूक करने में योगदान दिया था। यह राष्ट्रयज्ञ में क्रांतिकारियों द्वारा गाए जाने वाले मंत्र का प्रतीक था। हर क्रांतिकारी और युवा आजादी के आंदोलन में वंदे मातरम को गाते-गाते फांसी के फंदे को गले में लगाकर झूल जाता था और भावी पीढ़ी के लिए संदेश छोड़कर जाता था कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं। मुख्यमंत्री ने अपील की कि राष्ट्रीय सुरक्षा व एकता के मार्ग में व्यक्तिगत दुश्मनी-मित्रता बाधा नहीं बननी चाहिए। हमें राष्ट्र के प्रति समर्पण व राष्ट्र प्रथम के भाव से जुड़ना चाहिए, जिससे भारत एक और श्रेष्ठ बन सके। विदेशी विधर्मियों ने हमें आपस में लड़ाया मुख्यमंत्री ने चेताया कि देश ऐसे ही नहीं गुलाम हुआ। विदेशी विधर्मियों ने पहले हमें आपस में लड़ाया। जातीय सेनाएं खड़ी कीं, फिर पूरी ताकत को कमजोर किया। बाद में एक पक्ष को अपने साथ जोड़कर दिखाते थे कि वह हितैषी हैं, लेकिन वह देश पर कब्जा जमाने आए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास आत्मावलोकन का अवसर देता है। इतिहास के गौरवशाली क्षणों से प्रेरणा प्राप्त करके भविष्य को सुंदर बनाने में योगदान देना चाहिए। 11 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत शानदार यात्रा के साथ आगे बढ़ा है। इसमें विकास, गरीब कल्याण, विरासत का सम्मान है। सरदार पटेल को पहली बार सम्मान देने का कार्य अटल बिहारी वाजपेयी ने दिया। उन्होंने 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय समारोह और पीएम मोदी ने इसे राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में आयोजित करने का निर्णय किया। 31 अक्तूबर को प्रत्येक जनपद में रन फॉर यूनिटी निकाली गई। दुनिया में सबसे बड़ी प्रतिमा लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की है, जो गुजरात के केवड़िया में लगी है। इस धरती के महापुरुषों ने आजादी के लिए समर्पित किया जीवन मुख्यमंत्री ने कहा कि बाराबंकी के लाल केडी सिंह बाबू की हवेली को भव्य म्यूजियम के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस धरती के अनेक महापुरुषों ने आजादी के लिए पूरा जीवन समर्पित भाव के साथ कार्य किया। सिथेंटिक मेंथा पर जीएसटी 18 फीसदी रहेगी, लेकिन अन्नदाता किसान जो उत्पादन करेंगे, उस पर घटाकर मात्र पांच फीसदी जीएसटी किया गया है। मुख्यमंत्री ने पद्म पुरस्कार से सम्मानित रामसरन वर्मा का जिक्र किया। साथ ही कहा कि संदीप वर्मा, मोइद्दीन, निमित सिंह अलग-अलग क्षेत्रों में प्रगतिशील किसानों के रूप में प्रेरणा बन सकते हैं। एफपीओ के माध्यम से भी किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य कर सकते हैं। परिवारवाद-जातिवाद की राजनीति करने वालों ने प्रदेश को बीमारू बना दिया था मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी 8 वर्ष पहले इंफ्रास्ट्रक्चर में कहीं नहीं था। परिवारवाद-जातिवाद की राजनीति करने वालों ने प्रदेश को बीमारू बना दिया था। किसान को भूखमरी की तरफ धकेल कर आत्महत्या के लिए मजबूर किया जाता था, लेकिन अब किसान कई गुना मुनाफा कमा रहा है, उसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का भी लाभ मिल रहा है। यूपी में सड़क, रेल, एयर, इनलैंड वॉटरवे का कार्य हो रहा है। इस दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, दिनेश रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधान परिषद सदस्य इंजी. अवनीश सिंह, उमेश द्विवेदी, अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, पूर्व सांसद प्रियंका रावत, उपेंद्र रावत, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, पद्म पुरस्कार से सम्मानित राम सरन वर्मा आदि मौजूद रहे। बॉक्स वंदे मातरम का हुआ सामूहिक गान, मुख्यमंत्री ने कराया अन्नप्राशन, बच्चियों को दिया चॉकलेट मुख्यमंत्री ने बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया। उन्होंने छोटी बच्चियों से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। मुख्यमंत्री ने उन्हें गुलाब व चॉकलेट दिया, फिर पढ़ाई के बारे में पूछा। इसके पहले वंदे मातरम का सामूहिक गान भी हुआ।

# मुख्यमंत्री धामी ने जनता मिलन कार्यक्रम में सुनीं जन समस्याएं

■ अधिकारियों को दिए फीडबैक लेने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना की रजत जयंती उत्सव आयोजन के बाद जनसंवाद तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में जनता मिलन कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। मुख्यमंत्री ने रजत जयंती वर्ष को जनभागीदारी और संवाद का अवसर बताया। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से प्राप्त शिकायतों एवं मांगों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ ही नियमित फीडबैक भी लिया जाए। उन्होंने कहा कि इस अवसर को हमें प्रशासन को जनता के और करीब ले जाने के रूप में इस्तेमाल करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य जन समस्याओं का समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण करना है। इसके लिए प्रत्येक विभाग को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करते हुए जन अपेक्षाओं के अनुरूप सक्रिय और संवेदनशील व्यवहार अपनाना होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए और शिकायत निवारण की प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी व तकनीकी माध्यमों से सुलभ बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने जनता से प्राप्त सुझावों और मांगों को नीति निर्माण प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि राज्य के हर नागरिक को विकास योजनाओं का सीधा लाभ जनता को जल्दी मिले। उन्होंने जनता से भी राज्यहित में रचनात्मक सुझाव देने और जनसेवा के प्रयासों में सहभागी बनने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्रत्येक नीति और निर्णय का मूल उद्देश्य जनता का हित और प्रदेश का समग्र विकास है।

# मध्य क्षेत्रीय परिषद समिति की बैठक का एजेंडा तैयार करने में जुटी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड शासन के मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में आगामी मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में राज्य की ओर से प्रस्तुत किए जाने वाले बिंदुओं का एजेंडा तैयार करने के संबंध में एक समीक्षा बैठक हुई। मुख्य सचिव बर्धन ने ऐसे सभी विभागों, जिनका अभी तक मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थाई समिति में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रकरणों का एजेंडा अप्राप्त हैं, को निर्देशित किया कि वे मध्य क्षेत्रीय परिषद समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत किए जाने वाले एजेंडे को तत्काल तैयार कर प्रस्तुत करें। मुख्य सचिव ने समाज कल्याण विभाग को जौनसार, जेनसारी शब्द विषयक प्रकरण के संबंध में निर्देश दिए कि उक्त प्रकरण को अनुसूचित जनजाति मंत्रालय को उनके पोर्टल में शब्द की स्पेलिंग को संशोधन करने का अनुरोध तैयार करें। साथ ही कहा कि इस संबंध में यदि विधायिका स्तर का संशोधन भी अपेक्षित हो तो उसका भी लीगल मार्गदर्शन प्राप्त कर लें। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि भोटिया और राजी जनजाति के लिए जनपद पिथौरागढ़ में एक एकलव्य आदर्श विद्यालय की स्थापना व सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी से संबंधित विषय का एजेंडा भी तैयार करें। मुख्य सचिव ने ग्राम्य विकास विभाग को सोशियो इकोनोमिक एंड कास्ट सेंसस डाटा के स्थान पर अन्य मानक व विकल्प बनाए जाने पर विचार करने का अनुरोध तैयार करने को कहा। उन्होंने आपदा प्रबंधन, ऊर्जा, पेयजल और सिंचाई विभाग को आपदा से क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों के मानक में संशोधन करते हुए धनराशि में बढ़ोतरी विषयक एजेंडा तैयार करने, परिवहन विभाग को रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम को मोदीनगर, मेरठ से हरिद्वार तक विस्तारीकरण किए जाने हेतु अनुरोध तैयार करने तथा टनकपुर- बागेश्वर एवं ऋषिकेश - उत्तरकाशी रेल परियोजना में सड़क निर्माण के प्रावधान का भी उल्लेख का एजेंडा तैयार करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग को मंडी शुल्क से संबंधित प्रकरण का एजेंडा भी तैयार करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### लाल किला कार विस्फोट के घायलों से मिलीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सोमवार देर रात लोक नायक अस्पताल में लाल किला कार विस्फोट में घायल मरीजों से मिले। उन्होंने यहां घायल का हाल जाना और डॉक्टरों और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि एलएनजेपी अस्पताल जाकर हादसे में घायल नागरिकों से मुलाकात की, उनकी स्थिति की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घायलों के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी न रहे और सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं तुरंत और पूरी तत्परता के साथ उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने लाल किले की घटना को अत्यंत पीड़ादायक और चिंताजनक बताया है। उन्होंने इस दुखद घटना में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा दिल्ली पुलिस, एनएसजी, एनआईए और एफएसएल की टीमें मिलकर पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हैं। उन्होंने सभी दिल्लीवासियों से अफवाहों से बचने और शांति बनाए रखने का निवेदन किया है। उन्होंने कहा कि केवल पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी पर ही विश्वास करें।

### राज्य की मंडियों में धान की आमद और खरीद 150 लाख टन के पार

**चंडीगढ़।** पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ के कारण पैदा हुई कठिनाइयों के बावजूद, राज्य की अनाज मंडियों में धान की आमद और खरीद 150 लाख टन के आंकड़े को पार करने में सफल हुई है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने मंगलवार को बताया कि धान के खरीद सीजन को सुचारू और निर्बाध रूप से पूरा करने के लिए पंजाब सरकार की सक्रिय पहल के कारण, 10 नवंबर तक 11 लाख से अधिक किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि पटियाला ज़िला अब तक 96,852 किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ प्रदान कर सबसे आगे है। किसानों को 34,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

### फिरोज़पुर में छह पिस्तौल बरामद, दो गिरफ्तार

**फिरोजपुर।** पंजाब में एक खुफिया जानकारी के आधार पर फिरोजपुर पुलिस ने मंगलवार को सीमा पार हथियार तस्करी के एक नेटवर्क का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरी और विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्की के तौर पर हुई है। पुलिस ने उनके पास से छह ग्लॉक 9 मिमी पिस्तौल, चार मैगज़ीन और चार कारतूस बरामद हुए हैं। डीजीपी यादव ने कहा कि प्रारंभिक जाँच से पता चला है कि आरोपी विक्रमजीत सिंह का अवैध हथियारों की तस्करी में शामिल एक पाकिस्तानी तस्कर के साथ सीधा संबंध था। उसके खुलासे पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो अतिरिक्त ग्लॉक पिस्तौल बरामद कीं। उसने अपने पाकिस्तानी आकाओं के निर्देश पर स्थानीय संपर्कों को हथियार सप्लाई करने की बात भी कबूल की। उसकी गिरफ्तारी से उसी सीमा पार नेटवर्क से एके-47 राइफल की खरीद से जुड़े एक पुराने मामले का भी पता लगाने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि ज़ब्त किए गए डिजिटल उपकरणों का तकनीकी विश्लेषण किया जा रहा है ताकि पूरी आपूर्ति श्रृंखला का पता लगाया जा सके जिसमें विदेशी संचालक और स्थानीय सहयोगी शामिल हैं।

### दिल्ली में ट्रैफिक अलर्ट : नेताजी सुभाष मार्ग पर यातायात रहेगा प्रतिबंधित

**नई दिल्ली।** लाल किला के पास सोमवार शाम कार में हुए विस्फोट की जांच के मद्देनजर आज राजधानी के कई इलाकों में वाहनों की आवाजाही प्रभावित रहेगी। नेताजी सुभाष मार्ग पर आवश्यक कारणों के चलते पुलिस ने दोनों कैरिज-वे और सर्विस रोड पर यातायात प्रतिबंध और डायवर्जन लागू किए हैं। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, छत्ता रेल कट से सुभाष मार्ग कट तक किसी भी दिशा में वाहनों को जाने की अनुमति नहीं होगी। यह प्रतिबंध सुबह छह बजे से अगले आदेश तक लागू रहेंगे। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे इन मार्गों से होकर यात्रा करने से बचें और वैकल्पिक रास्तों का प्रयोग करें, ताकि यात्रा में असुविधा न हो। ट्रैफिक पुलिस ने कहा है कि मौके पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है जो लोगों को उचित मार्ग के बारे में दिशा-निर्देश देंगे।

### नशीले इंजेक्शनों की खेप के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**हरिद्वार।** ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत बहादराबाद थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक हिस्ट्रीशीटर को नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित पूर्व में जेल जा चुका है तथा उस पर 13 मुकदमें दर्ज हैं। जानकारी के मुताबिक बहादराबद पुलिस चैकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान उन्होंने हिस्ट्रीशीटर सिन्टू पुत्र ऋषिपाल निवासी बहादराबाद, हरिद्वार पकड़ा। तलाशी लेने पर आरोपित के पास से लेजेसिक बूफोमाइसीन के 100 इंजेक्शन बरामद हुए। पकड़े गए हिस्ट्रीशीटर सिन्टू निवासी बहादराबाद, हरिद्वार के विरूद्ध थाना बहादराबाद में पूर्व में भी एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज है। पूछताछ में बताया कि बरामद नशीले इंजेक्शन पूर्व में थाना बहादराबाद से एनडीपीएस एक्ट में जेल गये आरोपित संजीत निवासी फ़ेरूपुर से 02-03 माह पूर्व सस्ते दामों में खरीदकर उन्हे रूडकी, हरिद्वार क्षेत्र में मंहगें दामो पर बेचता था। आरोपित पर पूर्व में 13 मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए आरोपित का चालान कर दिया है।

### वल्ला गांव की पहाड़ जैसी समस्याओं को समाधान का इंतजार

**उत्तरकाशी।** ब्लॉक डुंडा वल्ला गांव आज भी मुलभमूत सुविधा से वंचित हैं। यह गांव विकास से कोसों दूर है। इस गांव के ग्रामीण आज भी पक्की सड़क, शुद्ध पेयजल , संचार व्यवस्थाओं जैसे मुलभुत सुविधा से वंचित है। वहीं गांव के सामाजिक कार्यकर्ता हीरामणि भट्ट ने बताया कि हमारी सबसे बड़ी समस्या सड़क और संचार की है। वर्षों से अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन हर बार हमें सिर्फ आश्वासन दिया जाता हैं। बारिश के समय गांव का संपर्क पूरी तरह से टूट जाता है। गौरतलब है कि उत्तराखंड के दूरस्थ इलाकों में बसे गांवों की वास्तविक स्थिति आज भी चिंताजनक है। एक ओर हम देश में डिजिटल इंडिया की बात कर रहे है, वहीं उत्तरकाशी क्षेत्र का ओल्या गांव का वल्ला नामे तोक आज भी तक सड़क मार्ग से नहीं जुड़ पाया है। यह गांव विकास योजनाओं के कागज़ों में तो दर्ज है, लेकिन जमीनी हक़ीक़त इससे बिल्कुल अलग है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनाव निगरानी प्रणाली का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के दूसरे चरण के मतदान के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को अचानक जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वॉर रूम पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी की ओर से चल रही चुनाव निगरानी प्रणाली का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने जदयू कार्यालय का दौरा करते हुए एक-एक विभाग और चैंबर का स्वयं मुआयना किया। मुख्यमंत्री के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री विजय चौधरी भी मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में विजय चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद स्थिति का जायजा लेने पहुंचे हैं। जो रुझान मिल रहे हैं और कार्यकर्ताओं से जो सूचना आ रही है, वह बेहद उत्साहजनक है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पक्ष में हर क्षेत्र में जबरदस्त मतदान हो रहा है। पहले चरण की तरह इस बार भी खासकर महिलाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। पत्रकारों से बातचीत में विजय चौधरी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि तेजस्वी यादव कह रहे हैं कि वे 18 तारीख को शपथ लेंगे और 14 को परिणाम महागठबंधन के पक्ष में आएंगे। शपथ लेने से किसी को कोई नहीं रोक सकता, लेकिन बिहार के राज्यपाल शपथ नीतीश कुमार को ही दिलाएंगे। विजय चौधरी ने कांग्रेस के एक ट्वीट पर भी प्रतिक्रिया दी। जदयू उम्मीदवार की अनुपस्थिति में राजद को वोट देने की कांग्रेस की अपील के बारे में चौधरी ने कहा, ''कांग्रेस का यह बयान मानसिक रूप से दिवालिया और हास्यास्पद है। जिस पार्टी की अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं है, वह जदयू पर टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं है। नीतीश कुमार के जदयू कार्यालय पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल था। पार्टी सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने हर विधानसभा क्षेत्र से मतदान के रुझानों की लाइव रिपोर्ट ली और आगे की रणनीति पर चर्चा की।

## कपूरथला में 14 नवंबर को होगा लाइट एंड साउंड शो

कपूरथला। श्री गुरु तेग बहादर के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर पंजाब सरकार द्वारा 14 नवंबर को गुरु नानक स्टेडियम कपूरथला में आयोजित किये जा रहे 'लाइट एंड साउंड' प्रोग्राम के लिए जिला प्रशासन द्वारा जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। जिला उपायुक्त अमित कुमार पंचाल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव तूरा द्वारा आज गुरु नानक स्टेडियम में तैयारियों का जायजा लिया गया। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा गुरु तेग बहादर के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर कपूरथला के गुरु नानक स्टेडियम में 14 नवंबर को शाम पांच बजे से लाइट एंड साउंड शो होगा। उन्होंने कहा कि लगभग 45 मिनट के इस शो के माध्यम से गुरु साहिब के जीवन, दर्शन और उनकी शहादत के बारे में संगत को डिजिटल विधि से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि शो को सुचारू रूप से करवाने के लिए एसडीएम कपूरथला मेजर इरविन कौर को नोडल अफसर नामित किया गया है।

# पुलिस ने कार ड्राइवर की पहचान की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए धमाके की जांच में खुलासा हुआ है कि जिस हुंडई आई 20 कार में धमाका हुआ, वह मोहम्मद सलमान नाम के व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड थी। पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर गुरुग्राम पुलिस ने सोमवार रात सलमान को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में सलमान ने बताया कि उसने यह कार करीब डेढ़ साल पहले दिल्ली के ओखला निवासी देवेंद्र नाम के व्यक्ति को बेच दी थी। उसने यह भी कहा कि कार बेचने से जुड़े सभी कागजात गुरुग्राम पुलिस को सौंप दिए गए हैं, ताकि जांच एजेंसियों को आगे की कड़ी जोड़ने में मदद मिले। फिलहाल पुलिस की जांच देवेंद्र पर केंद्रित हो गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि देवेंद्र ने यह गाड़ी आगे हरियाणा के अंबाला में किसी व्यक्ति को बेच दी थी। फिलहाल अंबाला पुलिस उस खरीदार की पहचान में जुटी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि धमाके के वक्त गाड़ी किसके पास थी और कौन उसे दिल्ली लाया। हालांकि मामला पुलवामा के आतंकी तारिक से जोड़ कर भी देखा जा रहा है। इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्टि नहीं की है। घटना में चश्मदीद मोहम्मद फैजान ने बताया कि वह रिक्शा चलाक है। घटना के वक्त वह लाल किले पास सवारी को देख रहे थे। तभी पौने सात बजे तेज आवाज में धमाका हुआ। धमाके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। धमाके बाद कई गाड़ियों में आग लग गई थी। फैजान ने बताया कि सड़क पर लोगों के शव के टुकड़े पड़े थे। फैजान ने बताया कि लाल किले के पास हमेशा जाम लगा रहता है। यहां पुलिसकर्मी न के बराबर होते है। फैजान की मानें यहां अगर पुलिसकर्मी यहां मौजूद होते तो शायद इतने लोग घायल नहीं होते।

# प्रथम बार वोट देकर उत्साहित नजर आए युवा वोटर, शिक्षा और विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए किया वोट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। अररिया जिला के छह विधानसभा में बड़ी संख्या में प्रथम बार वोट करने वाले युवा वोटर शामिल हुए हैं। पहली बार मतदान करने वाले युवा वोटरों में मतदान को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में युवा मतदाता अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। पहली बार मतदान करने को लेकर युवा उत्साहित हैं और अच्छी शिक्षा व्यवस्था और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने के आधार पर लोकतंत्र की कड़ी को मजबूत करते हुए अपने पसंद के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। फारबिसगंज रामपुर उत्तर पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 136 पर युवा मतदाता मोहम्मद शाहनवाज, ललित कुमार यादव, राजा यादव, छोटू यादव, मोहम्मद रिजवान, आफताब ने जहां पहली बार मतदान किया।वहीं प्लस टू हाई स्कूल ली अकादमी के मतदान केंद्र संख्या 171 पर जुली कुमारी, नैंसी कुमारी, स्तुति कुमारी आदि ने पहली बार मतदान की प्रक्रिया में भाग लिया। वहीं मतदान केंद्र संख्या 170 पर युवा वोटर सोमा कुमारी, जूसी, मेनका, रामानुज, दिलशान आदि ने पहली बार मतदान करने के बाद कहा कि फारबिसगंज में उच्च शिक्षा व्यवस्था को लेकर शिक्षण संस्थाओं का अभाव है। इसके अलावे शहर में टाउन हॉल और इन्फ्रास्ट्रक्चर का भी अभाव है। किसी तरह का कोई सार्वजनिक पार्क और मैदान युवाओं के लिए नहीं है। मैदान जो भी है, उसे अतिक्रमित कर रखा है। विधि व्यवस्था और युवाओं के नशे में बढ़ते प्रकोप चिन्ता करने वाली है।

# उत्तराखंड में भी प्रशासन अलर्ट, बार्डर एरिया, चार धाम और अन्य प्रमुख मंदिरों व मठों की सुरक्षा बढ़ाई गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। दिल्ली विस्फोट के बाद उत्तराखंड हाई अलर्ट पर है। चारों धामों के साथ ही बार्डर एरिया में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक ने सभी जिलों को अलर्ट रहने के साथ ही संदिग्धों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। चार धामों के साथ ही अन्य मंदिर-मठों की सुरक्षा भी बढ़ाई गई है। सोमवार की शाम दिल्ली में विस्फोट की घटना के बाद उत्तराखंड में चौकसी बढ़ा दी गई है। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने सभी जिलों में सर्तकता बढ़ाने के साथ ही गहन चेकिंग अभियान के निर्देश दिए हैं। वहीं बार्डर एरिया उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़ में विशेष सुरक्षा अभियान चलाए जा रहे हैं। पुलिस सुबह से ही वाहनों की जांच-पड़ताल के साथ ही वाहन चालक के परिचय की भी जांच कर रही है। इसके अलावा यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ व बदरीनाथ मंदिर भी हाई अलर्ट पर हैं और अन्य मंदिर-मठों की सुरक्षा भी बढ़ाई गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रात को ही सुरक्षा सबंधी निर्देश जारी किए। इस पर पुलिस महानिदेशक ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को सर्तक रहने व गहनता से जांच करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने सोमवार रात से वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी है। आज सुबह से देहरादून के पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के निर्देश पर पुलिस शहर के प्रवेश द्वारों पर वाहनों की गहन जांच कर रही है। सीमांत जनपद उत्तरकाशी के पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय ने बताया कि पुलिस मुख्यालय देहरादून से इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। गंगोत्री यमुनोत्री की विशेष सुरक्षा के साथ ही जिले में एंट्री व एग्जिट प्वाइंट्स पर वाहनों की सघन जांच की जा जा रही है। इसके अलावा जनपद के सभी बॉर्डर, बैरियर प्वाइंट्स, होटल-ढाबा, बस अड्डों व संवेदनशील स्थानों पर पुलिस का चेकिंग अभियान जारी है। एसपी के निर्देशन में सभी पुलिस उपाधीक्षक, थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी क्षेत्र में गश्त और तलाशी अभियान में जुटे हैं। जिले के एंट्री व एग्जिट प्वाइंट्स पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सीमांत जनपद चमोली के पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह ने बताया कि सीमाओं पर चौकसी बढ़ाने के साथ ही नंदप्रयाग, ज्योर्तिमठ, चमोली, आदि स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा संदिग्ध पर भी पुलिस की पैनी नजर है। उधर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा देवेन्द्र पींचा ने सघन वाहन चेकिंग के आदेश जारी किए हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063